ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 13 जून 2024
वर्ष 34, अंक 137, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा 13

अजय देवगन फिर मचाएंगे धमाल 14


# दूसरा आतंकी भी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

जम्मू, एजेंसी



कठुआ के सैदा सुखल गांव में मोर्चा संभाले जवान। ● एजेंसी

- आतंकवादियों से मुठभेड़ में छह सुरक्षाकर्मी हुए घायल
- हथियार, गोला-बारूद, एक लाख नकदी जब्त

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में छिपे दूसरे आतंकवादी को भी सुरक्षा बलों ने 15 घंटे से अधिक समय तक चले अभियान में बुधवार को मार गिराया। इससे पहले मंगलवार रात एक आतंकवादी मारा गया था।

मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। अधिकारियों के अनुसार, सैदा सुखल गांव में दो आतंकवादियों को देखे जाने के बाद मंगलवार रात को शुरू हुए अभियान के दौरान जम्मू सांबा कठुआ रेंज के डीआईजी सुनील गुप्ता और कठुआ के एसएसपी अनायत अली चौधरी के वाहनों पर कई गोलियां लगीं लेकिन अधिकारी सुरक्षित बच निकले। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर स्थित चतरगला के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया, जिसमें राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट कठुआ के सैदा सुखल गांव में बुधवार अपराह्न पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया गया। बताया कि मंगलवार रात आतंकवादियों ने गांव में अंधाधुंध गोलीबारी की थी। जिसमें मध्य प्रदेश के निवासी सीआरपीएफ के जवान कबीर दास गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू क्षेत्र के एडीजी आनंद जैन ने कहा कि दो आतंकवादी जो हाल में सीमापार से घुसपैठ करके आए थे, रात आठ बजे (मंगलवार) के आसपास गांव में दिखाई दिए। एक आतंकवादी ने पुलिस दल पर हथगोला फेंकने की कोशिश की लेकिन मुठभेड़ में उसे मार गिराया गया। मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और एक लाख रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई है।

# खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75% पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट का पड़ा असर

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल, 2024 में 4.83 प्रतिशत और मई, 2023 में 4.31 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 8.69 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 8.70 प्रतिशत थी। कुल मुद्रास्फीति में फरवरी, 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 प्रतिशत थी और अप्रैल, 2024 में घटकर 4.8 प्रतिशत पर आ गई। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे। इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने 2024-25 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## निफ्टी नए उच्चस्तर पर, सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

**मुंबई/नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर मजबूती के संकेतों के बीच घरेलू बाजार में बिजली, पूंजीगत उत्पाद और औद्योगिक शेयरों में खरीदारी आने से बुधवार को निफ्टी ने अपना उच्चतम स्तर छुआ जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड स्तर से थोड़ा ही दूर रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 149.98 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 76,606.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 177.1 अंक यानी 0.76 प्रतिशत बढ़कर दिन में कारोबार के दौरान 23,441.95 के अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) बढ़कर 429.32 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

- बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा






## एक नजर

### राष्ट्रपति ने खारिज की आतंकी की दया याचिका

**नई दिल्ली।** करीब 24 साल पुराने लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्वारा 25 जुलाई 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद खारिज की गई यह दूसरी दया याचिका है। उच्चतम न्यायालय ने तीन नवंबर, 2022 को आरिफ की पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी थी।

### गैंगस्टर जयेश पुजारी पर अदालत में हमला

**बेलगावी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आलोक कुमार को धमकी देने वाले गैंगस्टर जयेश पुजारी ने बुधवार को कर्नाटक में बेलगावी जिला अदालत में पेशी के समय पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए।

# कुवैत में रिहाइशी इमारत में लगी भीषण आग, 49 लोगों की मौत

## हादसे में 50 से अधिक घायल, मरने वालों में 40 से अधिक भारतीय नागरिक

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- कुवैत के गृहमंत्री ने दिए घटना की जांच और इमारत के मालिक चौकीदार की गिरफ्तारी के निर्देश
- मगफ की छह मंजिला इमारत में एक ही कंपनी में काम करने वाले कई देशों के 195 श्रमिक रहते थे



कुवैत के मंगफ क्षेत्र स्थित छह मंजिला इमारत में आग लगने के बाद मौके पर आग बुझाने में लगीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां।

दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। मरने वालों में 40 से अधिक भारतीय हैं। बाकि पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्र, नेपाल के नागरिक थे। लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। आग कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नेट के मंगफ क्षेत्र में अल मंगफ नामक छह मंजिला इमारत की रसोई में लगी। इमारत में एक ही कंपनी के 195 मजदूर रहते थे। बचाव अभियान के दौरान पांच अग्निशमन कर्मी भी घायल हो गए।

कुवैत के गृह मंत्रालय के सामान्य आपराधिक साक्ष्य विभाग के प्रमुख मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान ने कहा कि हमें सुबह ठीक 6 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 8:30 बजे) मंगफ क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिली। मृतकों में अधिकतर केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के हैं जिनकी उम्र 20 से 50 साल के बीच थी। संबंधित इमारत को एनबीटीसी समूह ने किराए पर ले रखा था। कुवैत में भारतीय दूतावास ने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 965-65505246। जारी किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। कुवैत के गृहमंत्री शेख फहद ने घटना की जांच के साथ इमारत के मालिक तथा चौकीदार को पकड़ने के निर्देश दिए हैं।

### प्रधानमंत्री ने जताया शोक, हरसंभव सहायता के निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में आग लगने से कई भारतीयों की मौत के बाद एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। मोदी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मोदी ने प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने की भी घोषणा की। बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्र, एनएसए अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा आदि मौजूद थे।

### विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कुवैत रवाना

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह भीषण आग में झुलसे भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश लाने के लिए तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशानुसार, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह तत्काल कुवैत के लिए रवाना हो रहे हैं।

# हरदोई में बालू से भरा ट्रक झोपड़ी पर पलटा, 4 बच्चों समेत 8 की मौत

संवाददाता, मल्लावां/हरदोई



बिल्हौर-कटरा हाईवे पर झोपड़ी पर पलटा ट्रक। ● अमृत विचार

- सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहा था परिवार, जेसीबी की मदद से शवों को बाहर निकाला
- बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर 2 के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बुधवार तड़के बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मल्लावां कोतवाली के मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 के पास सड़क किनारे झोपड़ी में रह रहे एक परिवार पर बालू से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो पुरुष, दो महिला और चार बच्चे शामिल हैं। जेसीबी, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला गया। हादसे की खबर सुनते ही डीएम मंगला प्रसाद सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी मौके पर पहुंचे। डीएम ने बताया कि ड्राइवर अवधेश पुलिस की गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात दो बजे के लगभग बिल्हौर-कटरा हाईवे पर मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 निवासी अवधेश (45) पुत्र रामपाल, उसकी पत्नी सुधा (42), बेटी सुनैना (12), कोमल (7) व चार वर्षीय बुद्धू अपने डेरे (झोपड़ी) के बाहर चारपाई पर सोए हुए थे। जबकि पास में दूसरी चारपाई पर अवधेश की बेटी हीरो (25) उसका पति बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के कासुपेट निवासी करन (26) उसकी पुत्री बिट्टो (6) और 2 वर्षीय बेटा बिहारी सो रहे थे। इसी बीच बालू से ओवरलोड ट्रक चुंगी नंबर-2 स्पीड ब्रेकर के पास पहुंचते ही सो रहे लोगों के ऊपर पलट गया, सभी लोग बालू के नीचे दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और किसी तरह बिट्टो को खींचकर बाहर निकाला, लेकिन बाकी लोग दबे रहे। सूचना पर एसएचओ मल्लावां निर्भय सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जेसीबी व क्रेन की मदद से बालू हटवा कर ट्रक के नीचे दबे आठ लोगों को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस-108 से सीएचसी मल्लावां भेजा, लेकिन रास्ते में ही सभी की मौत हो चुकी थी। बिट्टो गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर ड्राइवर अवधेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचीं राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मृतकों के परिजनों को अधिक से अधिक राजकीय सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# निर्धारित समय में मिलेगा नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नपा में 7 व ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन तय

**अमृत विचार :** प्रदेश के लोगों को अब निर्धारित समय में नया बिजली कनेक्शन मिलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 3 दिन, नगर पालिका क्षेत्र में 7 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन की समय सीमा तय की गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 के तहत आदेश जारी किए हैं।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि कनेक्शन के लिए जहां बिजली लाइन बनाने की आवश्यकता नहीं है, वहां तय अवधि में कनेक्शन दे दिया जाए। वितरण लाइन के विस्तार या नया ट्रांसफार्मर लगाने के मामलों में 90 दिन के भीतर नया कनेक्शन दिया जाए।

### 29,820 मेगावाट पहुंची बिजली की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में बुधवार को फिर बिजली मांग का पिछला रिकार्ड टूट गया। अधिकतम मांग बढ़कर 29,820 मेगावाट पर पहुंच गई। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने यह मांग पूरी कर नया रिकार्ड बनाया। बिजली आपूर्ति के मामले में प्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में नंबर वन पर पहुंच गया है।

# दीवार गिरने से भाई-बहन समेत तीन की मौत

**बहराइच।** बुधवार तड़के रामगांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर माफी गांव में छत पर सो रहे पांच लोगों पर पड़ोसी मोहम्मद हुसैन के मकान की जर्जर दीवार गिर गई, जिसके मलबे के नीचे दबकर रहीश के पुत्र गुफरान (5), पुत्री मिसबा (3) और भांजे इमरान (10) की मौत हो गई।

गंभीर रूप से घायल रहीश (35) व उनकी पत्नी शरीफुन निशा (30) जिला अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के अनुसार, जिस मकान की दीवार गिरी, वह काफी पुराना व जर्जर है। मकान मालिक अपने परिवार सहित दूसरे गांव में रहता है।

# रायबरेली सीट छोड़ें या वायनाड

मलप्पुरम (केरल), एजेंसी

## दुविधा में राहुल



- कांग्रेस नेता ने कहा-मेरे फैसले से दोनों क्षेत्रों के लोग खुश होंगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह इस दुविधा में हैं कि उन्हें वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीट में से कौन सी छोड़नी चाहिए। गांधी ने 2024 के आम चुनाव में इन दोनों सीट पर जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि वह जो भी निर्णय लेंगे, दोनों निर्वाचन क्षेत्र के लोग उससे खुश होंगे। उन्होंने लोकसभा में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें चुनने के लिए वायनाड के लोगों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने यहां एक जनसभा में कहा कि मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं। लगातार दूसरी बार वायनाड लोकसभा सीट से जीत हासिल करने के बाद यह उनकी राज्य में पहली यात्रा है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई निर्देश नहीं मिलता कि क्या करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री अपने बारे में दावा करते हैं। दुर्भाग्यवश, मेरे पास यह सुविधा नहीं है क्योंकि मैं एक इंसान हूं।

### अखिलेश ने करहल विस सीट से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** सांसद बनने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। सांसद बने सपा के अन्य सात विधायक भी इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। कन्नौज सीट से सांसद बने अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से तो वहीं फैजाबाद सीट से सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट के इस्तीफा दिया।

# मोदी वाराणसी से जारी करेंगे किसान निधि की 17वीं किस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 को काशी में आभार यात्रा पर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

**अमृत विचार :** पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार कर रहे करोड़ों किसानों के लिए अच्छी खबर है। आभार यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश के करोड़ों किसानों को पीएम किसान की 17वीं किस्त देने वाले हैं। केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद नरेंद्र मोदी आने वाले मंगलवार को पहली बार वाराणसी आएंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान मोदी वाराणसी में किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह किसानों को सम्मानित करेंगे और किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करेंगे। जिससे काशी के लगभग 267,665 किसान लाभान्वित होंगे।

### मोदी जी-7 सम्मेलन में भाग लेने इटली जाएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सात शक्तिशाली देशों के समूह जी-7 की बैठक में शामिल होने के लिए गुरुवार की रात इटली जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को यहां एक ब्रीफिंग में कहा कि तीसरे कार्यकाल में मोदी की यह पहली विदेश यात्रा होगी।

# मां ने चार वर्ष के इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर जला दिया

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बेटे को लेकर पिता डॉक्टर के पास गया लेकिन नहीं बचा पाया
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी मां को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार :** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में मां ने चार वर्षीय इकलौते बेटे को फावड़े से काटकर आग के हवाले कर दिया। खेत से लौटे पिता ने किसी तरह बेटे को आग से निकाला और चिकित्सक के पास ले गया, लेकिन चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण राम अर्ज ने बताया कि गांव जलालपुर हसना निवासी कपिल कुमार की पत्नी आदेश ने बुधवार की सुबह अपने बेटे हर्ष उर्फ कल्लू को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। उसने शव को जलाने का प्रयास किया। महिला ने अपने बच्चे की हत्या क्यों की, अभी पता नहीं चल सका है। पूछताछ में महिला ने कोई कारण नहीं बताया है। मायके वाले महिला को मानसिक रूप से कमजोर बता रहे हैं जबकि पति इससे इनकार कर रहा है। पुलिस कई बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

### बेटे के शव को छूते ही पति को मारने दौड़ी

बच्चे के पिता कपिल ने बताया कि वह खेत से लौटा तो पता चला कि मेरी पत्नी ने बेटे को मार डाला है। आग में बेटे का शव रखा हुआ था। शव हटाने लगा तो पत्नी मुझे मारने के लिए दौड़ी। इस दौरान वह कह रही थी कि सबको मार दूंगी। सुबह ऐसी कोई बात नहीं थी। मैं नाश्ता करके खेत गया था। सब ठीक था, परिवार में कोई विवाद भी नहीं था।

> सूचना मिली थी कि हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में मां ने बच्चे की हत्या कर शव जलाया है। पुलिस मौके पर पहुंची। पिता की तहरीर पर बच्चे की मां के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। – **राम अर्ज**, एसपी ग्रामीण।

# संसद सत्र 24 जून से शुरू, 3 जुलाई को समाप्त

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई को समाप्त होगा। सत्र के पहले तीन दिनों में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और अगले पांच वर्ष के लिए नई सरकार के कामकाज का खाका प्रस्तुत कर सकती हैं। रीजीजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के आगामी सत्र में रचनात्मक बहस की अपील की और कहा कि देश सदन में अच्छी चर्चा देखना चाहता है।

# सरकारी स्कूलों को मिलेंगे 5,856 शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- 12,460 शिक्षक भर्ती में नियुक्त शिक्षकों को ऑनलाइन मिलेंगे विद्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित प्राथमिक विद्यालयों को जल्द ही 5,856 शिक्षक मिल जाएंगे। इसके लिए परिषद सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने 51 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों से निर्धारित प्रारूप पर नियुक्त शिक्षक अभ्यर्थियों का ब्योरा मांगा है। सभी शिक्षकों को ऑनलाइन विद्यालय आवंटित किए जाएंगे।

बता दें कि 12,460 शिक्षक भर्ती के सापेक्ष 5,856 शिक्षकों को विद्यालय में तैनाती दी जाएगी। ये वह शिक्षक हैं जिनका मामला न्यायालय में लंबे समय से अटका हुआ था। अब इनके पक्ष में निर्णय आने के बाद तैनाती के लिए सचिव ने तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों को उन विद्यालयों में तैनाती दी जाएगी। जहां पर पहले से शिक्षकों कमी है। इस संबंध में विद्यालयों की सूचना भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों की ओर से मांगी गई है।

> चयनित शिक्षक अभ्यर्थी जिनको नियुक्ति पत्र दिया गया है। उनको विद्यालय आवंटन की कार्यवाही राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। अर्ह अभ्यर्थियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर मांगी गई है। इसके लिए 15 जून तक का समय दिया गया है।
> –**सुरेन्द्र कुमार तिवारी**, सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद

### इन 51 जिलों में तैनात होंगे शिक्षक

फिरोजाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, मथुरा, बदायूं, पीलीभीत, फतेहपुर, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, ललितपुर, जालौन, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, अमेठी, अम्बेडकरनगर, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा, कानपुरदेहात, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, बलिया, शामली।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### योगी ने चंद्रबाबू और माझी को दी बधाई



लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर तेदेपा नेता चंद्रबाबू नायडू को और ओडिशा का मुख्यमंत्री बनने पर मोहन चरण माझी को बधाई दी। योगी ने दोनों को अपने ऑफिशियल अकाउंट 'एक्स' पर शुभकामनाएं दीं। योगी ने लिखा कि मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दोनों सरकारें लोगों की समृद्धि और बेहतरी की दिशा में काम करेंगी। इससे पहले, योगी बुधवार को ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री करेंगे कानून व्यवस्था पर समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एडीजी जोन, मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर, डीएम और एसपी से बातचीत करेंगे। बैठक में जिलों के सीडीओ और सीएमओ को भी मौजूद रहने को कहा गया है। मुख्यमंत्री के साथ शीर्ष अफसरों में मुख्यसचिव और डीजीपी भी मौजूद रहेंगे।

### सेवानिवृत्त कर्मियों की वेतन वृद्धि होने पर जताया आभार

लखनऊ : सेवानिवृत्त कर्मिकों को काल्पनिक वेतनवृद्धि दिए जाने के बाद, संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति, उप्र. ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों को धन्यवाद दिया है। समिति के सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने बुधवार को बताया कि समिति ने 28 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री से काल्पनिक वेतनवृद्धि की मांग उठाई थी, जिस पर आश्वासन भी मिला था, चुनाव के कारण निराकरण नहीं हो सका था, अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों की मांग को गंभीरता से लिया है और चुनाव संपन्न होने पर मांग पूरी की गई है।

# किफायती दर पर 5 हजार भूखंड देगा आवास विकास

## नई जेल रोड योजना : छह महीने में शुरू हो जाएगा पंजीकरण, दो हजार रुपये प्रति वर्ग फिट होगा रेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 137 से 300 वर्ग फिट के होंगे भूखंड, 300 एकड़ की है योजना



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते अपर आवास आयुक्त एवं सचिव और उप आवास आयुक्त।

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज की नई जेल रोड योजना में आवास एवं विकास परिषद आशियाना बनाने के लिए 5,000 भूखंड आवंटित करने जा रहा है। 137 और 300 वर्ग फिट के भूखंडों को मध्यम आय वर्ग को ध्यान में रखकर किफायती दर पर देने का खाका खींच लिया गया है। परिषद ने इसकी शुरुआती दर 2000 रुपये प्रति वर्ग फिट निर्धारित की है। परिषद ने अपनी संपत्तियों को बेचने के लिए मार्केटिंग सेल का गठन किया है। दर कम होने के बावजूद संपत्तियों के खरीदार न मिलने की समस्या को दूर करने के लिए विपणन में दक्ष एमबीए पास युवकों की संपत्ति प्रबंधक पद पर नियुक्तियां की जाएंगी। बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों पर मुहर लग गई।

आचार संहिता हटने के बाद बुधवार को आवास एवं विकास परिषद की 266वीं बोर्ड बैठक मुख्यालय के प्रशासनिक भवन में अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। आवास विकास मोहनलालगंज में नई जेल रोड स्थित भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या एक में 5,000 लोगों को भूखंड देगा। इसके लिए परिषद छह महीने में आवंटन शुरू कर देगा। बोर्ड बैठक के बाद आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि योजना में 137 वर्ग फिट से लेकर अधिकतम 300 वर्ग फिट के भूखंड रहेंगे। इनका रेट लगभग 2,000 रुपये प्रति वर्ग फिट होगा। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लैंड पूलिंग पर आधारित इस योजना में 50 एकड़ जमीन और जुड़ जाने से यह योजना 300 एकड़ की हो गई है। योजना के काश्तकारों और भू-स्वामियों को आपसी समझौते और लैंड पूलिंग स्कीम का भी विकल्प देने के लिए रखे गए प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी। बोर्ड बैठक में आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक महेश चन्द्र पांडे, मुख्य अभियंता डीवी सिंह, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक अनिल मिश्रा, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### एमबीए पास बेचेंगे आवास विकास की सम्पत्तियां

आवास विकास की खाली सम्पत्तियां नहीं बिक रही हैं। इसके लिए आवास विकास अब सम्पत्ति कार्यालयों में 10 प्रतिशत एमबीए पास सम्पत्ति प्रबंधक रखेगा। आवास विकास के सभी सम्पत्ति प्रबंध कार्यालयों में अभी एक सम्पत्ति प्रबंधक नियमित है। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि आवास विकास 11 सम्पत्ति प्रबंधकों की भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेज रहा है।

### खाली फ्लैट बेचने के लिए बनेगा मार्केटिंग सेल

आवास विकास की योजनाओं में लगभग 10,000 फ्लैट खाली हैं। इनमें आवास विकास का करोड़ों रुपये फंसा है। छूट देने के बाद भी इन सम्पत्तियों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि लखनऊ जोन, गाजियाबाद और मेरठ में सम्पत्तियों को बेचने के लिए आवास विकास मार्केटिंग सेल बनाएगा। इनमें आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी रखे जाएंगे। इससे खाली सम्पत्तियां बेचने में मदद मिलेगी।

### खाली फ्लैट पर छूट के साथ पंजीकरण खोलेगा परिषद

दो चरणों की सफलता के बाद आवास विकास खाली सम्पत्तियां बेचने के लिए छूट के साथ पंजीकरण खोलने जा रहा है। पहले चरण में आवास विकास ने 233 व दूसरे चरण में 194 खाली फ्लैट निकाले थे। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि लखनऊ में वृंदावन योजना, अवध विहार योजना और राजाजीपुरम योजना में आवास विकास के 4127 फ्लैट खाली हैं। गाजियाबाद में 3719 और मेरठ में 1488 फ्लैट खाली हैं। छूट के प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया।

### 5 वर्षों तक निर्माण न करने पर नहीं लगेगा अनिर्माण शुल्क

आवास विकास की योजनाओं में भूखंड आवंटित कराने के 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क नहीं लगेगा। 5 वर्षों से 10 वर्षों के बीच 5 प्रतिशत और इसके बाद 10 प्रतिशत अनिर्माण शुल्क लगेगा। यह जानकारी अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि 5 वर्षों तक अनिर्माण शुल्क शून्य है। अनिर्माण शुल्क एवं समयवृद्धि शुल्क के पुनर्निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया।

### सेवानिवृत्त सहायक अभियंता की होगी विभागीय जांच

गाजियाबाद की वसुंधरा योजना में तीन की जगह चार और पांच मंजिला निर्माण करवाने में सेवानिवृत्त सहायक अभियंता महेश कुमार के विरुद्ध विभागीय जांच गठित की गयी है। बोर्ड ने जांच संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया।

# सात वर्षों से नियुक्ति विभाग में जमे विशेष सचिव हटे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

| विशेष सचिव नियुक्ति धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया | आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्य कर का अतिरिक्त प्रभार | विशेष सचिव नियुक्ति का कार्यभार आईएएस विजय कुमार संभालेंगे |
|---|---|---|

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने बुधवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को आयुक्त राज्यकर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

आयुक्त राज्यकर मिनिस्ती एस. दो माह की छुट्टी पर गई हैं। विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर सात वर्षों से तैनात धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। यह पद काफी समय से खाली चल रहा था। वहीं, विशेष सचिव नियुक्ति का अब पूरी तरह कार्यभार विशेष सचिव खनन विजय कुमार संभालेंगे। उनके पास अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति का अतिरिक्त प्रभार था। अध्ययन अवकाश से लौटे डॉ. मन्नान अख्तर को विशेष सचिव खनन बनाया गया है।

आने वाले समय में पंचम तल से लेकर शासन स्तर तक के कई अधिकारियों को इधर से उधर किया जाना है। एक दर्जन से अधिक जिलों के डीएम को भी हटाए जाने की चर्चाएं हैं। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेदी के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से एनओसी भेज दी गई है।

केंद्र में तैनाती मिलने के बाद जल्द ही दोनों आईएएस अधिकारियों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

### आईएएस अभिषेक सिंह की वापसी पर रोक

इस बीच, 2011 बैच के आईएएस अभिषेक सिंह के नौकरी में दोबारा आने के प्रयास पर सरकार ने रोक लगा दी है। सरकार ने केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल एंड ट्रेनिंग द्वारा अभिषेक सिंह की सेवा में पुनः वापसी के प्रार्थना पत्र पर मांगी गई आख्या व सहमति को अस्वीकृत कर दिया है और अपनी संस्तुति भेज दी है।

# वृंदावन योजना में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर

## 10 हजार लोगों के बैठने की होगी क्षमता, हो सकेंगे बड़े आयोजन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह।

- देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए फाइव स्टार होटल भी बनाए जाएंगे

**अमृत विचार :** आवास विकास की वृंदावन योजना के सेक्टर 15 में 32 एकड़ भूमि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। इसमें 10 हजार लोगों के बैठने की क्षमता रहेगी। यहां प्रदर्शनी हॉल, ओपन एरिया और हेलीपैड भी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए फाइव स्टार होटल भी बनाए जाएंगे। यहां बड़े आयोजन हो सकेंगे।

यह जानकारी आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए कंसल्टेंट का चयन हो चुका है। मुख्यमंत्री को प्रस्तुतीकरण के बाद हरी झंडी मिलते ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। आवास आयुक्त ने बताया कि आवास विकास 905 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज चुका है। लगभग 1,000 करोड़ रुपये भूमि पर खर्च आएगा। कन्वेंशन सेंटर तक आने के लिए बेहतर कनेक्टिवटी मिलेगी। कन्वेंशन सेंटर से शहीद पथ और रायबरेली रोड की दूरी बहुत कम है। अवध विहार योजना में अवध शिल्प ग्राम तक जाने के लिए सीधी कनेक्टिवटी है। आने वाले समय में वृंदावन योजना में ट्रॉमा सेंटर के पास मेट्रो स्टेशन भी बन जाएगा।

### चार अधिशासी अभियंता बने अधीक्षण अभियंता

आवास विकास के चार अधिशासी अभियंताओं को चयन समिति ने अधीक्षण अभियंता के पद पर प्रोन्नति दी है। इनमें रमेश चन्द्र यादव, समर उपाध्याय, अजय कुमार मित्तल और प्रमोद कुमार सिंह शामिल हैं। ये चारों अधिशासी अभियंताओं के पास अधीक्षण अभियंता पद का प्रभार था। बोर्ड ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### खाली सम्पत्तियां बेचना प्राथमिकता

आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में लगभग 10 हजार सम्पत्तियां खाली हैं। इसमें आवास का करोड़ों रुपये फंसा है। जनता को आवास उपलब्ध कराने के साथ खाली सम्पत्तियों को बेचना परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आवास विकास अगले छह महीने में लखनऊ और अयोध्या में आवासीय योजनाएं शुरू करेगा।

### अयोध्या योजना को आपस में जोड़ेंगे तीन अंडरपास

आवास विकास भूमि विकास गृह स्थान एवं बाजार योजना अयोध्या को आपस में तीन अंडरपास जोड़ेंगे। इसके लिए लखनऊ अयोध्या गोरखपुर राजमार्ग पर एलिवेटेड हाइवे के स्थान पर अब तीन सड़कों पर अंडरपास बनाए जाएंगे। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने अनुमोदन प्रदान कर दिया। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि इससे पहले एलिवेटेड रोड बनाने का प्रस्ताव बोर्ड ने पास कर दिया था। इसके लिए धनराशि का भी प्रावधान कर दिया था। एनएचएआई की आपत्ति के बाद प्रस्ताव बदला गया है।

# नदियों-झीलों के किनारे ऐतिहासिक स्थलों पर होगा योगाभ्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर लोकभवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र।

- 15 से 21 तक हर जिले में किया जाएगा योग सप्ताह का आयोजन

**अमृत विचार :** इस बार सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए प्राचीन सांस्कृतिक पर्यटन स्थल, ऐतिहासिक महत्व के स्थानों, प्रमुख नदियों, झीलों, तालाबों के किनारे, सभी अमृत सरोवरों और प्रमुख नैसर्गिक सौन्दर्य वाले स्थलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग स्वयं एवं समाज के लिए' है। इसी थीम को लेकर उप्र. में 15 से लेकर 21 जून तक हर जिले में योग सप्ताह का आयोजन किया जाना है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में बुधवार को लोकभवन में 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों के प्रभारी मंत्रीगण की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। पहले दिन के समारोह में सांसद, मंत्री, विधायक, पार्षद, ग्राम प्रधानों और अन्य गणमान्य जन प्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाए।

उन्होंने कहा, सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों में संबंधित जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में योगाभ्यास होना चाहिये। मुख्य सचिव के अनुसार योगाभ्यास कार्यक्रम के लिए सभी स्कूलों की सफाई व्यवस्था करायी जाए। कार्यक्रम में छात्रों के बीच मिठाई, फल और पेयजल बंटवाया जाए।

### क्या है वाई-ब्रेक प्रोटोकाल

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष वाई-ब्रेक-योग एट ऑफिस चेयर प्रोटोकॉल, शुरू किया था। इसका उद्देश्य प्रोफेशनल्स को तनाव से छुटकारा दिलाने, उनके ऊर्जा स्तर को फिर से जीवंत करने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करना है। प्रोटोकॉल में आसन, प्राणायाम, और ध्यान शामिल है, जिसे आसानी से कुर्सी पर बैठकर भी किया जा सकता है।

### अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

बैठक में वाई-ब्रेक प्रोटोकाल के तहत मुख्य सचिव समेत मौजूद सभी अधिकारियों ने सीट पर बैठे-बैठे योगाभ्यास भी किया। बैठक में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी, प्रमुख सचिव परिवहन वेकेंटेश्वर लू, आयुक्त एवं सचिव ग्राम्य विकास गौरी शंकर प्रियदर्शी, सचिव महिला कल्याण बी. चंद्रकला, मंडलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# 1900 रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नति के लंबित पदों पर भी शुरू होगी प्रक्रिया

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस क्रम में पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 और पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में भी 154 पद रिक्त हैं, जबकि 289 पद भरे हुए हैं।

दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। ऐसे में फिलहाल लगभग 1900 रिक्त पदों पर भर्ती होनी है। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। यहां उन्होंने योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी करने का निर्देश देते हुए लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित करने को कहा। शासन की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र जारी किया जाए।

### लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए

शासन ने मोबाइल वेटेनरी यूनिट की कार्यप्रणाली में मिल रहीं शिकायतों पर विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए।

# पेंशन देने के लिए शुरू हुआ सत्यापन कार्य

- वृद्धावस्था, निराश्रित महिला, दिव्यांगजन और कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक भेजी जाएगी पात्रों के खाते में

**अमृत विचार, लखनऊ :** पात्रों को पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। 30 जून तक पात्रों के खाते में वृद्धावस्था, निराश्रित, दिव्यांगजन और कुष्ठ पीड़ितों को पेंशन का तिमाही भुगतान करना है।

बता दें कि 31 मार्च 2024 को समाज कल्याण विभाग ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 55 लाख 68 हजार 590 को भुगतान किया था। साथ ही, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं और 10.40 लाख दिव्यांगजनों को हर माह एक हजार रुपये की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को प्रतिमाह तीन हजार रुपये पेंशन दी जाती है।

अप्रैल में नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही लोगों ने पेंशन के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया था। मुख्यमंत्री ने भी 8 जून को बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को आदेश दिए थे कि 30 जून तक पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि पहुंच जाए। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आवेदनकर्ता पात्रों के आधार कार्ड से मिलान का काम चल रहा है। साथ ही आवश्यक दस्तावेज भी देखे जा रहे हैं। जो भी पात्र होंगे उनके खाते में पेंशन की राशि 30 जून तक पहुंच जाएगी।

# चित्रकूट, अयोध्या, विंध्याचल धाम तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- परिवहन निगम 5000 बसों के अनुबंध के लिए 14 को निकालेगा टेंडर
- प्रयागराज से लखनऊ और कानपुर के बीच भी इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी

**अमृत विचार:** प्रयागराज से 200 किलोमीटर परिधि के शहरों और तीर्थस्थलों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इसके लिए परिवहन निगम 14 जून को 5000 बसों को अनुबंधित करने के लिए टेंडर निकालेगा। अभी चल रही निगम की बसों की जगह वाराणसी, कानपुर, विंध्याचल धाम, चित्रकूट, अयोध्या और लखनऊ तक इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज के अलावा आगरा और गाजियाबाद क्षेत्रों से 200 किलोमीटर परिधि वाले जनपदों तक इलेक्ट्रिक बसें चलाने की योजना है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएंगी। चालक बस मालिक की ओर से रखे जाएंगे। परिचालक रखने का भी उनके पास विकल्प होगा। मालिक के न रखने पर परिचालक यूपीएसआरटीसी उपलब्ध कराएगी। इलेक्ट्रिक बसों का किराया अभी संचालित 3 गुणा 2 और 2 गुणा 2 सीटर एसी बसों के बराबर ही होगा। बसों के चार्जिंग की व्यवस्था डिपो में परिवहन निगम करेगा।

12 वर्षों तक बसों की मरम्मत के अलावा चालकों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी बस मालिक की होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि तीन प्रकार की बसों का अनुबंध किया जाएगा। इसमें 12 मीटर लंबी 2 गुणा 2 सीटर, 12 मीटर लंबी 3 गुणा 2 सीटर, 9 मीटर लंबी 2 गुणा 3 सीटर बसें शामिल रहेंगी।

# एमएसएमई पार्क स्थापित करने पर दें जोर : सचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक्सप्रेस-वे के आसपास की भूमि को चिह्नित करते हुए एमएसएमई पार्क स्थापित किए जाने पर जोर दें। साथ ही अन्य जिलों में भी खाली पड़ीं जमीनों की उपायुक्त उद्योग द्वारा तेजी से सूची बनायी जाए। ऐसे में निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराने में असानी होगी।

इस कड़ी में मंत्री ने निर्देश दिए कि राजकीय औद्योगिक स्थानों में रिक्त एवं अक्रियाशील भूखंडों को चिन्हित करते हुए नए उद्यमियों, निवेशकों को आवंटित करने की कवायद हो। राकेश सचान ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग से एमएसएमई विभाग की समीक्षा के मौके पर दिए।

# अयोध्या में ब्लैक कैट कमांडो करेंगे राम भक्तों की सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएसजी हब बनाने की तैयारी में गृह मंत्रालय
- देश का छठवां और प्रदेश का पहला एकीकृत हब बनाया जाएगा

**अमृत विचार:** अयोध्या जल्द ही नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का हब बनेगा। एनएसजी का यह देश का छठवां और प्रदेश का पहला हब होगा। गृह मंत्रालय ने यह निर्णय राम मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर लिया है। अभी परिसर की सुरक्षा एसएसएफ के हवाले है।

अयोध्या में राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद से लगातार यहां की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठते रहे हैं। इसके अलावा मंदिर को लेकर कई गंभीर इनपुट केंद्र सरकार को मिले भी हैं। दो बार पुलिस के टोल फ्री नंबर पर भी धमकियां आ चुकी हैं। ऐसे में सरकार की ओर से अयोध्या में नेशनल सिक्योरिटी गार्ड का एकीकृत हब बनाया जाएगा। अयोध्या में राम भक्तों की सुरक्षा एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो करेंगे। एनएसजी को अयोध्या में आतंकवाद विरोधी और अपहरण रोधी अभियानों का विशिष्ट दायित्व सौंपा जाएगा।

### भाजपा नहीं जीत सकी अयोध्या वालों का दिल

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एनएसजी हब पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा अच्छी बात है, लेकिन भाजपा ने अयोध्या वासियों का दिल नहीं जीता। अयोध्या में इवेंट और मार्केटिंग करने की जगह जो लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं, उनके लिए बेहतर व्यवस्था करनी चाहिए।

# ऑपरेशन कायाकल्प से 28,797 ग्राम पंचायतें दूर

**लखनऊ:** ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 28,797 ग्राम पंचायतों के विकास का खाका जिले अपलोड नहीं कर पाए। इसमें सबसे खराब प्रगति अलीगढ़, एटा, बागपत, आगरा व श्रावस्ती की है। सभी जिलों को निदेशक पंचायती राज ने चेतावनी दी है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत प्रदेश की सभी 57,691 ग्राम पंचायतों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश निदेशालय ने दिए हैं। इस प्रक्रिया से गांव में विकास संबंधित कार्य कराए जाने हैं, लेकिन रिपोर्ट 28,894 ग्राम पंचायतों की अपलोड की गई, जबकि 28,797 की निर्देश के बाद भी रिपोर्ट नहीं दी गई। निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने समीक्षा की तो सभी जिलों की लापरवाही सामने आई। इनमें सबसे कम एटा द्वारा 10 ग्राम पंचायत, अलीगढ़ 12, बागपत 13, आगरा 26 व श्रावस्ती की 26 ग्राम पंचायतों की रिपोर्ट फीड की गई। इन जिलों की खराब प्रगति निदेशक ने नाराजगी जताई और कार्रवाई की चेतावनी देकर तीन दिन में रिपोर्ट अपलोड करने का समय दिया है।

# चार और सीटें जीत रही थी कांग्रेस, सरकार ने हरवा दीं : अजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, साथ में नेता कांग्रेस विधानमंडल दल आराधना मिश्रा व अन्य।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रदेश की चार और सीटें जीत रही थी, पर प्रदेश सरकार ने ये सीटें हरवा दीं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनाव में इंडी गठबंधन को प्रदेश की जनता का असीम प्रेम व जनसमर्थन मिला। जनता ने भाजपा के 400 पार व प्रदेश में 80 सीटें जीतने के दावों को झुठला दिया। उन्होंने कहा कि वाराणसी सीट वह हार जरूर गए हैं, पर लोगों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में आए नीट परीक्षा के परिणामों पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में घोर निराशा छा गई है। अब तक पेपर लीक व परीक्षाओं पर सवाल प्रदेश में उठते थे, अब ये बीमारी केन्द्र तक पहुंच गई है। भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। बहुत सारे बच्चे अवसाद का शिकार हो गये हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन मजबूती के साथ जनता के मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने का काम करेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महंगाई एक बार फिर जनता को परेशान कर रही है। अरहर दाल का मूल्य 200 पार हो गया है। आटा भी महंगा हो गया है। कहा जा रहा है कि अब गेहूं भी बाहर से आयात करना पड़ेगा, एक बार फिर पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की कवायद शुरू हो गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, डॉ. सुधा मिश्रा भी मौजूद रहीं।

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने लगाया आरोप

### धन्यवाद यात्रा में शामिल होंगे घटक दल के नेता

कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा में इंडी गठबंधन के घटक दल के नेता भी शामिल होंगे। कांग्रेस पार्टी ने इस यात्रा में गठबंधन के सभी घटक दलों को पत्र लिखकर यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने बुधवार को सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल से मिलकर उन्हें धन्यवाद यात्रा में शामिल होने के लिए पत्र सौंपा। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेश शुक्ला भी मौजूद रहे।

# चोटिल कार्यकर्ता के गांव पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, परशदेपुर



घायल कार्यकर्ता से घटना के संबंध में जानकारी लेते प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र के ग्राम बारा में लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सपा कार्यकर्ता से मारपीट का मामला गर्मा गया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर सपा कार्यकर्ता से मुलाकात की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

पूरे बसावन गांव निवासी जीतेंद्र यादव का पैर लोकसभा चुनाव 20 मई को मतदान के दिन हुई मारपीट में टूट गया था। मामले में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सहित चार पर नामजद व 10-12 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हुआ है। दूसरे पक्ष से नीरज सिंह ने जीतेंद्र यादव सहित 5 लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। पूरे मामले का संज्ञान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लिया है। सपा मुखिया के निर्देश पर विधायक व पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, पूर्व एमएलसी सुनील सिंह यादव, सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी, सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव अपराह्न गांव पहुंचे और सपा कार्यकर्ता जीतेंद्र यादव से मुलाकात की। पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कहा कि सपा मुखिया ने हम सभी को यहां भेजा है। सब लोग आप के साथ हैं। उन्होंने एफआईआर की कॉपी देखी और कहा कि कार्यवाही के लिए पुलिस अधिकारियों से बात करेंगे।

सपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने कहा कि सूचना मिलते ही तत्काल मदद की गई। उन्होंने परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर वो तुरंत हर संभव सहायता करेंगे। इस मौके पर सपा नेता सुरेश निर्मल, पुत्तन सिंह यादव, चंद्रेश यादव, राम भवन यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

> कमाल अख्तर पुलिस के बड़े अधिकारियों से बात कर के आए हैं। अभी हम प्रशासन पर भरोसा करते हैं कि जितेंद्र यादव को न्याय मिलेगा। न्याय नहीं मिलेगा तो सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे।
>
> **-सुनील सिंह यादव, प्रतिनिधि मंडल के सदस्य**

### सीओ ने निष्पक्ष कार्यवाही का दिया आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल के आने की सूचना पर सीओ सलोन वंदना सिंह, सलोन कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह, डीह थानाध्यक्ष अरविंद सिंह, चौकी प्रभारी मोहित कुमार भी गांव पहुंचे। इस दौरान सीओ ने जीतेंद्र यादव से मुलाकात की और कहा कि मामले की जांच में सहयोग करें। जांच के बाद निष्पक्ष कार्यवाही की जाएगी।

# पारा 45 पार, 3 दिन से झुलसाने वाली गर्मी से लोग फिर परेशान

## गर्मी से जिले के अस्पतालों में लगातार बढ़ रहे बुखार व उल्टी-दस्त के मरीज, धूप से बचे

संवाददाता, ऊंचाहार



गर्मी के कारण ऊंचाहार नगर की सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** गर्मी से उछला पारा लोगों को परेशान कर रहा है। तीन दिन से झुलसाने वाली गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। बुधवार को पारा 45 डिग्री पर बना रहा। इस तापमान का अहसास लोगों को सुबह से ही होने लगा था।

सुबह 10 बजे से ही लू-लपट का दौर शुरू हो गया, दोपहर में सड़कें सूनसान हो गई। जो बाहर दिखा वह भी पूरी से तरह से अपने आपको ढककर निकल रहा है। शाम 6 बजे तक लोगों को गर्मी का अहसास होता रहा। सूरज ढलने के बाद लोगों को कुछ राहत मिली। उल्टी-दस्त से पीड़ित मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचने लगे हैं।

मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहने और धूप में घूमने से लोग लू के शिकार हो रहे हैं। वहीं, खाने-पीने में सावधानी नहीं बरतने से लोग उल्टी दस्त से पीड़ित होकर डॉक्टरों के पास पहुंच रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पताल में बुखार, उल्टी-दस्त के पीड़ित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। सूरज के आग उगलते तेवर व लू के थपेड़ों ने लोगों को हलाकान कर दिया है। क्षेत्र में गर्मी के तेवर कुछ इस कदर है कि दिन में भी बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। अधिकतम तापमान 45 व न्यूनतम 38 डिग्री सेंटीग्रेड पहुंच गया है। वहीं रात 8 बजे तक का तापमान 38 डिग्री रहा। गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। गर्मी के कारण बुधवार को नगर के मुख्य बाजार सहित शासकीय कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग भी पेड़ की छांव में सुस्ताते नजर आए। दूसरी ओर अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में गिरावट आने की संभावना नहीं है। दिनों दिन बढ़ते तापमान ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया है। मंगलवार का पूरा दिन गर्म हवाओं के नाम रहा।

### बरते सावधानी

इस मौसम में लोगों को गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को ढककर ही बाहर निकलना चाहिए। लू की अनदेखी नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह जानलेवा हो सकती है। लू लगने पर तेज बुखार, सिर दर्द, जैसे लक्षण उभरते हैं।

# सुनील साजन ने मनोज पांडेय पर कसा तंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** प्रतिनिधि मंडल में शामिल पूर्व एमएलसी सुनील साजन ने सपा के बागी विधायक मनोज पांडे के सवाल पर कहा कि उनकी सदस्यता जाएगी, उपचुनाव होगा। पार्टी सदस्यता लेगी, जनता उनको पूर्व विधायक बनाएगी। वही विधान भवन में मनोज पांडे के नाम लगी नेम प्लेट पर काली पट्टी लगाने के सवाल पर कहा कि कहां-कहां काली पट्टी लगाई जाएगी। जिन लोगों ने पार्टी के नेता को धोखा दिया है, जनता को धोखा दिया है, जिस जनता ने भाजपा के खिलाफ जनादेश दिया हो, साइकिल सिंबल से चुनाव जीते थे, भाजपा के खिलाफ जनता ने आपको जनादेश दिया था। आप उसी भाजपा की गोदी में जाकर बैठ गए। किस लिए बैठे यह सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि कभी पीएम ने कहा था गंगा मैया ने गोद लिया है अब गंगा मैया ने ही 5 लाख से डेढ़ लाख पर ले आई हैं। थोड़ी और ताकत लगाई जाती तो जो प्रत्याशी चुनाव लड़ते लड़ रहे थे उन्हीं से मोदी जी हार जाते।




प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# तबादला नीति को लेकर प्रदर्शन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मनमानी मंडलीय ट्रांसफर नीति के विरोध में बुधवार को बीओबी बैंक कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा।

रिजनल कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन कर ट्रान्सफर नीति बदलने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में कर्मचारियों ने पुरानी ट्रान्सफर नीति को लागू करने की माँग की है। कर्मचारियो का आरोप है कि उनके तबादले गलत तरीके से हो रहे है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव अभिषेक सिंह, ऑल इंडिया बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसिएशन के रायबरेली इकाई के कोर मेंबर जाह्नवी सिंह, अंकित अवस्थी, राहुल पटेल, विवेक कुमार, सतेंद्र सिंह, आशीष कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# महिला की फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**सलोन, रायबरेली।** सोशल मीडिया पर प्रेम जाल में फंसी एक विधवा महिला ब्लैकमेल का शिकार हो गई। आरोपी युवक ने कई सोशल साइट पर महिला की आपत्तिजनक जनक फोटो भी वायरल कर दी। पीड़ित महिला ने डीह थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। सलोन पुलिस ने आरोपी प्रेमी युवक को पकड़कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक डीह थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विधवा महिला की जान पहचान बीते वर्ष सोशल मीडिया के जरिये आशुतोष कश्यप पुत्र भोलानाथ कश्यप निवासी ग्राम बथुवाखास थाना गुरुबक्शगंज से हुई थी। इस बीच दोनो की जान पहचान नजदीकी में बदल गई थी।

# एसएसआई के खिलाफ धरने पर बैठा किसान

संवाददाता, ऊंचाहार



जिला कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठा पीड़ित।

**रायबरेली, अमृत विचार।** आगजनी की घटना को शांतिपूर्ण विरोध बताकर आख्या रिपोर्ट लगाने को लेकर किसान कोतवाली के एसएसआई के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया है। इसी गांव के एक अन्य परिवार विकास भवन में पहले से ही धरने पर बैठा हुआ है। दोनों मामलों में एसएसआई पर ही आरोप है।

क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल निवासी ललित कुमार बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए है। उनका आरोप है कि उनके घर को पड़ोसियों ने आग लगा दी थी जिसकी शिकायत उन्होंने कोतवाली समेत कई अधिकारियों से की। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब अधिकारियों ने शिकायती पत्र में आख्या रिपोर्ट मांगी तो कोतवाली के एसएसआई ने अपनी आख्या रिपोर्ट में आगजनी की घटना को शांतिपूर्ण विरोध बताकर कार्रवाई की इतिश्री कर ली। इस मामले को लेकर पीड़ित लगातार कोतवाली के चक्कर लगा रहा है।

# मंदिर के स्थापना दिवस पर 42वां भण्डारा आयोजित

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली



नेमुलापुर में आयोजित भंडारे में शामिल भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के नेमुलापुर मजरे कुम्भी स्थित संकट मोचन मन्दिर के स्थापना दिवस पर आयोजित 42वां भण्डारा सम्पन्न हुआ। भण्डारे का आयोजन ग्राम प्रधान अशर्फीलाल यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया गया। हर साल की तरह सुन्दरकाण्ड पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन एवं कन्याभोज से भण्डारे का शुभारम्भ किया गया जो पूर्वाहन 11 बजे से देर शाम तक चला। ग्राम प्रधान अशर्फीलाल यादव ने बताया कि भण्डारे का आयोजन सन 1982 से अनवरत रूप से चला रहा है, जिसमें ग्रामीणों का हमेशा सहयोग रहता है। इस मौके पर जालिम सिंह कोटेदार, शिक्षक संतोष कुमार, बंसीलाल, रामचन्द्र, योगेश यादव, रामप्रकाश, हरिचंद, बेचालाल, ज्वाला यादव, बलिकरन यादव, अंकित यादव, रामसेवक, फूलचंद, मिश्रीलाल, संतशरण, धनंजय वर्मा, हरि गोविंद मौर्य सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नाराज कोटेदार ने भाजपा नेता को पीटा

**लालगंज, रायबरेली।** भाजपा के किसान मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष मनीष त्रिवेदी को कुछ लोगों ने घर में घुसकर पीट दिया। मामले में मनीष त्रिवेदी ने नई बाजार लालगंज निवासी अनुज त्रिवेदी पुत्र विनोद कुमार और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ लालगंज कोतवाली में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। भाजपा नेता मनीष द्विवेदी ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि अनुज त्रिवेदी राशन कोटे की दुकान चलाता था। राशन वितरण के समय लोगों के साथ अभद्रता करता था और राशन कम देता था जिसकी शिकायत उसने जिला पूर्ति अधिकारी से की थी जिसके चलते अनुज त्रिवेदी का कोटा बर्खास्त हो गया।

# श्रद्धालुओं पर हमले को लेकर आतंकवाद का फूंका पुतला



शहीद चौक पर आतंक का पुतला फूंकते विहिप के कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** माता वैष्णो देवी के दर्शन को जाते समय जम्मू के शिवखोड़ी में आतंकियों द्वारा बस में किये गए हमले की वजह से बस पलटने के कारण 10 श्रद्धालुओ की मौत हुई थी। जिसको लेकर हिन्दू संगठनों पर जबरदस्त आक्रोश है। हमले के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों के लोगों ने नारबेजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध कड़े एक्शन लेने की मांग की।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### सूचना

सूचित हो कि **कमला देवी पत्नी कमलेश कुमार, निवासी- ग्राम बुढ़वलिया पोस्ट जहगिरवा तहसील करनैलगंज गोंडा** का एलआईसी में पालिसी संख्या 236842148 संचालित है जो गलत है। इसी तरह दूसरे बीमा पॉलिसी में नामिनी कांति देवी अंकित है। जिसकी पालिसी संख्या 276276736 है। जबकि आधार पर नाम कामती देवी पत्नी कमलेश कुमार दर्ज है। तीनों नाम की एक ही महिला है और पालिसी में अंकित नाम की महिला भी एक ही है। अतः तीनों नाम से जाना और पहचाना जाए।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 हरीलाल, निवासी- निबहरा, मसवानी, फतेहपुर** का का स्थायी निवासी हूँ मेरे मामा के लडके रामलाल पुत्र मुन्नीलाल की मृत्यु दिनांक 01.03.1994 को घर में हो गयी थी तथा मृतक की माता का नाम श्रीमती है जानकारी न होने के कारण मैं उपरोक्त मृतक की मृत्यु, मृत्यु पंजिका में दर्ज नहीं करा सका था। अतः मृत्यु पंजीकरण रजिस्टर में नाम व मृत्यु दिनांक दर्ज करके मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत करने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम रायबरेली द्वारा जारी पालिसी संख्या - 247440829 बीमा धन 10 लाख है, कहीं खो गई है। यदि किसी व्यक्ति को मिले तो मुझे यह पालिसी बांड वापस करने की कृपा करें। **महेश कुमार पुत्र गोपीचन्द्र, 1184 अहियापुर पो. रायपुर, जिला रायबरेली, मो.- 8957632019**

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आकाश के गलत चाल -चलन के चलते संबंध-विच्छेद कर समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वंय जिम्मेदार होगा। **दयाशंकर पुत्र मुन्नीलाल- निवासी- मानीकोठी - थाना- कुदरकोट- जनपद -औरैया।**

### NOTICE

I, Ram Singh son of Shri Kalika Prasad resident of Vill. Dena Post Umari, Sitapur do hereby solemnly affirm and declare as under:-It is informed that the correct name of my son is Anoop Raj son of Ramsingh. Which is mentioned in his educational records and birth certificate. Due to mistake, Anupam Raj has been mentioned in my son's Aadhaar card number 865066628483 which is wrong. In future, my son should be known and identified by the name Anoop Raj son of Ramsingh.

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जनार्दन पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम व पोस्ट रोखा तहसील सलोन, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे तीन पुत्र हैं। इनमें से अपने पुत्र निगम के गलत आचरण के कारण मैं व मेरा परिवार तंग आ गया है। मैने पुत्र निगम से सारे संबंध समाप्त कर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का मैं व मेरे परिवार का इससे कोई सरोकार नहीं होगा। मो.- 9161046315



## कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली

पत्रांक: 585/पं0/स्था0-द्वितीय/पंचायत सहायक/2024-25 दिनांक: 07/06/2024

### सूचना

निदेशक महोदय, पंचायती राज, प्रदेश के उत्तर पत्र संख्या-6/855/ 2022-6/203/2022-23 दिनांक-07.06.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से शासनादेश संख्या-269/ 33-3-2024 दिनांक 15 मार्च 2024 के क्रम में पंचायत सहायक/एकाउन्टेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के रिक्त पद पर चयन हेतु निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के माध्यम से रिक्त पदों के प्रचार-प्रसार हेतु विज्ञापन हिन्दी समाचार पत्रों में दिनांक- 10.06.2024 को प्रकाशित कराये जाने की अपेक्षा की गयी है, जिसके लिए निम्नवत् समय सारिणी निर्धारित की गयी है:-

| क्र0सं0 | चयन प्रक्रिया | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | भर्ती प्रक्रिया ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना, ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट एवं मुनादी द्वारा कराये जाने की अवधि | 12 जून 2024 से 14 जून 2024 |
| 2 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अवधि | 15 जून 2024 से 30 जून 2024 |
| 3 | जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय व विकास खण्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को राम्बन्धित ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराने की अवधि | 01 जुलाई 2024 से 06 जुलाई 2024 |
| 4 | ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करना एवं ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना एवं समिति द्वारा अनुमोदित श्रेष्ठता सूची को जिला स्तरीय समिति के विचारार्थ समिति के सदस्य सचिव (जिला पंचायत राज अधिकारी) को उपलब्ध कराये जाने की अवधि | 07 जुलाई 2024 से 14 जुलाई 2024 |
| 5 | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गतित समिति द्वारा परीक्षण संस्तुति | 15 जुलाई 2024 से 21 जुलाई 2024 |
| 6 | ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कराये जाने की अवधि | 22 जुलाई 2024 से 24 जुलाई 2024 |

विकास खण्डों से प्राप्त सूचना के अनुसार मृत्यु/त्यागपत्र / ग्राम पंचायत द्वारा कार्यवाही किय जाने इत्यादि कारणों से जनपद की कुल 86 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउन्टेंट-कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर के पद रिक्त हुए हैं।

पंचायती राज अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से निर्गत शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021 -989/2021 दिनांक-25.07.2021 द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक / एकाउन्टेंट- कम-डाटा इण्ट्री आपरेटर की नियुक्ति प्रतिमाह रू0 6000.00 संविदा पर एक वर्ष के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा की जायेगी। नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना ग्राम पंचायत के प्रधान द्वारा जारी की जायेगी जो ग्राम पंचायत के कार्यालय सूचना पट्ट पर प्रकाशित की जायेगी। सूचना के प्रसारण हेतु डुग्गी पिटवाकर मुनादी भी ग्राम पंचायत द्वारा की जायेगी।

**आवेदन की प्रक्रिया:-** निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचनाएं अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से अपनी ग्राम पंचायत अथवा विकास खण्ड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराया जाएगा। समस्त चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या-42/2021/1235/33-3-2021-989/2021 दिनाक- 25.07. 2021 में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप संचालित होगी।

(नवीन सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली।

**पंचायत सहायक रिक्त पदों की सूचना**

| क्र.सं. | जिला | ब्लॉक | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | Rae Bareli | AMAWAN | BUDHANPUR |
| 2 | Rae Bareli | AMAWAN | DAUDNAGAR |
| 3 | Rae Bareli | AMAWAN | DIDAULI |
| 4 | Rae Bareli | AMAWAN | GARHI KHAS |
| 5 | Rae Bareli | AMAWAN | Hilgi |
| 6 | Rae Bareli | AMAWAN | LALUPUR CHOHAN |
| 7 | Rae Bareli | AMAWAN | ONAIY JANGAL |
| 8 | Rae Bareli | BACHHARAWAN | Bhairampur |
| 9 | Rae Bareli | BACHHARAWAN | TAMANPUR |
| 10 | Rae Bareli | BACHHARAWAN | TILENDA |
| 11 | Rae Bareli | DALMAU | jagatpur kotaha |
| 12 | Rae Bareli | DALMAU | jamalnagar mohiuddinpur |
| 13 | Rae Bareli | DALMAU | khodaypur |
| 14 | Rae Bareli | DALMAU | PILKHA |
| 15 | Rae Bareli | DALMAU | RAIPUR THAPPA HAWELI |
| 16 | Rae Bareli | DALMAU | SAHMADA |
| 17 | Rae Bareli | DEENSHAH GAURA | PAYAGPUR MU. |
| 18 | Rae Bareli | DIH | BIRNAWAN |
| 19 | Rae Bareli | DIH | POTHAI |
| 20 | Rae Bareli | DIH | ROKHA |
| 21 | Rae Bareli | HARCHANDPUR | JOHWA SHARKI |
| 22 | Rae Bareli | HARCHANDPUR | KANDAURA |
| 23 | Rae Bareli | HARCHANDPUR | PAIDEPUR |
| 24 | Rae Bareli | JAGATPUR | DHOBAHA |
| 25 | Rae Bareli | KHIRON | ATARHAR |
| 26 | Rae Bareli | KHIRON | DONDEPUR |
| 27 | Rae Bareli | KHIRON | MERUI |
| 28 | Rae Bareli | KHIRON | PAHO |
| 29 | Rae Bareli | KHIRON | SAMRI |
| 30 | Rae Bareli | KHIRON | SATANPUR |
| 31 | Rae Bareli | KHIRON | Tikwa Mau |
| 32 | Rae Bareli | LALGANJ | BEMOURA MAHESH KHERA |
| 33 | Rae Bareli | LALGANJ | DHANNIPUR |
| 34 | Rae Bareli | LALGANJ | KUMHRAURA |
| 35 | Rae Bareli | LALGANJ | MAHA KHERA |
| 36 | Rae Bareli | LALGANJ | REWARI PASIYA KHERA |
| 37 | Rae Bareli | MAHRAJGANJ | DOMAPUR |
| 38 | Rae Bareli | MAHRAJGANJ | SULTANPUR |
| 39 | Rae Bareli | RAHI | BHADOKHAR |
| 40 | Rae Bareli | RAHI | JHAKRASI |
| 41 | Rae Bareli | RAHI | KHAGIPUR SADWA |
| 42 | Rae Bareli | RAHI | MULIHAMAU |
| 43 | Rae Bareli | RAHI | PREM RAJPUR |
| 44 | Rae Bareli | ROHANIA | GAGEHARA GULAL GANJ |
| 45 | Rae Bareli | ROHANIA | ITAURA BUZURG |
| 46 | Rae Bareli | ROHANIA | RAIPUR1 |
| 47 | Rae Bareli | SALON | REWAHARA |
| 48 | Rae Bareli | SALON | SHAHBAJPUR |
| 49 | Rae Bareli | SARENI | DHANPALPUR |
| 50 | Rae Bareli | SARENI | GAHRAULI |
| 51 | Rae Bareli | SARENI | GAJPATI KHERA |
| 52 | Rae Bareli | SARENI | GHURE MAU |
| 53 | Rae Bareli | SARENI | GOVINDPUR2 |
| 54 | Rae Bareli | SARENI | HATHNASA |
| 55 | Rae Bareli | SARENI | IBRAHIMPUR |
| 56 | Rae Bareli | SARENI | KANJAS |
| 57 | Rae Bareli | SARENI | KASHIKHEDA |
| 58 | Rae Bareli | SARENI | PAHURI |
| 59 | Rae Bareli | SARENI | RALPUR |
| 60 | Rae Bareli | SARENI | RAM KHERA |
| 61 | Rae Bareli | SARENI | RAMAIPUR KALA |
| 62 | Rae Bareli | SARENI | RANI KHERA |
| 63 | Rae Bareli | SARENI | SAGAR KHERA |
| 64 | Rae Bareli | SARENI | SOTAWA KHERA |
| 65 | Rae Bareli | SARENI | TEJ GAON |
| 66 | Rae Bareli | SARENI | USURU |
| 67 | Rae Bareli | SATAON | ATAURA KHURD |
| 68 | Rae Bareli | SATAON | BARAUWA |
| 69 | Rae Bareli | SATAON | DARIWA |
| 70 | Rae Bareli | SATAON | DEDAUR |
| 71 | Rae Bareli | SATAON | GOJHARI |
| 72 | Rae Bareli | SATAON | MANEHROO |
| 73 | Rae Bareli | SATAON | PADRI GANESHPUR |
| 74 | Rae Bareli | SATAON | PORAE |
| 75 | Rae Bareli | SATAON | PURWA PINDOR |
| 76 | Rae Bareli | SATAON | SARAI MUBARAK |
| 77 | Rae Bareli | SATAON | TIKRA |
| 78 | Rae Bareli | SHIVGARH | BAITI |
| 79 | Rae Bareli | SHIVGARH | GURHA |
| 80 | Rae Bareli | SHIVGARH | KHAJURON |
| 81 | Rae Bareli | UNCHAHAR | BABHANPUR |
| 82 | Rae Bareli | UNCHAHAR | Jasuali |
| 83 | Rae Bareli | UNCHAHAR | KAND RAWAN |
| 84 | Rae Bareli | UNCHAHAR | MURAR MAU |
| 85 | Rae Bareli | UNCHAHAR | Sarain Tula Ram |
| 86 | Rae Bareli | UNCHAHAR | SAWANPUR NEWADA |

## एक नजर

### रानी बाजार चौराहे पर मृत मिला युवक

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बहराइच जनपद से लापता व्यक्ति का शव रानीबाजार चौराहे पर पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। मंगलवार की सुबह घर से लापता थाना जरवल कस्बा क्षेत्र के नयापुरवा सिद्दीक नगर निवासी 34 वर्षीय मुख्तार अहमद का शव बुधवार को थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित रानी बाजार चौराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में देखा गया। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई तथा उसके शव को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी रामनगर भिजवाया गया। डाक्टरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मौजूद मोबाइल फोन से घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। अस्पताल पहुंचे उसके छोटे भाई राशिद ने बताया कि मंगलवार की सुबह अचानक उसका भाई घर से लापता हो गया था।

### ट्रैक्टर की चपेट में आया ई-रिक्शा, आधा दर्जन घायल

**सूरतगंज, बराबंकी, अमृत विचार :** सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा ट्रैक्टर के चपेट में आ गया। इस हादसे में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। तो कुछ लोगों को निजी अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो लोगों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। यह हादसा मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर स्थित रायपुर पंचायत के मोड़ के पास हुआ है। ट्रैक्टर मार्ग पार कर गांव के अंदर को जा रहा था तभी सूरतगंज की ओर से आ रहा, सवारियां भरा ई-रिक्शा ट्रैक्टर से टकरा गया। सूचना पर पहुंचे, उप निरीक्षक रघुवीर सिंह ने हादसे में घायल चार लोगों को अस्पताल भेजा। वहीं प्रताप ने अपने दोनों बच्चें कृष्णा, व रूपेश को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सुंदर व ई-रिक्शा चालक आमीन को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया है। जबकि हल्की-फुल्की चोट वाली सवारी को अन्य संसाधनों से घर भेजा गया है।

# पक्का घर देने की तैयारी शुरू, पहले होगा सर्वे

## प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत मिलेगा लाभ, लक्ष्य के आधार पर ब्लॉकों को मिलेगा आवंटन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद केंद्र की नई एनडीए सरकार द्वारा पात्रों को पक्का घर देने की घोषणा के बाद जिले में तैयारियां शुरु हो गईं हैं। हालांकि पात्रों को लाभान्वित करने के लिए जिले को अभी लक्ष्य नहीं दिया गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि एक माह के अंदर लक्ष्य मिल जाएगा। इससे पहले पात्रों को चिन्हांकन के लिए सर्वे का काम शुरु होगा। लक्ष्य आने के बाद 15 ब्लॉकों को आवंटित किया जाएगा। इस संबंध में शासनस्तर से मंगलवार को उच्चाधिकारियों द्वारा वीसी के माध्यम से दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। इसे सभी बीडीओ को अवगत कराते हुए अपनी ओर से सभी तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत पात्रों को तीन चरणों में एक लाख 20 हजार रुपये की धनराशि तीन किस्तों में दी जाती है। अभी तक 2011 की बेसलाइन सूची के तहत जिले के एक लाख से अधिक पात्रों को आवास का लाभ दिया जा चुका है। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत भी बाढ़ पीड़ितों को लाभ मिला है। इसके बाद भी लोगों के पास पक्के मकान न होने की मामले शासन-प्रशासन के सामने आते-रहते हैं। लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद केंद्र की नई एनडीए सरकार के गठन होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन करोड़ आवास देने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद शासन के निर्देश पर जिले में पात्रों को चिन्हित करने के लिए होने वाले सर्वे आदि के लिए तैयारियों को पूरा करने की बात कही गई है। बताया जा रहा है कि एक माह के अंदर पात्रों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास का लाभ देने के लिए लक्ष्य भी आ जाएंगे। जिसे 15 ब्लॉकों को आवंटित किया जाएगा। इससे पहल पात्रों को चिन्हित करने के लिए सर्वे का काम होना है। सर्वे के दौरान क्या-क्या होना इसकी तैयारी कैसे करनी है, इसे लेकर मंगलवार को शासन के उच्चाधिकारियों द्वारा वीसी के माध्यम से परियोजना निदेशक डीआरडीए को दिशा-निर्देश दिए गए है। इस वीसी में बताए गए बिंदुओं के बाद प्रभारी पीडी व डीडीओ भूषण कुमार ने सभी बीडीओ के साथ गूगल मीट के जरिए इसे साझा किया और आवास योजना की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। प्रभारी परियोजना निदेशक डीआरडीए व डीडीओ भूषण कुमार ने बताया कि ग्रामीण आवास को लेकर शासन से जो दिशा-निर्देश मिले हैं। उसे सभी बीडीओ के साथ साझा किया गया है। सर्वे कराकर पात्रों का चिन्हांकन किया जाएगा। जल्द ही लक्ष्य मिलेगा।

### पीएम शहरी आवास योजना के शुरु होंगे आवेदन

ग्रामीण आवास के साथ प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के भी आवेदन लिए जाएंगे हालांकि अभी इस संबंध में कोई निर्देश नहीं आए हैं लेकिन नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा अपनी ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि दो-तीन दिनों में निर्देश प्राप्त हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव से पहले विभागीय कार्यालय में आवास लेने के लिए आवेदन पड़े हुए हैं। निदेशालय से निर्देश के बाद पुराने और आने वाले नए आवेदनों की जांच कराई जाएगी। इसके बाद बजट के आधार पर अधिक से अधिक पात्रों को नए आवास देने की प्रक्रिया शुरु होगी। वहीं पिछले पांच सालों के अंदर डूडा द्वारा करीब 50 हजार पक्के घर की सौगात पात्रों को दी जा चुकी है। शहरी योजना के तहत तीन किस्तों में ढाई लाख रुपये की धनराशि मिलती है। पहले और तीसरी किस्त के रुप में 50-50 हजार तो दूसरी किस्त के रुप में डेढ़ लाख की धनराशि खातों में भेजी जाती है। पीओ डूडा सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि दो-तीन दिनों में नए पात्रों को आवास देने संबंधी दिशा-निर्देश मिलेंगे। इसके बाद आवेदन लिए जाएंगे। पुराने आवेदनों की भी जांच कराई जाएगी।

### 5.22 लाख से अधिक किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

केंद्र सरकार के गठन के अगले ही दिन पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर कर दिया है। इससे जिले के पांच लाख 22 हजार 479 पंजीकृत पात्र किसानों के खातों में छह-छह हजार रुपये की सम्मान निधि खटाखट पहुंचने की आश जग गई है। सम्मान निधि को लेकर उपकृषि निदेशक कार्यालय द्वारा जरुरी कागजी कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार जल्द ही इन किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की धनराशि पहुंचेगी। उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि सम्मान निधि योजना को लेकर सभी तैयारी पूरी है। यह धनराशि सीधे पात्र किसानों के खातों में हमेशा की तरह पहुंचेगी।

# ट्रक ने बाइक सवार महिला को रौंदा, मौत

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बुधवार को जिले के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गम्भीर रूप से घायल है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

पहले हादसे में पति पत्नी बाइक से दवा लेने जा रहे थे। इस बीच पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से महिला ट्रक के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर कोतवाली



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

क्षेत्र के ग्राम भुंडवा निवासी अशोक कुमार वर्मा (40) अपनी पत्नी अर्चना वर्मा (35) के साथ बुधवार को बाइक से फतेहपुर दवा लेने के लिए जा रहा था। फतेहपुर भगौली मार्ग पर ग्राम कटघरा के निकट पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से पीछे बैठी अर्चना ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति अशोक कुमार कुछ दूर तक बाइक से साथ रगड़ता हुआ चला गया। जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**▸▸ अन्य हादसे में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला**

जबकि दूसरा हादसा भगौली क्षेत्र में हुआ। जहां कासियापुर के निकट अज्ञात वाहन एक साइकिल सवार युवक को कुचल कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# पुलिस मुठभेड़ में दस हजार का इनामी गिरफ्तार

रामसनेही घाट, बाराबंकी

**▸▸ बदमाश ने पुलिस टीम पर किया फायर**

**▸▸ मुठभेड़ के दौरान बाएं पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह लूट के मामले में फरार चल रहे दस हजार के इनामी बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गोली लग गई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तमंचा बरामद कर लिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अखिलेश नारायण सिंह ने बताया है कि रामसनेहीघाट के भुडेहरी गाने निवासी अपराधी घोषित गोविन्द पर 10 हजार का इनाम घोषित था। वह लूट के मामले में फरार चल रहा था। मंगलवार रात कोटवा सड़क के पास से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने के बाद उसने पुलिस को बताया कि तमंचा



मुठभेड़ में घायल बदमाश। अमृत विचार

जंगल में छुपाया है। बुधवार सुबह पुलिस बनीकोडर से ठठेहरा जाने वाली रोड के पास स्थित जंगल में तमंचा बरामदगी के लिए गोविन्द को लेकर गई थी। जहां तमंचा मिलते ही गोविन्द ने पुलिस पर फायर झोंक दिया और भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में गोविन्द के बाएं पैर में गोली लगी और वह घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। घायल गोविन्द को सीएचसी रामसनेहीघाट लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने एक तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त गोविन्द पर बाराबंकी व अयोध्या जिले में लगभग 11 मामले दर्ज हैं। पुलिस आगे की करवाई नियमों के अनुसार कर रही है।

### ट्रक वालों के साथ मारपीट कर करते थे लूटपाट

पुलिस के मुताबिक अभियुक्त गोविन्द और उसके साथी लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर अक्सर ट्रक वालों के साथ मारपीट करके लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। गोविन्द के ऊपर लूट करने के साथ ही आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर सहित 11 मुकदमे रामसनेहीघाट सहित विभिन्न स्थानों में दर्ज हैं। इसके ऊपर गैंगस्टर भी लगा है। इस गिरोह के कई साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। पुलिस अधीक्षक द्वारा गोविन्द को पकड़ने के लिए 10 हजार का इनाम भी घोषित किया था। काफी प्रयास के बाद पुलिस इसे पकड़ने में कामयाब हो सकी है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर सीओ जटाशंकर मिश्रा भी पहुंचे और जांच पड़ताल की।

# 118 पंचायत सहायकों के भरे जाएंगे पद, 30 तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**▸▸ भर्ती प्रक्रिया शुरू, मेरिट लिस्ट के आधार होगा चयन**

**अमृत विचार :** जिले में रिक्त चल रहे ग्राम पंचायत सहायक के 118 पदों को भरने की प्रक्रिया पंचायत राज विभाग ने तेज कर दी गई है। 15 से 30 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। विभाग ने इसकी सूची निदेशालय को भेज दी है। मेरिट लिस्ट के आधार पर पात्रों का चयन किया जाएगा।

पंचायती राज विभाग ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए 2021 में जिले की 1154 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की भर्ती की थी। इसके बाद ग्राम पंचायतों में तैनात 118 पंचायत सहायकों ने दूसरी जगह काम मिलने, पढ़ाई के चलते या फिर अन्य कारणों के चलते नौकरी छोड़ दी। इससे जिले के विभिन्न ब्लॉकों में पद खाली हो गए। बीते दिनों शासन ने डीपीआरओ को रिक्त पदों को भरने के लिए आदेश का पत्र भेजा था। इसके बाद जिले में रिक्त पदों पर इनकी भर्ती की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

भर्ती प्रक्रिया को लेकर जारी समय सारिणी के अनुसार 15 से जून तक डीपीआरओ कार्यालय, ब्लॉक या फिर ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेजन जमा कर सकते हैं। इसके बाद सात से 14 जुलाई के बीच आवेदनों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। जिसे ग्राम पंचायत की प्रशासनिक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके यह समिति सूची पर अनुमोदन कर उसे जिलास्तरीय समिति के सामने रखेगी।

### ब्लॉकवार रिक्त पद वाली ग्राम पंचायतें

- **बनीकोडर**- भवनियापुर, भुंडेरी नरायनपुर, डिगसरी, फतेहगंज, जरौली, मोहम्मदपुर उपाध्याय, रसूलपुर, सड़वाभेलू, सूरजपुर।
- **बंकी**- बस्ती, जसमंडा।
- **दरियाबाद**- अद्रा, बिबियापुर, कमौली, मंझेला, मियांगंज, नियामतपुर, सरांय रज्जन।
- **देवा**- कैथी, करौंदा, खेवली, पीरनगर, शेषपुर, तिंदोला।
- **फतेहपुर**- औरंगाबाद, बरावां, ईसेपुर, जगसंडा, खांसीसरांय, मदनपुर, सफीपुर, संदूपुर, सरवां।
- **हैदरगढ़**- बेहटा, हरपालपुर, कमेला, मोहम्मदपुर, मुस्तफाबाद, सरायं रावत, थलवारा, टिकरहउवा, उमरावत क्रिसिया।
- **हरख**- बलछत, भगवान, चियारा, दौलतपुर, गढ़ी राखमऊ, हरख, टेसुवा सलेमचक, टिकरा मुर्तजा।
- **मसौली**- अंबौर, चंदवारा, प्यारेपुर सरैयां, वाजिदपुर।
- **निंदूरा**- अगासंड, बड्डूपुर, बजगहनी, गोडैंचा, खरिहानी, निंदूरा, परवरभारी।
- **पूरेडलई**- अतरसुईयां, बांसगांव, बादशाहपुर, कमियार, खजूरी, खेतासरांय, मांझारायपुर, नियामतपुर, विद्यानगर।
- **रामनगर**- दतौली, लहड़रा, मलौली, मीतपुर, निजामपुर।
- **सिद्धौर**- अरूई, चांदूपुर, जमालपुर, कोठी, मंसारा, मोहम्मदपुर चंदीसिंह, मरलीगंज, निकटा सरैयां, सालभारी, सोहावन।
- **सि.गौसपुर**- औलियालालपुर, ददरौली भवनियापुर, धसरिया, जगदीशपुर, कटका, खजुरिया, खालसापुर, खुदरामऊ, किशुनदासपुर, मधवापुर, मीरापुर, सैदरपुर, तारापुर गुमान, ठाकुरपुर
- **सूरतगंज**- बभनवां, बरैया, गगौरा, जगतपुर, करनपुर, लालपुर करौता, मधवाजलालपुर।
- **त्रिवेदीगंज**- चंदरौली, बेलहारी, लाही, मंझुपुर, नरदही, सहावर, शिवनाम, त्रिवेदीगंज।

### चोरी के समान के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अभियान के तहत बुधवार को सफदरगंज पुलिस टीम ने सूचना पर जनपद रायबरेली के थाना क्षेत्र शिवगढ़ ग्राम राजापुर निवासी विजय सिंह उर्फ विज्जू उर्फ विमल सिंह को कल्याणी नदी के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी किए गए चार बंडल लोहे के तार एक अल्टरनेटर वह घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त विजय अपने अन्य साथियों राजकुमार उर्फ ननके तिवारी धर्मराज उर्फ छोटकन्ने तिवारी निवासी जड़वापुर थाना क्षेत्र टिकैतनगर के साथ मिलकर 10 जून को सफदरगंज के एक कोल्ड स्टोर के पास मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## सार-संक्षेप



समरकैंप में मौजूद बच्चे, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री व अन्य। अमृत विचार

### समर कैंप में बच्चों की होगी मौज मस्ती

**सतरिख बाराबंकी : अमृत विचार,** बाल विकास परियोजना विभाग व इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग के सहयोग से विकासखण्ड हरख में 'समर कैम्प' का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों के दौरान 3 वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न मनोरंजक गतिविधि के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चे, अभिभावक, आईसीडीएस की मुख्य सेविका पारा अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री क्रांति वर्मा हरख प्रथम, विमला देवी, नीलम देवी और माया देवी, आंगनवाड़ी सहायिका पुष्पा देवी सम्मिलित हुए। इस समर कैम्प के तहत बच्चों के साथ बालगीत, कहानी सुनना एवं सुनाना, विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां जैसे ऑरिगमी, छाप लगाना, मिट्टी के खिलौने बनाना एवं अन्य रुचिकर खेल गतिविधि संचालित किया जा रहा है। बच्चों एवं अभिभावकों ने पूरे रुचि के साथ गतिविधियों में शामिल हुए। इस समर कैंप को आयोजित करने एवम संचालित करने में आईपीईएल संस्था ने सहयोग किया एवम संचालन के दौरान आईपीईएल परियोजना से प्रगति राज उपस्थित रही।



रामसनेहीघाट के महाराजगंज में हो रही अवैध प्लाटिंग। अमृत विचार

### बगैर ले-आउट पास कराए प्लॉटिंग पर होगी कार्रवाई

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र में ले आउट पास कराने का दावा कर लोगों को जमीन का सपना दिखाने वाले ठगों की अब खैर नहीं है। ऐसे प्लॉटिंग करने के वालों के खिलाफ अब उचित कार्रवाई होगी। नगर पंचायत कार्यालय जल्द ही ऐसे इलाकों में सर्वे कराने जा रहा है। जहां पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट से लेआउट पास कराए बिना अवैध तरीके से प्लॉटिंग करने की प्लॉनिंग कर रहे हैं। यह बात बुधवार को नगर पंचायत रामसनेहीघाट अधिशाषी अधिकारी धीरज सिंह ने कहीं। उनके मुताबिक अगर कोई प्लॉटिंग करता है तो उसे नियमत: नगर पंचायत कार्यालय से लेआउट पास कराना जरूरी होता है। लेकिन बहुत से लोग ऐसा नहीं कर रहें हैं। यह लोग ग्राहकों को गुमराह और ठगी करने के मकसद से अपनी योजना का नक्शा नगर पंचायत से पास होने का झूठा दावा करते हैं। ऐसे गुमराह करने वालो पर कर्रवाई होगी। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव ने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की अवैध प्लॉटिंग की शिकायत आती है। तो नगर पंचायत अधिकारी से बात करके उसे नोटिस भेज कर उचित करवाई करवाई जाएगी। रामसनेहीघाट नगर पंचायत में लगभग आधा दर्जन से अधिक प्लॉटिंग अवैध रूप से हो रही हैं। नगर पंचायत के बिना अनुमति के हो रहे प्लॉटिंग पर अधिशाषी अधिकारी ने नोटिस जारी करने की बात कही है।

### सीतापुर के मजदूर कर रहे थे खोदाई, जांच शुरू

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** मनरेगा के तहत अमृत सरोवर तालाब में बाहरी मजदूरों के द्वारा खोदाई का कार्य कई दिनों से कराया जा रहा था। मामले की शिकायत जिले के अफसरों तक होने के बाद कार्य को रुकवा दिया गया है और जांच के आदेश दिए गए हैं। विकास खंड बंकी के बरौली ग्राम पंचायत में स्थिति अमृत सरोवर तालाब में मनरेगा के तहत सीतापुर के मजदूरों के द्वारा कई दिनों से खोदाई का कार्य मानकों को दरकिनार करते हुए ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के द्वारा कराया जा रहा था। कुछ ग्रामीणों के द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी से लेकर खंड विकास अधिकारी तक शिकायत की गई, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और खोदाई का कार्य चलता रहा। बुधवार को कुछ ग्रामीणों के द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय से लेकर डिप्टी कमिशनर मनरेगा से शिकायत की गई। उसके बाद हरकत में आए ब्लॉक के अधिकारीयों के द्वारा काम को आनन फानन में बंद करा दिया गया और जांच के आदेश दिए गए हैं। दो दिन पहले इसी ग्राम पंचायत में बिना कार्य योजना के चकमार्ग की पटाई जेसीबी मशीन से करा दी गई थी। जबकि चकमार्ग पटाई का कार्य मजदूर ही कर सकते हैं। ग्रामीण नीरज कुमार, मैकुलाल, मोल्हे व गुड्डू का कहना है कि यदि सही तरीके से जांच हो जाए तो कई लोगो की गर्दन फंसना तय है। वहीं डिप्टी कमिशनर मनरेगा ब्रजेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि तालाब पर काम बंद करा दिया गया है। इसकी जांच कराई जाएगी। जांच के बाद दोषी लोगो पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरों ने तीन बकरियों पर किया हाथ साफ

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर के बाहर बंधी चोरों ने तीन बकरियों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह बकरियां न मिलने पर घर के लोगों के होश उड़ गए। फिलहाल पुलिस घटना से इनकार कर रही है।

सतरिख थाना क्षेत्र के सराय अकबराबाद गांव के मजरे तकिया गांव निवासी शहीर आलम की तीन बकरियां घर के बाहर बंधी थीं। रात में अज्ञात चोर बकरियां चोरी कर ले गए। सुबह बकरियां न मिलने पर घर के लोगों के होश उड़ गए। इसके पहले भी उधवापुर गांव और पाचसी गांव के पास से दर्जनों बकरियां चोरों के द्वारा चोरी की जा चुकी हैं। जिसके चलते बकरी चोरों का खौफ पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है।

# लखनऊ के अदनान ने खरीदा 1.60 लाख का बकरा

## बकरीद 17 को मनाई जाएगी, बकरा मंडी में उमड़ने लगी भीड़, खरीदारी हुई तेज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा (बकरीद) की तैयारी तेज हो चुकी है। शहरवासी कुर्बानी की तैयारियों में जुट गए हैं। जिले में लगने वाले बकरा मंडियों में कुर्बानी के लिए बकरों की खरीददारी तेज हो गई है। सस्ते और अच्छे बकरों की चाह में लोगों ने गांवों की दौड़ भी लगानी शुरू कर दी है। फतेहपुर कस्बे में तो लगने वाली साप्ताहिकी बकरामंडी में बुधवार को दिलशाद का एक जोड़ी बकरा एक लाख 60 हजार रुपये की कीमत में बिका।

जिले भर में बकरीद के पर्व को लेकर बकरों को खरीदने के लिए लोग बकरामंडी पहुंच रहे हैं। सस्ते और अच्छे बकरों को देखकर कर पसंद आने पर खरीदने के लिए पेशगी यानी एडवांस में रकम भी दे रहे हैं। बकरीद में कुर्बानी का सिलसिला 17 जून से शुरू हो जाएगा। बताते चलें कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम की अजीम कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। बकरे के व्यापारी छुटक्नने की मानें तो बाजारों में अब बकरों को बकरीद के लिए रोका जाने लगा है। बस बाजार की मांग के हिसाब से ही बकरे लाए जा रहे हैं। बाकी कुर्बानी के बाजार के लिए रखे गए हैं। कुछ दिन बाद इन्हीं बकरों के अच्छे दाम मिलने लगेंगे। बकरीद पर्व को लेकर जिले के फतेहपुर, रामनगर, रामसनेहीघाट, हैदरगढ़ और सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्रों में लगने वाली बकरामंडियों में खरीददारों की भीड़ देखी जा रही है।



फतेहपुर में लगी बकरा मंडी। अमृत विचार

### अन्य जिलों से भी आ रहे खरीदार

**फतेहपुर, बाराबंकी :** ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर कस्बे में लगने वाली बकरा मण्डी में काफी भीड़-भाड़ रही। दूर दराज से आये लोगो ने कुर्बानी के लिए बकरों की खरीदारी की। इस दौरान कस्बे के दिलशाद का एक जोड़ी बकरा सबसे महंगा 1 लाख 60 हजार की कीमत का बिका। आगामी 17 जून को ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व है। बकरीद पर्व से पूर्व कस्बे के ईदगाह रोड के पास लगने वाली बुध बाजार मे काफी भीड़-भाड़ रही। इस बाजार में बकरों की खरीद करने के लिए लखनऊ, सीतापुर, महमूदाबाद, देंवा, रामनगर, बाराबंकी, कानपुर, बिसंवा, उन्नाव आदि कई शहरों से लोग पहुंचे और बकरों की सेहतानुसार खरीददारी की। वहीं कस्बा फतेहपुर दिलशाद के जुड़वा बकरे सबसे महंगी कीमत 1 लाख 60 हजार रूपये का बिका जिसको लखनऊ निवासी अदनान खान ने खरीदा। वहीं बकरे की खरीद के लिए पूरे दिन खरीददारों की भारी भीड़ रही।

**समस्या** — ओपीडी में प्रतिदिन आते हैं ढाई से तीन सौ तक मरीज, इलाज मिलने में हो रही देरी

# सीएचसी हैदरगढ़ में चिकित्सकों का टोटा, मरीजों को रही दिक्कत



पैथोलॉजी के बाहर जांच के लिए इंतजार करती महिलाएं। अमृत विचार

हैदरगढ़, बाराबंकी

**▸▸ एक काउंटर होने की वजह से पंजीकरण कक्ष के बाहर भी लग रही रोगियों की भीड़**

**अमृत विचार :** हैदरगढ़ क्षेत्र के अलावा पड़ोसी जनपद अमेठी, रायबरेली के विभिन्न गांव से सैकड़ों की संख्या में आने वाले रोगियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने वाला तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है। जिसके चलते रोगियों को उपचार के लिए दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएचसी पर ढाई से तीन सौ तक नए रोगी प्रतिदिन उपचार के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाते हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में पुराने मरीज भी उपचार के लिए आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुबेहा पर मेडिकल एवं नियमित प्रसव की व्यवस्था न होने की वजह से वहां से आने वाली प्रसूताओं के अलावा मेडिकल के लिए आने वाले लोगों का परीक्षण भी यहीं पर करना पड़ता है।

इन सब के बीच यहां पर चिकित्सा अधीक्षक डा. सौरभ शुक्ला के अलावा, डा. उमंग वर्मा, डॉ. प्रियंक श्रीवास्तव और डॉ. विश्वनाथ मद्धेशिया के अलावा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका शुक्ला की तैनाती है। सैकड़ों मरीजों के साथ ही मेडिको लीगल इमरजेंसी केसों एवं ओपीडी में आये मरीजों को देखने के लिए डाक्टर शुक्ला के अलावा ज्यादातर दिनों में केवल दो डाक्टर और मौजूद होते हैं। जिसकी वजह से इमरजेंसी वार्ड में सबसे ज्यादा दिक्कत उस समय होती है जब अचानक कोई केस पहुंच जाता है। एक ओर ओपीडी के मरीजों की भीड़ और दूसरी ओर आने वाले इमरजेंसी केसों का बोझ, यहां पर तैनात डाक्टर के लिए सामंजस्य बैठाना कठिन हो जाता है।

बुधवर की दोपहर डा. प्रियंक श्रीवास्तव इमरजेंसी वार्ड में ओपीडी के मरीजों से घिरी दिखीं। वहीं दोपहर लगभग 12 बजे कोतवाली क्षेत्र के रामनगर ग्राम से बेहोशी की हालत में लायी गयी कंचन (18) व आंचल (14) को भी उपचार देना पड़ा। इसी तरह अपने कक्ष में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. मोनिका शुक्ला भी महिला रोगियों से घिरी मिलीं। वहीं रोगियों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए भी मात्र एक काउंटर होने की वजह से पंजीकरण कक्ष के बाहर भी रोगियों की भीड़ लगी देखी गई। इसी तरह दवा वितरण कक्ष पैथोलॉजी कक्ष के बाहर रोगी अपनी बारी आने का इंतजार करते देखे गए। वहीं सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव ने बताया कि जिले में चिकित्सकों का अभाव है। मरीजों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग हर संभव कोशिश कर रहा है।

**आज का मौसम**

अभी लू जैसी स्थितियों से निजात मिलने की संभावना नहीं है।

43.5° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

# बिजली संकट : छह से आठ घंटे की कटौती, लोग बेहाल

## नगर क्षेत्र के 34 उपकेन्द्रों में से 22 के सिस्टम हुए डाउन, ट्रिपिंग के साथ बढ़ी ट्रांसफार्मर हीटिंग | शाम छह बजे के बाद लोड हो जाता है तिगुना, हर दो मिनट पर होती है ट्रिपिंग

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच बिजली का भी संकट गहरा गया है। नगर के सभी 34 उप केन्द्रों में से 22 के सिस्टम पूरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। वर्तमान में हालत यह है कि कटौती की अवधि दो से तीन घंटे बढ़ कर छह से आठ की हो गई है। ट्रांसफार्मरों को कूलर से ठंडा करने की कोशिश भी नाकाम साबित हो रही है। सभी उप केन्द्रों के ट्रांसफार्मरों की ओवर हीटिंग से आपूर्ति व्यवस्था रोज बदहाल होती जा रही है। यह अलग बात है कि पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा आपूर्ति सामान्य किए जाने के हरसंभव प्रयास भी किए जा रहे हैं।

चौक सबस्टेशन के धारा रोड फीडर से बिजली आपूर्ति बुधवार को एचटी लाइन पर काम होने से शटडाउन के कारण सुबह 8:35 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक बंद रही। सबस्टेशन के ईस्ट फीडर से जुड़े क्षेत्र की बिजली ट्रांसफार्मर का एचटी फ्यूज जलने की वजह से दोपहर 1:45 बजे से 2:25 बजे तक बंद रही। लालबाग सबस्टेशन के पी ब्लॉक फीडर की बिजली एचटी लाइन डालने के लिए सुबह 9:35 बजे से 10:30 बजे तक बंद रही। सबस्टेशन के वजीरगंज फीडर की बिजली जर्जर एचटी लाइन बदलने के लिए दोपहर 12:50 बजे से दो बजे तक बंद रही। सिविल लाइंस मेथोडिस्ट चर्च के आसपास बिजली फाल्ट के कारण शाम सात बजे से रात साढ़े 10 बजे तक गुल रही। देवकाली सबस्टेशन की बिजली रात आठ बजे से 10 बजे तक बाधित रही।

शक्तिनगर में मंगलवार दोपहर से शाम तक छह बार बिजली आती- जाती रही। इतना ही नहीं रात में 10 बजे तक बिजली ने परेशान किया। एबीसी लाइन डालने की वजह से अमानीगंज फेज दो में पांच घंटे बिजली बंद रही। नियावां सबस्टेशन से मछली मंडी सबस्टेशन से काम की वजह से तीन घंटे बिजली कटी रही। नियावां एरिया में स्विच वायरिंग जलने से बिजली बुधवार सुबह पांच से साढ़े 10 बजे तक बंद रही। सुभाषनगर में फाल्ट से चार घंटे बाद बिजली सुबह नौ बजे आई। हैदरगंज में रात को बिजली ओवरलोड की वजह से ढाई घंटे कटी रही। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी बिजली का संकट लोगों को त्राहि-त्राहि करने पर मजबूर कर रहा है। साहबगंज इलाके में बुधवार सुबह दस बजे से दो बजे तक आपूर्ति ठप रही।




सिविल लाइन उप केन्द्र में हीट हो रहे ट्रांसफार्मर कूलर नदारद।

सिविल लाइन उप केन्द्र में लगा फीडर।

### प्रभावी नहीं साबित हुई पहले से की गई तैयारियां

गर्मी में बिजली कटौती कम हो इसके लिए पहले से ही तैयारी की जा रही थी। उस तैयारी का कुछ हद तक असर भी हुआ, लेकिन काफी कुछ करना बाकी है। जिले में हर दिन औसतन 30 से 35 शिकायतें पॉवर कॉर्पोरेशन के टोल फ्री नंबर पर पहुंचती हैं। विभाग का दावा है कि शिकायतों की जांच कराकर ट्रांसफार्मर निर्धारित समय सीमा के भीतर बदलवा दिए जाते हैं। इस दावे की पड़ताल मंगलवार को की गई तो पता चला कि कई तीन-चार दिन से ट्रांसफार्मर बदला नहीं है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, करीब 60 हजार से अधिक छोटे बड़े ट्रांसफार्मर जिले में लगे हैं। इन दिनों बिजली की मांग अधिक होने के कारण कहीं ओवरलोड तो कहीं अन्य तरह की फाल्ट के कारण ट्रांसफार्मर जलते हैं।

> जहां भी ट्रांसफार्मर जलने की सूचना मिलती है उसे बदलवा जाता है। कई जगह लोग टोल फ्री नंबर पर समय से जानकारी नहीं देते हैं। कुछ जगहों पर अन्य खराबी पर भी ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत करते हैं। इसे लेकर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। **– रमेश मौर्य, अधिशासी अभियंता, विद्युत वर्कशॉप**

## जून का पहला पखवारा बीता, नहीं शुरू हुई धान की नर्सरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में एक जून से धान की नर्सरी की बुवाई शुरू हो जाती है। इस बार जून का पहला पखवारा बीतने को है। अभी धान की नर्सरी नहीं डाली गई। दरअसल वर्तमान में औसत तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। धान की नर्सरी डालने के लिए यह तापमान अधिक है। वहीं बारिश न होने और तेज धूप से भी नर्सरी की बुवाई में समस्या है। इससे किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरें भी गहरी हो गई हैं। भीषण गर्मी के कारण खेत खाली पड़े हैं।

हीट वेव और तपन के के बीच जिन किसानों ने किसी तरह नर्सरी डाल भी दी है उन्हें बचा पाना मुस्किल हो रहा है। बरसात समय से न हुई तो धान की रोपाई संभव नहीं है। केवल अपने निजी सिंचाई के साधन रखने वाले किसान ही रोपाई कर सकेंगे।



भीषण गर्मी के कारण नहीं हो पा रही धान की रोपाई, खाली पड़े हैं खेत।

### कृषि वैज्ञानिक बोले- उपज पर पड़ेगा सीधा असर

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. सर्वजीत ने बताया कि अगर तेज धूप में नर्सरी की बुवाई की जाएगी तो दाना खराब होने के साथ अंकुरण प्रभावित हो जाएगा। इससे किसान परेशान हैं। धान की नर्सरी की बुवाई में देरी हुई तो देर से धान की रोपाई भी होगी और इसका सीधा असर उपज पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि धान की फसल के लिए न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम 35 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। इसी तापमान के बीच धान की नर्सरी का अंकुरण बेहतर होने के साथ ही वृद्धि भी बेहतर होती है। धान की नर्सरी की बुवाई के लिए इस बार तापमान अधिक है। किसानों को तापमान में गिरावट का इंतजार करना होगा।

### रोपाई करना खतरे से खाली नहीं




जब तक तापक्रम में गिरावट नहीं आयेगी धान की रोपाई करना खतरे से खाली नहीं है। पानी गरम हो गया तो पौधे सूख जाएंगे। सिंचाई न होने से फसल सूख जाएगी। अधिक गर्मी के कारण रोपाई विलंब से होगी। **– संजय चौबे, प्रगतिशील किसान**

### सरकारी नलकूप के सहारे खेती संभव नहीं



धान की खेती से अब घाटे का सौदा हो गई है। खर्च ज्यादा और उत्पादन मूल्य कम मिलने लगा है। सरकारी नलकूप के सहारे धान की खेती संभव नहीं है। नहर तो अब तक सूखी है। **– रनबहादुर, प्रगतिशील किसान।**

### मौसम को देखते हुए हिम्मत नहीं पड़ रही



आठ बीघा धान की खेती करनी है, धान की नर्सरी लगभग तैयार है लेकिन मौसम को देखते हुए हिम्मत नहीं पड़ रही है धान लगाने की। बारिश के अभी दूर दूर तक आसार नहीं है। **– शोभाराम वर्मा, सराय चैमल।**

### कर रहे हैं बरसात का इंतजार



पांच बीघा धान की फसल लगाना है। बरसात का इंतजार कर रहे हैं। डीजल खर्च करके धान की फसल तैयार कर पाना संभव नहीं है। धान की नर्सरी तैयार है लेकिन इस भीषण गर्मी और धूप में लगाना संभव नहीं है। **– आनंद सिंह, शांतिपुर।**

### गन्ने की फसल भी सूख रही है



नौ बीघा धान लगाना नर्सरी तैयार है। धूप के चलते हिम्मत नहीं है। डीजल खर्च करके धन लगा पाना संभव नहीं। इस भीषण गर्मी में सिंचाई नहीं हो पा रही है। गन्ने की फसल भी सूख रही है। **–राजेश सिंह कोडरी बाजार**

### एक नजर

### चार कंपनियों में 69 युवाओं को मिला रोजगार



**अयोध्या। अमृत विचार :** सेवायोजन विभाग की तरफ से राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के तहत बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें चार कम्पनियां शामिल हुईं। मेले के माध्यम से 69 युवाओं को रोजगार मिला। इस दौरान 105 युवाओं ने हिस्सा लिया था। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 12, होली हर्ब में 23 , बसा मैनेजमेंट मार्केटिंग लिमिटेड में 10, टम्बल ड्राई ने 24 युवाओं का चयन किया। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने बताया कि विभाग की तरफ से अब इससे एक कदम आगे बढ़कर सभी विभागों के लिए रोजगार हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं।

### बिजली विभाग ने चलाया सांध्यकालीन अभियान

**अयोध्या। अमृत विचार :** सांध्यकालीन अभियान के तहत उपकेंद्र सिविल लाइन के रोडवेज फीडर पर स्थित मोहल्ला लाल कुर्ती व अड़गड़ा में अभियान चलाया गया। इस अभियान में लगभग 20 से 22 विद्युत संयोजन चेक किए। इस तरह का अभियान प्रत्येक दिन प्रत्येक रात्रि चलाया जाएगा। अभियान में उपखंड अधिकारी फेसू प्रथम ,अवर अभियंता सिविल लाइन, जेई विजिलेंस अयोध्या, बृज कुमार टीजी 2, अमित सेन टीजी 2 एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

# संतों ने सरकार से मांगा लल्लू सिंह के लिए पद

### तीन बिंदुओं पर पीएम और सीएम को भेजेंगे पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार के बाद देश भर में हो रही आलोचनाओं के बीच बुधवार शाम स्वर्गद्वार क्षेत्र स्थित जानकी कुंज में संतों की बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से तीन प्रमुख बिंदुओं पर मंथन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। संतों ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी रहे लल्लू सिंह भले ही हार गए हों, लेकिन उन्हें कोई ऐसे पद पर समायोजित किया जाए जिससे अयोध्या ही नहीं अयोध्या के लोगों के विचार का सम्मान हो सके।

साधु-संतों का कहना है की सामने आया कि कार्यकर्ताओं व पार्टी की नीरसता के कारण भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा पार्टी के लोगों का अति आत्मविश्वास व बड़बोलापन ही उनके हार का कारण बना है। उनका कहना है की अयोध्या में चारों और तेजी से विकास हुआ है। साधु-संतों ने अयोध्या में आने-जाने में हो रही दिक्कतों के निराकरण की भी मांग की है।

अध्यक्षता कर रहे जानकी कुंज के महंत वीरेंद्र दास के मुताबिक अयोध्या हिन्दुओं की आस्था का प्रमुख तीर्थ स्थल है, लेकिन सोशल मीडिया पर पूरे देश से अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, जो अत्यन्त दुखद है। जहां तक भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह का सवाल है। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के समय से उनका अयोध्या के प्रति समर्पण रहा है। वह एक लम्बे समय तक विधायक व प्रदेश सरकार में मंत्री व सांसद रहते हुए अयोध्या की मर्यादा के अनुरूप उनका आचरण रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व किसी न किसी रूप में लल्लू सिंह को सरकार में समाहित कर साधु-संत व राम भक्तों को कृतार्थ करें। बैठक में महंत बैदेही वल्लभाशरण, महंत अवध किशोर शरण हनुमत, महंत रामलोचन शरण नया मंदिर, महंत रामलखन शरण गहोई धर्मशाया, महंत रामदास बालाजी सेना ट्रस्ट, महंत सत्येन्द्र दास, महंत रामलखन शरण राम लला निवास, महंत अवधेश दास, महंत उद्धवशरण सहित अन्य संतजन मौजूद रहे।



जानकी कुंज मंदिर में संतों ने की बैठक। अमृत विचार

**बोले-पार्टी के लोगों का अति आत्मविश्वास व बड़बोलापन बना हार का कारण**

### साधु-संतों के रास्तों में भी अवरोध

बैठक का संचालन कर रहे महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि साधु-संतों को अयोध्या से आने-जाने में प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर अवरोध पैदा किया जाता है। उचित माध्यम से संबंधित को निर्देशित किया जाए। आधार कार्ड देखकर वाहनों को आने जाने की स्वीकृति दी जाए। साथ ही अयोध्या नगर के अंदर गली-कूचों में हुए रास्तों के तोड़-फोड़ ठीक कराकर मलवे आदि हटवा दिए जाएं। अन्यथा बरसात निकट है भविष्य में आवागमन में भारी कठिनाई होगी। कल्पात्री महाराज ने कहा कि पथ निर्माण में प्रभावित दुकानदारों की समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर संभव सहयोग प्रदान करें।

# दो वर्ष बाद 12 जून को सर्वाधिक गर्म रहा जिला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में दो वर्ष के बाद 12 जून को 43.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉड किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सबसे गर्म 12 जून 2012 में था। उस दौरान 44 डिग्री सेल्सियस पर तापमान पहुंच गया था।

तेज धूप और गर्म हवा के झोंको ने बुधवार को दिन भर लोगों को परेशान रखा। लोगों को पेड़ न होने से सबसे अधिक दुश्वारियां रामपथ पर झेलनी पड़ीं। सरकारी कार्यालयों के अलावा बाजारों में भी गर्मी का असर दिखा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र ने बताया कि आगामी 24 घंटे में अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। अभी लू जैसी स्थितियों से निजात मिलने की संभावना नहीं है।



गर्मी से बचने के लिए गमछे से मुंह ढककर जाते युवक।

### उल्टी-दस्त के 10 और मरीज भर्ती

जिला अस्पताल की इमरजेंसी ओपीडी में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या थोड़ी घटी है। बुधवार को 18 घंटे के दौरान इमरजेंसी ओपीडी में गंभीर हालत में पहुंचे 10 मरीजों को भर्ती किया गया है। ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि सभी मरीजों को मेडिकल वार्ड में इलाज चल रहा है। तेज धूप में लोग बाहर न निकलें।

# अवधेश ने दिया मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से इस्तीफा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सांसद अवधेश प्रसाद ने मिल्कीपुर की विधायकी से इस्तीफा दे दिया है। अब मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की सीट रिक्त हो गई है। सीट खाली होने के साथ ही दलों में टिकट के लिए सरगर्मी शुरू हो गई है।

लोकसभा चुनाव में मिल्कीपुर (सु) विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक अवधेश प्रसाद प्रत्याशी बनाए गए थे। चुनाव में वह विजयी रहे। सांसद बनने के बाद उन्होंने यह सीट छोड़ दी। सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ ने बताया कि प्रसाद ने अपना इस्तीफा दे दिया है। प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस में टिकट के लिए अपने रसूखों का इस्तेमाल किया जाना शुरू हो गया है। भाजपा, सपा के साथ अन्य दलों में टिकट को लेकर कई-कई नामों की चर्चा शुरू हो गई है। भाजपा और सपा में टिकट के दावेदरों की कहीं ज्यादा भीड़ है। इसके पीछे कारण वोटों के नंबर गेम का है। दोनों दलों के बीच महज कुछ हजार वोटों को अंतर है।



सांसद अवधेश प्रसाद

## टेलीकॉम संस्था की जमानत राशि जब्त करने का निर्देश

**अयोध्या। अमृत विचार:** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने मणिरामदास छावनी वार्ड में सरयू के पक्का घाट, कच्चा घाट व क्वीन हो पार्क के आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। क्षेत्र में सीवर जाम होने के कारण सड़क पर दूषित जल फैला मिला। परियोजना प्रबंधक, जल निगम को कार्यदायी संस्था तोशीबा के माध्यम से सीवर की सफाई कराए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में विभिन्न टेलीकाम कंपनियों से गड्ढा खोदकर तार बिछाने के बाद इसे खुला छोड़ा जाना मिला। मुख्य अभियंता को कार्यदायी टेलीकाम संस्था की जमानत धनराशि जब्त करने और इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। साथ ही किसी प्रकार की अनुमति निर्गत न किए जाने का भी निर्देश दिया।

# अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से, तैयारी शुरू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अग्निवीर भर्ती रैली 24 जून से शुरू होगी। रैली का आयोजन डोगरा रेजीमेंटल सेंटर में होगा। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। भर्ती रैली में 13 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। भर्ती रैली चार जून तक चलेगी।

रैली में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ आने की संभावना है। इसके मद्देनजर शांति, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

रैली के लिए मैदान के साथ ही दूसरी व्यवस्था को लेकर लिखा-पढ़ी शुरू कर दी गई है। शुद्ध पेयजल, मेडिकल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था का खाका खींचा जा रहा है। यातायात व्यवस्था पर खास फोकस रखे जाने की तैयारी है। एडीएम सिटी सलिल पटेल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी को पत्र भेजा है। रैली को लेकर मजिस्ट्रेटों के साथ ही पुलिस अफसरों को लगाया जाएगा। अब तक की रणनीति के मुताबिक रैली में आने वाले अभ्यर्थियों को 14 कोसी परिकर्मा मार्ग से प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। रैली से वापसी पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और भीड़ को सहेजने के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर व्यवस्था की जाएगी। रैली स्थल से रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन तक बसें चलाए जाने का प्रस्ताव भी है। अफसरों के मुताबिक रैली को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। डीएम कार्यालय ने अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर पत्र आने की बात कही है।

**शामिल होंगे 13 जिलों के अभ्यर्थी, कैंट क्षेत्र में होगी भर्ती**



### भर्ती रैली में इन जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

अयोध्या के साथ अमेठी, अंबेडकरनगर, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महराजंगज, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सुल्तानपुर, संतकबीरनगर और सिद्धार्थ नगर शामिल हैं।

**बिड़ला धर्मशाला** | लगाया गया बोर्ड, हम नहीं लेते किसी तरह का एडवांस भुगतान

# ऑनलाइन रूम बुक कराने वाले खुद होंगे जिम्मेदार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में कमरा बुकिंग के नाम पर ठगों द्वारा बिड़ला धर्मशाला का बार-बार नाम उछाने के बाद प्रबंधन अलर्ट हो गया है। उसने यात्रियों को सावधान करते हुए धर्मशाला के बाहर एक बड़ा बोर्ड लगा दिया है कि हमारे यहां कमरों के लिए किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बुकिंग नहीं की जाती है। न ही कोई एडवांस भुगतान लिया जाता है। यदि कोई व्यक्ति हमारी संस्था के नाम से बुकिंग करवा रहा है या फिर एडवांस ले रहा है तो उसमें संस्था की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अयोध्या में चार माह के दौरान धर्मशाला और होटलों में कमरों की बुकिंग के नाम पर सैकड़ों श्रद्धालुओं से ऑनलाइन ठगी हो चुकी है। हाल ही में एक टीवी एक्ट्रेस और बरेली के एक प्रतिष्ठित व्यापारी भी ठगों की जालसाजी का शिकार हो गए थे। अयोध्या कोतवाली सहित साइबर सेल में भी दर्जनों शिकायतें आने की सूचना है। होटल संचालक अनूप गुप्ता ने बुधवार को बताया कि प्राण- प्रतिष्ठा के बाद से अयोध्या में धर्मशाला, पेइंग गेस्ट हाउस व होटलों की संख्या बढ़ी है। इसके साथ ही ठगी करने वाले भी बढ़ गए हैं। ठग होटल-धर्मशाला के नाम से फर्जी बुकिंग कर ऑनलाइन पैसा जमा कराते हैं। इसके बाद जब यात्री यहां पहुंचते हैं तो झगड़ा करते हैं। कई बार पुलिस को भी इसकी जानकारी दी जा चुकी है। अभी तक कोई आरोपी नहीं पकड़ा गया।




जालसाजों से परेशान होकर धर्मशाला पर लगाया सूचना बोर्ड।

### लोगों के पहुंचने पर होता था विवाद

श्री महादेवी बिड़ला मेमोरियल चैरिटी ट्रस्ट धर्मशाला के मैनेजर रमैया ने बताया कि धर्मशाला में किसी भी प्रकार की ऑनलाइन बुकिंग का कार्य नहीं होता है। इसके बावजूद लोग कमरा बुक कर यहां पहुंचते हैं। जब उन्हें जानकारी दी जाती है तो विवाद उत्पन्न हो जाता है। इसी कारण धर्मशाला के गेट पर ही पहले से आने वाले श्रद्धालुओं को सजग करते हुए बोर्ड लगाया है।

## गोमती नदी में डूबकर दो किशोरों की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कुमारगंज थाना क्षेत्र में दोस्त के साथ गोमती नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस चौकी देवगांव थाना कुमारगंज क्षेत्र के रानीपुर पूरे सहतेमऊ गांव निवासी इकरार (12) पुत्र आशु और सैफ (13) पुत्र वसीम अली मंगलवार दोपहर गांव से करीब दो किलोमीटर दूर बह रही गोमती नदी में नहाने चले गए थे। स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में चले गए। जब दोनों किशोर गांव नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुए गोमती नदी बाबा घाट पर पहुंचे। वहां दोनों के कपड़े मिले। सूचना पर चौकी प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद स्थानीय गोताखोरों को खोज के लिए नदी में उतारा। गोताखोरों को बुधवार को घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर दोनों किशोर के शव बरामद हुये।

### सार-संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के बड़ागांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया। मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत के मजरे बड़ागांव बाजार निवासी संजय यादव (32)पुत्र राम मनोहर यादव बुधवार सुबह कमरे से जब देर तक सोकर कर नहीं उठा तो मां मालती ने आवाज लगाई लेकिन कोई हलचल नहीं हुई। गुहार पर पहुंचे लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने मां-बाप का एकलौता अविवाहित पुत्र था। कार्यवाहक चौकी प्रभारी सती चौरा पंकज कुमार ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से मौत की बात सामने आ रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच की जा रही है।

### लापता युवक की बाइक,चप्पल व हेलमेट मिला

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ड्योढ़ी बाजार निवासी अनुभव कौशल(37) पुत्र ननकऊ संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गया। युवक की बाइक,चप्पल और हेलमेट ढेमवा घाट सरजू नदी पर बने पुल पर मिली है। युवक की नदी में कूदने की आशंका पर खोजने का प्रयास कुछ देर स्थानीय लोगों के साथ जाल आदि लेकर गोताखोरों ने किया लेकिन कुछ हासिल नहीं हुआ। प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया युवक की मोबाइल के लोकेशन के सहारे तलाश की जा रही है। डूबने की आशंका कम है। घर से फरार होने की अब तक ज्यादा दिखाई पड़ रही है।

### यूपी कैटेट परीक्षा : दूसरे दिन 717 अभ्यर्थियों ने दिया एग्जाम



फैजाबाद स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लेते कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा-2024 (यूपी कैटेट) कड़ी निगरानी के बीच बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में हो गई। आखिरी दिन अयोध्या केंद्रों पर परास्नातक, पीएचडी एवं एमबीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए कुल 717 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। दूसरे दिन भी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अयोध्या में बने केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कृषि विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी आशुतोष सिंह बताया कि अयोध्या केंद्रों पर परास्नातक एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 711 छात्र-छात्राओं को पंजीकृत किया गया था। प्रथम पाली में कुल 667 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, 44 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। एमबीए में 56 अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया था जिसमें 50 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। परास्नातक एवं पीएचडी की प्रवेश परीक्षा के लिए वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, बांदा, कानपुर व मेरठ जिले में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् ।
कार्यते ह्यवश : कर्म सर्व : प्रकृतिजैर्गुणै : ॥

नि :संदेह कोई भी मनुष्य किसी भी काल में क्षणमात्र भी बिना कर्म किए नहीं रहता, क्योंकि सारा मनुष्य समुदाय प्रकृति जनित गुणों द्वारा परवश हुआ कर्म करने के लिए बाध्य किया जाता है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान और आतंकवाद

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की पाकिस्तान की कोशिशों के कारण ही जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में तेजी आई है। पाकिस्तान हमेशा से जम्मू क्षेत्र में शांति भंग करने के प्रयास करता रहता है। रविवार को आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया जिसमें नौ लोग मारे गए। दो दिन बाद, आतंकवादियों ने डोडा में एक संयुक्त जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। एक अन्य घटना में मंगलवार को कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। बुधवार को एक अन्य आतंकवादी को भी मार गिराए जाने के बाद रात भर चली मुठभेड़ समाप्त हो गई, लेकिन ऑपरेशन में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। अधिकारियों के मुताबिक मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी बताए जा रहे हैं। तीन दिनों के भीतर हुए इन तीन हमलों से लोगों में डर का माहौल है। जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों में तेजी इस बात की याद दिलाती है कि पाकिस्तान प्रायोजित नापाक तत्व इस क्षेत्र में अपने पैर पसार रहे हैं और यह सामान्य स्थिति बहाल करने के सरकार के दावों की सच्चाई को उजागर करता है। कहा जा रहा था कि 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद खत्म हो गया। परंतु पहले तो आतंकी सिर्फ कश्मीर घाटी में ही हमला करते थे अब तो यह हमले जम्मू संभाग में भी हो रहे हैं, जो एक नई सुरक्षा चुनौती पेश कर रहा है।

अमेरिका, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों का भी यह आरोप रहा है कि पाकिस्तान प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से विभिन्न आतंकी कार्रवाइयों में लिप्त रहा है। प्रमुख इस्लामी आतंकी संस्थाएं जैसे लश्कर-ए-तैयबा, लश्कर-ए-ओमर, जैश-ए-मोहम्मद, हरकतुल मुजाहिद्दीन, सिपाह-ए-सहाबा, हिज़्बुल मुजाहिदीन आदि सब के सब पाकिस्तान में रहकर अपनी आतंकी गतिविधियां चलाते हैं। महत्वपूर्ण है कि दूसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के तुरंत बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले सीमा पार आतंकवाद से निपटने के प्रयास किए जाएंगे क्योंकि यह 'एक अच्छे पड़ोसी की नीति' नहीं हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आंतकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। कहा जा सकता है कि पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने वाला नहीं है। आतंकवादियों ने बीएसएफ के सुरक्षा बाड़ को पार कर सुरंग के जरिए घुसपैठ की होगी। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा के करीब है। सरकार को पुख्ता सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी ओर से पाकिस्तान की घेराबंदी जारी रहे।

# प्रकृति पर नियंत्रण की चाह में उत्पन्न होती हैं समस्याएं


गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है, मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया।

जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, जल, मिट्टी, हवा एवं अन्य पर्यावरणीय समस्याएं दिन पर दिन सरकारों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। इन समस्याओं से निपटने के लिए सरकारों को कम से कम पंचमहाभूतों के लिए एक एकीकृत कार्यक्रम चलाना होगा,तभी धरती पर जीवन संभव हो सकेगा।

सरकारों को सबसे पहले लोगों की आधारभूत जरूरतों को पूरा करना होगा,जो कि प्रकृति द्वारा मुफ्त में यह सुविधाएं उपलब्ध हैं, इनका सही तरह उपयोग व संरक्षण कैसे हो इस पर एक एकीकृत कार्य योजना तैयार करनी होगी। क्योंकि अभी तक सरकार अलग-अलग तरह से जल,मिट्टी,हवा की विभिन्न समस्याओं को हल करने का प्रयास करती रही हैं जिससे यह समस्याएं और विकराल होती गई,क्योंकि प्रकृति में सबकुछ एक दूसरे से जुड़ा है। अध्ययनों से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन के कारण गेहूं और चावल की फसलों में 2030 तक छह से 10 प्रतिशत की कमी देखी जा सकती है। इसी तरह विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है कि जलवायु परिवर्तन के कारण 15 वर्षों में 45 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी की श्रेणी में आ जाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के कारण सबसे ज्यादा नुकसान कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। इसलिए विश्व का किसान वर्ग जो धरती को सजाने संवारने का काम करता है। वह इस जलवायु स्थांतरण के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। वैसे भी भारत का पर्यावरणीय सूचकांक 180 देशों में 176 वें स्थान पर है,मानव स्वतंत्रता सूचकांक पर भारत का प्रदर्शन स्कोर 2023 में मामूली रूप से कम हो गया। 2015 से 2023 तक भारत के समग्र प्रदर्शन स्कोर में 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। मानव स्वतंत्रता सूचकांक 2023 में 165 देशों में भारत 109 वें स्थान पर है। इसके अलावा मानव विकास सूचकांक में भारत ने दिखाई प्रगति,193 देशों में 134 वें स्थान पर 2021 में गिरावट के बाद, भारत का एचडीआई मूल्य 2022 में 0.633 से बढ़कर 0.644 हो गया जिससे देश मध्यम मानव विकास श्रेणी में आ गया। शायद यही कारण है कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत को 125 देशों में से 111 वें स्थान पर रखा गया है जिसमें देश में सबसे अधिक 18.7 फीसदी बाल कुपोषण दर दर्ज की गई है। हालांकि केंद्र सरकार ने तुरंत इस रिपोर्ट को गलत बताते हुए खारिज कर दिया है। इस सूचकांक में 28.7 अंक के साथ भारत में भूख का स्तर 'गंभीर' बताया गया है। इसी तरह तमाम इंडेक्स जो विभिन्न एजेंसियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर किए जाते हैं,उनमें भारत की तस्वीर कुछ अच्छी नहीं दिखाई देती है।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है,उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं,जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है,जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

इन सब समस्याओं के बाबजूद भारत विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था वाला देश है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत की तरफ एक उम्मीद के साथ नजरे लगाए बैठा है कि भारत ही इस संकट की घड़ी में विश्व को एक नया रास्ता देगा। अतः नई सरकार को चाहिए कि आम आदमी के जीवन को बेहतर प्रवंधन देने के लिए निम्न बिंदुओं पर भी ध्यान दिया जाए तो शायद देश का आम जन अपने को खुश और समृद्ध पा सकेगा,जो योजनाएं धरती के संरक्षण व किसानों की आय में वृद्धि के लिए लागू की गई है,उन्हें उचित प्रबंधन के साथ लागू किया जाए। देश में " प्राकृतिक वसीयत" के लिए अध्यादेश लागू हो। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर "वसुधैव कुटुंबकम्" का सिंद्धांत लागू हो, इसे रोम संविधान के अनुसार दुनिया का सर्वोच्च सिद्धांत माना जाए। इस पर भारत सरकार की तरफ से पहल हो। दुनिया में "सहअस्तित्व" के आधार पर पर्यावरणीय कानून एक समान हो। पर्यावरणीय आकलन करते समय "सहअस्तित्व प्रभाव" भी शामिल किया जाए। महिलाओं की भागीदारी में पिछले सालों में वृद्धि देखी गई,उसको बरकरार रखा जाए। इसके अलावा दिहाड़ी मजदूरों द्वारा बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक समस्याओं को हल करने के लिए सहायता प्रदान की जाए। प्राकृतिक संपदा के आधार पर धनी व्यक्ति का चयन हो। साथ ही सहअस्तित्व प्रभाव के आधार पर प्रत्येक योजना और परियाजनाओं का आर्थिक मूल्यांकन हो। न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता पर आधारित हो। भारत के संविधान में मजबूत "इको साइड" कानून की व्यवस्था हो। इसके अलावा "आर्थिक असमानता" आयोग की स्थापना की जाए। किसानों को 'पंचमहाभूत संरक्षक' के रूप में सम्मानित किया जाए।

इसके इतर वैश्विक समस्याओं के समाधान हेतु मानवीय कृषि को एक उम्दा समाधान मानकर उचित मानदंड स्थापित किए जाए। सामाजिक न्याय और प्राकृतिक संतुलन को मानवता के लिए किए गए कार्यों में शामिल किया जाए और वस्तु विनिमय प्रणाली को लागू कर प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही जलवायु न्याय के मुद्दे के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहल हो। राजनैतिक पार्टियों की पर्यावरणीय नीति घोषित हो। पंचमहाभूतों के संरक्षण हेतु एक एकीकृत योजना लागू की जाए। साथ ही साथ आम जन को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। किसान कौन है, इसके लिए देश के संविधान में किसान की परिभाषा सुनिश्चित हो और मानवीय कृषि को एक राष्ट्रीय कार्य घोषित किया जाए। इसके अलावा एक ऐसी कृषि पद्धति का प्रसार हो जिसमे छोटे-बड़े सभी किसान समृद्ध और स्वायत्त हो सके और किसानों के लिए कार्बन क्रेडिट प्रक्रिया में एक स्वायत्त संस्थान की स्थापना की जाए। प्रकृति के नियमों के अनुसार खेती करने वाले किसानों को "राष्ट्रीय किसान" का घोषित किया जाए। प्रत्येक व्यक्ति की प्राकृतिक जरूरत एवं प्राकृतिक कर्ज का आकलन किया जाए।

वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं ने लालच के चलते प्रकृति को काबू करने की ललक में जितनी समस्याओं का समाधान किया है,उससे ज्यादा समस्याओं को जन्म दिया है। क्योंकि विज्ञान के पास प्राकृतिक नियमों के अनुसार स्थायी तौर पर समस्याओं को हल करने की क्षमता नहीं है। यही कारण है कि अब गर्म रातों कि वजह से भविष्य में होने वाली गर्मी से मौतों कि संख्या में छह गुना वृद्धि हो सकती है। सच तो यह है कि अब हम उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं,जब हमको मनुष्य बचाओ अभियान की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि बैंक जो विकास के नाम पर पैसा या कर्ज देते हैं वह अपने फायदे के कारण मानवता और पर्यावरणीय नियमों को ताक पर रख देते है। इसीलिए आज हमको ऐसे नियमों और कानूनों की जरूरत है,जो मानवता के आधार पर वैश्विक समस्याओं का समाधान बन सके।

उपरोक्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए सरकार को चाहिए जो योजनाएं व परियोजनाएं गांवों, किसानों, महिलाओं आदि के लिए चलाई जा रही हैं,उनका उचित क्रियान्वयन हो, क्योंकि बहुत सी अच्छी योजनाओं का धरातल पर न आना सरकारी कर्मचारियों की अनदेखी या नियमों का लचीलापन इस पर हावी होता दिखाई देता है। इसलिए जीवन की जो मूलभूत आवश्यकताएं हैं,उनको किस तरह सहअस्तित्व के सिद्धांत के साथ कैसे पूरा किया जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी के अंतर्गत शायद यह उपरोक्त सुझाव कुछ सरकारों की मदद कर सके या काम आ सके।

## प्रसंगवश

# योजनाओं की पुनर्समीक्षा

उत्तर प्रदेश में चुनाव परिणामों के मद्देनजर सरकार को अब लाभार्थी योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी चाहिए। मुफ्त या बेहद सस्ते दरों पर खाद्यान्नों के वितरण,प्रधानमंत्री आवासीय योजना और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद नए सिरे से ये योजनाएं बदले कलेवर में लागू होनी चाहिए।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

'सबका साथ सबका विकास' से क्या नतीजा निकला? खबर है कि एक गांव में दो सौ से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास दिए गए और भाजपा को शून्य मत मिला। ठीक है यह वेल्फेयर स्टेट है, धर्म निरपेक्ष देश है और संविधान भी जाति धर्म के नाम पर भेदभाव की इजाजत नहीं देता। फिर भी कुछ जन कल्याण कार्यक्रमों के पुनर्निर्धारण में क्या हम कुछ बिंदुओं को समाहित नहीं कर सकते? जैसे लाभार्थी योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं को मिले जिनका नियोजित परिवार हो। संपन्न सामान्य चुनाव ने सबक दे दिया है। नई सरकार को कड़ी मेहनत और योजनाओं की पुनर्समीक्षा करनी ही होगी और नए रूप में कतिपय नए मानदंडों के साथ लाभार्थी योजनाओं को अमल में लाना होगा। मुफ्त के राशन के अलावा तमाम योजनाओं की अनौचित्यपूर्ण सब्सिडी बंदकर देश की सुरक्षा और अनुसंधान के बजट को बढ़ाया जाना बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की बड़ी जरुरत है।

चुनावों के इतिहास में 2024 में एक खास मजहबी मतदाताओं का जो ध्रुवीकरण हुआ वह अभूतपूर्व है। सौ में सौ फीसदी मत मौजूदा सरकार के विरोध में गए और यह जग जाहिर है कि लाभार्थी योजनाओं के सबसे बड़े उपभोक्ता यही हैं। बहुसंख्यकों की तुलना में एकदम असमान संसाधनों का वितरण है यहां। इससे बहुसंख्यकों में उचित ही,असंतोष पनप रहा है। आखिर कामन सिविल कोड कब आएगा? केंद्र की कोई मजबूरी हो तो प्रदेश स्वतंत्र तौर पर क्यों नहीं इसे अपनी विधानसभाओं में पारित कर लागू करते जैसा कि एक दो राज्य यह पहल शुरू कर चुके हैं। वैसे भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने इसके पक्ष में कई बार सरकारों को निर्देशित किया है।

# शेयर बाजार अचानक क्यों करता है प्रतिक्रिया


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है।

बीता हफ्ता शेयर बाजार के लिए अभूतपूर्व रहा। इस दौरान इसने गिरने और उछलने के दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं था जब बाजार ने इतना तीव्रता से परिवर्तन (शार्प रिएक्ट) किया हो। एग्जिट पोल आने के अगले कारोबारी दिन (3 जून) को शेयर बाजार में उछाल देखा गया,लेकिन उसके अगले दिन यानी मतगणना के दिन बाजार में हाहाकार मच गया। उस दिन बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी 8 फीसदी से भी ज्यादा अंकों से नीचे लुढ़क गया। जिस वजह से बीएसई में लिस्टेड कंपनियों की मार्केट कैप में 31 लाख करोड़ रुपए की कमी देखी गई। हालांकि उसके अगले तीन दिनों में बाजार में शानदार रिकवरी देखी गई और 7 जून को तो बीएसई सेंसेक्स अपने सर्वोच्च स्तर पर (ऑल टाइम हाई) यानी कि 76,693 अंक के आंकड़ों पर पहुंच गया।

शेयर बाजार को प्रभावित करने वाले कारक अलग-अलग हो सकते हैं,लेकिन इसे ऊपर या नीचे करने वाले बड़े निवेशकों में से अहम हिस्सेदारी संस्थागत निवेशकों की होती है। ये निवेशक बड़े वित्तीय संस्थान पेंशन फंड, इंश्योरेंस कंपनियां, म्यूचुअल फंड, हेज फंड वगैरह होते हैं। ये देसी और विदेशी दोनों हो सकते हैं। इनके पास कंपनियों की माली स्थिति से लेकर देश के आर्थिक राजनीतिक परिदृश्य वगैरह को समझने और उसकी थाह लेने के लिए पर्याप्त संसाधन और सक्षम टीम होती है। इसलिए ये ऐसी स्थिति को भांपकर बाजार में अपनी चाल तय करते हैं और उन्हीं की चालों से बाजार की गति भी तय होती है। अब सवाल यह है कि वे कौन से प्रमुख कारक होते हैं जिनसे शेयर बाजार अचानक इतना 'रिएक्ट' करता है और निवेशकों की कमाई को एक झटके में ऊपर या नीचे पहुंचा देता है। इसके कुछ प्रमुख कारक हैं। घरेलू सियासी हालात : किसी देश की अर्थव्यवस्था का सीधा संबंध वहां के सियासी हालात से होता है। अगर देश में सियासी स्थितियां स्थिर होती हैं तो बाजार को मजबूती मिलती है। खासकर विदेशी निवेशक घरेलू शेयर बाजार में निवेश करने से पहले उस देश की राजनीतिक परिस्थितियों पर गौर करते हैं। 3 जून को सेंसेक्स 2507 अंकों यानी 3.55 फीसदी की बढ़त पर बंद हुआ। वजह थी एग्जिट पोल में मोदी सरकार की हैट्रिक बनने की संभावना। यानी सियासी स्थिरता में और मजबूती, लेकिन जब अगले ही दिन यानी 4 जून को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो राजनीतिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई और सेंसेक्स 4,389 अंक गिरकर बंद हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक घटनाएं : किसी भी देश की अर्थव्यवस्था बंद नहीं रह सकती। वैश्विक स्तर पर होने वाली आर्थिक गतिविधियों का असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ता है। वर्ष 2008 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी मंदी छाई रही जिसके असर से भारत भी नहीं नहीं बच सका था। सालभर में बीएसई सेंसेक्स में कुल मिलाकर 63 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई थी। यह 2007 के 20,000 पॉइंट्स से गिरकर 7700 तक पहुंच गया था। अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनीति : वैश्विक स्तर पर होने वाली भू-राजनितिक गतिविधियों का भी सीधा असर शेयर बाजार पर होता है। मौजूदा समय में मध्य पूर्व में चल रहे इजराइल हमास युद्ध और यूक्रेन रूस सैन्य संघर्ष इसी तरह के भू-राजनीतिक फैक्टर हैं। इस तरह के तनाव ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त नेगेटिव प्रभाव डालते हैं जिसके फलस्वरूप शेयर बाजारों पर दबाव बनता है।


कोरोना जैसी महामारीः घरेलू सियासी और अंतर्राष्ट्रीय जियो पॉलिटिक्स व आर्थिक स्थितियों के अलावा ऐसी वजह पर भी शेयर बाजार 'शार्प रिएक्ट' करता है, जो सदियों में कभी-कभार पैदा होती हैं और जिसका भविष्य पर भारी असर पड़ना संभावित रहता है। उदाहरण के तौर पर सेंसेक्स में सबसे बड़ी गिरावट 23 मार्च 2020 को आई। एक दिन पहले 22 मार्च रविवार को देश में लॉकडाउन का ट्रायल किया गया था। इसी से यह संभावना लगने लगी थी कि देश में लंबा लॉकडाउन लग सकता है और फिर लगा भी। इसीलिए जब अगले दिन बाजार खुले तो यह 3,934 अंक तक गिर गया। यह 13.15 फीसदी की बड़ी गिरावट थी।

वस्तुतः आज भी ज्यादातर निवेशक तब निवेश करते हैं जब बाजार में तेजी होती है। तेजी में निवेश करना आम निवेशकों के लिए आमतौर पर फायदेमंद नहीं होता है। यदि उस समय निवेश करना भी है तो ऐसे शेयरों से बचना चाहिए,जो अपने उच्चतम स्तर के आसपास हों। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि छोटी कंपनियों के शेयरों की तुलना में ब्लूचिप या दिग्गज कंपनियों के शेयरों में ज्यादा निवेश किया जाए।

## सोशल फोरम

# अध्यात्मवाद बनाम भौतिकवाद

अग्नि और प्रकाश का अनिवार्य संबंध है। बिना अग्नि के प्रकाश नहीं हो सकता। हर प्रकाश अग्नि का जलने का परिणाम है। जलने से प्रकाश और उर्जा दोनों उत्पन्न होते हैं। हमारे सौर मंडल के सूर्य में न कुछ ठोस है,न द्रव। वह हाइड्रोजन और हीलियम गैसों का एक जलता हुआ पुंज है।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

इस सौर मंडल में प्रकाश और उर्जा का सबसे बड़ा स्रोत भी। जलने की हर क्रिया से उर्जा उत्पन्न होती है। पृथ्वी पर हम जो प्रकाश कृत्रिम रूप से उत्पन्न करते हैं उसमें विद्युत के पॉजिटिव और निगेटिव के मिलने से फिलामेंट जलता है। वह ऐसी वस्तु से बना होता है,जो जलकर नष्ट होने में समय लेती है। तप का आद्य अर्थ है तपाने या जलाने वाला (तप्+ अच्)। दूसरा अर्थ है तपस्या, साधना। वह भी जलाती है और जलाती है तो उर्जा भी उत्पन्न करती है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त की तीसरी ऋचा कहती है,जो अंधकार से आच्छादित अंधकार था उसी से यह (विश्व) 'उसके' तप की महिमा के चलते पुनः उद्भूत हुआ। अंतरिक्ष विज्ञान के अनुसार हमारे सूर्य और सौरमंडल का जन्म भी नेबुला (धूल और गैसों के विशाल बादल) के एक अंश के विस्फोट से उत्पन्न 'तप' से हुआ और उसके एक टुकड़े पृथ्वी पर चेतन जीव का प्रादुर्भाव हुआ। नेबुला के एक अंश का उपरोक्त विस्फोट क्यों हुआ? अनुमानतः पास के एक अन्य परमाण्विक बादल के आघात से। यह आघात क्यों हुआ? आकस्मिक रूप से या किसी पराचेतन तत्व की योजना से?

यही वह बिंदु है,जो भौतिकवाद और अध्यात्मवाद को पृथक करता है। जब तक विस्फोट का कारण निश्चित रूप से ज्ञात न हो, अध्यात्मवाद को नकारा नहीं जा सकता। चेतना की रहस्यमयता को भेदना भौतिकवाद के वश का रोग नहीं,किंतु अंतरिक्ष विज्ञान ने अध्यात्मवाद को संशयात्मक तो बना ही दिया है। ऐसे में न भौतिकवादियों की कट्टरता के लिए कोई गुंजाइश है, न अध्यात्मवादियों की।

**-फेसबुक वॉल से**

# मंथरा के वंशज

गत लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की गिरावट,उत्तर प्रदेश में विशेष झटका और अयोध्या (फैजाबाद) में हार के परिणामस्वरूप भाजपा के आईटी सेल और समर्थकों ने अयोध्या और यूपी को कोसना आरंभ कर दिया। मर्यादाएं लांघी गईं। यह भी नहीं देखा गया कि स्वयं राम ने अयोध्या की प्रशंसा की है और उसे बैकुंठ लोक से भी श्रेष्ठ कहा है। उन्हें यहां के वासी बहुत प्रिय हैं 'अति प्रिय मोहि इहां के वासी। मम धामदा पुरी सुखरासी'। मैं यह सब टुकुर-टुकुर देखता रहा,लेकिन अब एक चित्रकूटवासी नेत्रहीन धर्माचार्य ने भी अयोध्यावासियों पर कटाक्ष किया है और भाजपा को मतदान न करने वालों को मंथरा का वंशज घोषित किया है। अतः मौन त्यागना पड़ा। स्वामी जी द्वारा चुनाव पूर्व मोदी के पक्ष में भविष्यवाणी करने और अपनी धर्मपीठ पर उनका स्वागत करने के ठीक बाद उन्हें साहित्य का एक बड़ा पुरस्कार मिला था। खैर! यह तो सब चलता ही है,किंतु जनता में जिज्ञासा है कि मंथरा के पति और बेटे कौन थे तथा उसकी वंश बेलि कहां तक फैली? वाल्मीकि और तुलसीदास ने तो कहीं इसका उल्लेख किया नहीं है। धर्माचार्य ने कई किताबें लिखी हैं। पिछले दिनों उन्होंने हनुमान चालीसा में कुछ संशोधन किए और प्रचारित किए। जनता ने वे संशोधन तिरस्कृत कर दिए और हनुमान चालीसा पूर्ववत बना रहा। मंथरा के वंश पर कोई ग्रंथ उपलब्ध नहीं है। आचार्य को चाहिए कि कालिदास के 'रघुवंश' की तर्ज पर वे 'मंथरा वंश' लिखें। उन्हें बताना होगा कि उसके वंशज कहां-कहां बसे? वैसे संत को निर्मल हृदय और समदर्शी होना चाहिए न कि किसी राजनीतिक दल का पक्षधर। वे तुलसी पीठाधीश्वर हैं और तुलसी बाबा ने तो कहा है,'सीयराम मय सब जग जानी। करहुं प्रनाम जोरि जुग पानी'।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# गलतियों से सीख लेकर विकास पर जोर दे सरकार

लोकसभा का चुनाव सकुशल संपन्न हो चुका है तथा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने शपथ ले ली है। मंत्रिमंडल में अधिकांश जीते मंत्रियों को उनके पुराने विभाग ही मिले हैं,इससे उन्हें कार्य करने में आसानी होगी। आशा है कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे मतलब परस्त नेताओं का सहयोग सरकार को मिलता रहेगा। अबकी बार 400 पार तथा भाजपा की स्वयं 370 सीट लाने की आशा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान,हरियाणा में भाजपा के लचर प्रदर्शन के कारण सफल न हो सकी।


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अहंकारी हो चला था जिसने टिकट बांटने में निष्ठावान पुराने कार्यकर्ता के स्थान पर दूसरे दलों से आए भ्रष्ट नेताओं को तरजीह दी। भाजपा ने अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी उपेक्षित कर दिया था। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री तथा भाजपा के शिखर के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध न होने तथा टिकट वितरण में लोकप्रिय मुख्यमंत्री को दरकिनार करने के कारण यह हालत पैदा हुई। यहां योगी मंत्रिमंडल के गठन से ही मुख्यमंत्री की उपेक्षा करने वाले मंत्रियों की पीठ ही नहीं ठोकी गई,अपितु योगी के राजभर व चौहान जैसे आलोचकों को पुनः भाजपा में लाकर मंत्री बनवाया गया। राष्ट्रपति भवन के शपथ ग्रहण समारोह में योगी को पिछली पंक्ति में तथा उनके उप मुख्यमंत्रियों को पहली पंक्ति में बिठाकर योगी को नीचा दिखाया गया।

भाजपा के कुछ नेताओं का किसी जाति विशेष की आलोचना करने पर शीर्ष नेतृत्व मौन रहा। इन्हीं सब कारणों से कर्मठ और ईमानदार मुख्यमंत्री होने के बावजूद योगी राज्य में भाजपा को अधिक सीट न दिला सके। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है, यदि नेतृत्व मतभेद शीघ्र न सुलझा और मुख्यमंत्री का अपने मंत्रियों पर नियंत्रण न हो सका तो इस चुनाव में भाजपा को सफलता मिलना मुश्किल होगा। उत्तर प्रदेश में चुनाव जातिगत हो गया है। भाजपा प्रत्येक जाति में नेतृत्व विकसित न कर जातिवादी दलों के नेताओं-अनुप्रिया पटेल, ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, जयंत चौधरी आदि पर अधिक निर्भर होती जा रही है। ये नेता हर बात पर अपनी कीमत वसूल रहे हैं। भाजपा को इस पर भी ध्यान देना चाहिए। महाराष्ट्र में शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़कर सरकार बनाने एवं राजस्थान में स्थानीय भाजपाई नेताओं की उपेक्षा के कारण वहां भी अपेक्षित सीट नहीं मिल सकी। महाराष्ट्र में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अब शिंदे व अजित पवार के अपने पुराने दल में वापस लौटने की अटकलें प्रारंभ हो गई हैं। मंत्रिमंडल में किसी मुस्लिम चेहरा का न होना उचित नहीं लगा। देश की लगभग 20 प्रतिशत मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व इस मंत्रिमंडल में नहीं है। मुख्तार अब्बास नकवी और शाहनवाज हुसैन जैसे लिबरल मुस्लिम को मंत्री बनाकर मुस्लिम समाज को निकट लाने का प्रयास किया जा सकता था।

मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण समारोह के दिन कश्मीर में तीर्थयात्री बस पर आतंकी हमला यह सिद्ध करता है कि न तो पाकिस्तान बदला है न कश्मीर के आतंकवादी। इसी प्रकार पंजाब में शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू सहित सभी भाजपाई चुनाव हार गए और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह तथा जेल में बंद आतंकवादी अमरजीत सिंह चुनाव जीत गए ,जो भविष्य में देश में सिख आतंकवाद फैलने की चेतावनी दे रहा है। मणिपुर की हिंसा भी देश की संप्रभुता के लिए एक चुनौती बन गई है। विश्वास है कि मोदी 3.0 सरकार अपनी पिछली गलतियों से सीख लेकर आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर देश के विकास पर अधिक जोर देगी।

# नीट परीक्षा परिणाम

नीट के परिणाम घोषित करने के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 14 जून की तारीख घोषित की थी, लेकिन अचानक से इन्हें 4 जून को (लोकसभा चुनाव परिणामों की चर्चा के बीच) घोषित कर दिया गया।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित कराए जाने वाली तमाम परीक्षाओं पर सवाल उठते रहे हैं,लेकिन इस बार के परिणामों में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने खुलेआम धांधली की सारी हदें तक पार कर दी हैं,जो समझ के बाहर है। इस बार 67 छात्रों के 720/720 अंक हैं। इतना ही नहीं,इन 67 छात्रों में से 6 छात्र एक ही एग्जाम सेंटर पर पेपर देने गए थे। इसी सेंटर से दो और टॉपर्स हैं, जिन्हें ऑल इंडिया रैंक 68 और 69 दे दिया गया है।

सवाल उठता है कि एक ही एग्जाम सेंटर से आठ टॉप ऑल इंडिया रैंक वाले छात्र कैसे आ गए? इन्हीं परिणामों में कुछ छात्रों के 720 में से 718 और 719 मार्क्स आए हैं। याद रहे इस पेपर में,नेगेटिव मार्किंग लागू होती है। पहले तो एनटीए ने बिना कोई सूचना दिए,लोकसभा चुनावों के कोलाहल के बीच परिणाम जारी कर दिए,लेकिन जब इन परिणामों पर बहस शुरू हो गई तो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 6 जून को एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि जिन छात्रों को परीक्षा में कम समय मिल पाया था, उन्हें ग्रेस दी गई है,लेकिन आज तक छात्र पूछ रहे हैं कि ग्रेस देने के नियम क्या है? ये सारे तथ्य बताते हैं कि अन्य परीक्षाओं की तरह नीट में भी बड़े स्तर पर धांधली हुई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारी मशीनरी ढंकने का प्रयास कर रहे हैं। एक तरफ ये परीक्षा छात्रों की जान ले रही है तो दूसरी तरफ धांधलियों के जरिए ईमानदारी से परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। अगर कोई परीक्षा हजारों छात्रों का भविष्य बनाने के बजाए उनकी जिंदगी खत्म कर रही हो तो उसे बदलने की सख्त जरूरत है। जरूरत इस बात की है कि नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों को दंडित किया जाए।

## एक नजर

### जानलेवा हमले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी, अमृत विचार। जायस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जानलेवा हमले में वांछित दो अभियुक्त को न गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के निशानदेही पर पुलिस ने मारपीट की घटना में प्रयुक्त दो अदद बांस की लाठी को भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त मो. इलियास (27) पुत्र लियाकत व रियासत (32) पुत्र लियाकत निवासी ग्राम पूरे मेड़ई मजरे मऊ थाना डीह जनपद रायबरेली हैं। दोनों को नसीराबाद रोड गंगाराम पुरवा के पास से सुबह करीब सात बजे गिरफ्तार किया गया। थाना जायस पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


अमेठी, अमृत विचार। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। बुधवार को संग्रामपुर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त विजय कुमार विश्वकर्मा निवासी अमटाही थाना संग्रामपुर सोनारी कलां गांव के पास मौजूद है। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर मंगलवार रात करीब 10 :40 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त पर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है।

### विभागों में खाली पदों के लिए तैयार हो रही सूचना

गौरीगंज, अमृत विचार। जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में खाली पड़े पदों के बारे में सूचनाएं तैयार की गई। विकास खंड और तहसील कार्यालयों से सूचनाएं मिलने के बाद शाम को पदवार, विभागवार रिक्तियों की सूचना शासन को भेजी गई है। बता दें कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पेपर लीक और बेरोजगारी का मुद्दा प्रमुख रहा है। चुनाव परिणाम आने के अगले दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक की।

# गर्मी में खूब हो रही विद्युत कटौती

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी



अमृत विचार। एक और जहां लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं वहीं दूसरी तरफ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था भी कष्ट बढ़ा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित कटौती से लोग बेहाल हैं। बिजली आने का कोई समय निर्धारित नहीं है। आती है तो लोकल फाल्ट से फिर गुल हो जाती है।

दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात के समय बिजली कटौती से लोगों की नींद तक हराम हो जाती है। कहीं छोटा फाल्ट होने पर भी आपूर्ति बहाल होते-होते रात गुजर जाती है। गांव से लेकर कस्बे तक बिजली की समस्या एक जैसी है। बिजली न आने से नगर व कस्बा क्षेत्र में पेयजल की भी समस्या हो रही है। बता दें कि इन दिनों जिले का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ रही है। लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। विद्युत विभाग द्वारा जारी किए गए 33/11केवी शुकुल बाजार पावर हाउस का नंबर 8948946080 है जो की अधिकतर स्विच ऑफ रहता है। विद्युत उपकेंद्र महोना शुकुल बाजार और सत्थिन से जुड़े गांवों में रोस्टिंग ब्रेकडाउन फॉल्ट लो वोल्टेज व कर्मचारियों की लापरवाही से बिजली की किल्लत बढ़ गई है ग्रामीणों के माने तो रात्रि में आए दिन कटौती होती रहती है शिकायत करने पर केबिल भ्रष्ट कहकर बता दिया जाता है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवक हुए घायल

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव नसिरापुर के सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित गांव नसिरापुर के सामने बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक चालक ज्ञानप्रकाश पुत्र महादेव निवासी गांव भिखारीपुर पतसिया व पारस पुत्र रामनाथ निवासी गांव कपूर पुर टड़वा कोतवाली बांगरमऊ गंभीर घायल हो गए।

# राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य का होगा सत्यापन, फर्जी नाम काटे जाएंगे

संवाददाता, शुकुल बाजार,अमेठी

अमृत विचार। जिले में राशन कार्ड धारकों की ई-पॉश मशीन के जरिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू हुई है। 30 जून तक राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य का सत्यापन जरूरी है। जो सत्यापन से छूटेंगे, उनकी जांच पूर्ति निरीक्षक करेंगे। गलत तरीके से लाभ लेने वालों की पुष्टि पर नाम काटे जाएंगे।

मुसाफिरखाना क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक जितेंद्र प्रजापति के मुताबिक, खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ से ई-केवाईसी के संबंध में आदेश जारी हुए हैं। इसके तहत सभी राशन कार्डों के यूनिटों की कार्डधारकों के सत्यापन के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। 30 जून 2024 तक कोटेदार के पास मौजूद ई-पॉश मशीन से कार्डधारकों की ई-केवाईसी होगी। साथ ही, मोबाइल नंबर भी अपडेट किया जाएगा। कार्ड धारकों से अपील की है कि वे कोटेदार के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड ले जाकर परिवार के सभी सदस्यों का सत्यापन करा लें। सत्यापन अंगूठे के निशान से होगा।

**30 जून चलेगा अभियान**



बताया गया कि जो भी कार्डधारक सत्यापन नहीं कराएंगे और कार्यालय के अधिकारियों की जांच में यूनिट गलत मिलेगा तो नाम/यूनिट काट दिया जाएगा।

# हमारी जीत अमेठी के हर कार्यकर्ता की जीत

## नवनिवार्चित सांसद किशोरी लाल शर्मा ने धन्यवाद कार्यक्रम में जनता का जताया आभार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। बीते मंगलवार को रायबरेली में सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ धन्यवाद सभा के बाद देर शाम किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पहुंच गए। बुधवार को उन्होंने सलोन और अमेठी में आभार समारोह के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। अमेठी में कांग्रेस की रिकॉर्ड जीत के लिए जनता और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

कहा कि हमारी जीत अमेठी के हर कार्यकर्ता की जीत है। महागठबंधन का प्रयास रंग लाया और हमारा चुनाव अमेठी की जनता ने लड़ा है। तमाम लोगों ने सत्ता के दबाव में रहते हुए भी कांग्रेस पार्टी का काम किया और प्रचार अभियान के दौरान किसी अन्य दल के खेमे में रहकर भी हमारे लिए काम किया है। जनमत के सामने सत्ता शासन नहीं चल सकता। उत्तर प्रदेश की जनता ने यह करके दिखा दिया है। किशोरी लाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में जीत दोहराने के लिए बड़े दिल का परिचय देते हुए सबके लिए काम करने और सेवा की राजनीति करने के संदेश दिए। बुधवार को यहां आभार समारोह में शामिल होने के लिए श्री शर्मा दोपहर बाद लगभग 2:30 बजे कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। भीषण गर्मी के कारण उन्होंने समारोह स्थल की बजाय कार्यालय के बरामदे में सभा की और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। गुरुवार को वह जगदीशपुर, तिलोई और गौरीगंज विधानसभा में आभार समारोह को संबोधित करेंगे। आभार समारोह में आशीष शुक्ला, प्रेम नारायण तिवारी एडवोकेट, मुन्ना सिंह त्रिशुंडी, रामफेर गौतम एडवोकेट, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, अशोक सिंह हिटलर, मो कुद्दूस खां, डा नरेंद्र मिश्र, विनोद मिश्रा, संजय सिंह कोहरा राज कुमार पांडेय, राकेश अग्रवाल, धर्मेंद्र शुक्ल, अनिल शुक्ला, अशोक दूबे, कलावती मौर्य, कमलेश सिंह, हरिशंकर जायसवाल, मनीराम वर्मा, मुकेश यादव, पवन दूबे, रवीन्द्र सिंह घोरहा, शुभम् सिंह, सौरभ मिश्र, कौशल किशोर मिश्र, त्रिभुवन गौतम , अब्दुल वाहिद,राजा ठाकुर, महावीर, राम केदार पासी, हीरामणि कनौजिया, कृपा शंकर सिंह, अजीत यादव, वीरेंद्र सिंह राजा, बृजेश मिश्र, राजकुमार शर्मा, संजीव द्विवेदी, दिनेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।



सांसद किशोरी लाल शर्मा का स्वागत करते समर्थक। अमृत विचार

### जनता की जरूरत के हिसाब से खर्च होगी सांसद निधि

किशोरी लाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सांसद निधि के खर्च और विकास कार्यों के बारे में अपनी नीति को स्पष्ट किया और कहा कि मेरे पास कोई एन जी ओ नहीं है। हमारे निजी रिसोर्सेज और सांसद निधि के खर्च जनता तय करेगी। सांसद निधि नियमानुसार ही खर्च की जायेगी। कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता की राय से प्रस्ताव तैयार करके कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज भेजेंगे। आफिस के कार्यों का बंटवारा कर दिया जायेगा। आफिस सुबह 10बजे से 5 बजे शाम तक चलेगा।

### जनता के दम पर लड़ी जाती है विपक्ष की लड़ाई

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता और नेता दोनों यह अच्छी तरह समझ लें कि विपक्ष की लड़ाई जनता के बल पर लड़ी जाती है। किसी भी कार्यकर्ता के साथ अन्याय और उत्पीड़न होने पर तमाशा न देंगे,उसको न्याय दिलाने के लिए जरूरत पड़ने पर थाने का भी घेराव कर सकते हैं। सभी नेता और कार्यकर्ता गरीबों की मदद के लिए ईमानदारी से काम करें।हम सभी बूथों के रिजल्ट की समीक्षा कर रहे हैं, नेताओं के काम की भी समीक्षा की जा रही है। सकारात्मक राजनीति करें, सेवा की राजनीति करनी है, प्यार के साथ सबको कांग्रेस से जोड़ना है।आभार समारोह का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवमणि तिवारी ने किया। समाजवादी पार्टी, और आम आदमी पार्टी के नेता भी सभा में शामिल हुए।

# तैराकी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन आज

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। खेल निदेशालय उप्र के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सबजूनियर, जूनियर बालक, बालिका वर्ग तैराकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन, ट्रायल्स निर्धारित किया गया है।

प्रदेश स्तरीय सबजूनियर जूनियर बालक बालिका तैराकी प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 13 जून, मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 15 जून एवं प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 23 जून तक जिला खेल कार्यालय सिद्धार्थ नगर में किया जायेगा। बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन, ट्रायल्स 13 जून को शाम 4.30 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। प्रतिभागी को अपने साथ आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र व पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। जूनियर ग्रुप-1 में 15 से 17 वर्ष आयु वर्ष 2007, 2008 व 2009 एवं जूनियर ग्रुप-2 में 12 से 14 वर्ष आयु वर्ष 2010, 2011 व 2012 तथा सबजूनियर ग्रुप-3 में 10 से 11 वर्ष आयु वर्ष 2013 एवं 2014 के प्रत्येक बालक/बालिका 05 इवेन्ट्स में भाग ले सकते है जिसके तहत ग्रुप-1 एवं ग्रुप-2 में फ्रीस्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, इनडिब्यूजल मिडले, रिले मिडले व रिले फ्रीस्टाइल तथा ग्रुप-3 में फ्रीस्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटर फ्लाई, इनडिब्यूजल मिडले, रिले मिडले इवेन्ट्स निर्धारित किये गये है।

### नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप, दी तहरीर

पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 10 जून को किसी काम से घर से बाहर गई थी। घर पर उसकी नाबालिग बेटी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी।

# नवनिर्मित पिंक बूथ का डीएम और एसपी ने किया उद्घाटन

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बुधवार को इन्हौना में नव निर्मित महिला पिंक बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह थाना इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रदत्त एवं स्थापित किया गया है। मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के लिए महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व उनके उत्थान हेतु पिंक बूथ की स्थापना की गई। उक्त पिंक बूथ के माध्यम से महिला सम्बन्धी अपराधों में तत्काल सहायता एवं सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी तिलोई अजय कुमार सिंह, इण्डोरामा जगदीशपुर के सीओओ राजेन्द्र शंखे, हेड एचआर मनोज कुमार झा, सीएसआर हेड अभिनव सिंह मौजूद रहे।



नवनिर्मित महिला पिंक बूथ का उद्घाटन करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

# थानाध्यक्ष ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को टीकरमाफी चौकी पर संभ्रांत व्यक्तियों के साथ थानाध्यक्ष ने बैठक की। बैठक में बकरीद को देखते हुए क्षेत्रवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। थानाध्यक्ष ईश नारायण मिश्र ने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। खुले में कुर्बानी न करें न ही अवशेष कहीं खुले में फेंकें। निर्धारित स्थल पर ही नमाज पढ़ी जाए। त्योहार को देखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही आम जनमानस से सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान राज बहादुर सिंह, अध्यक्ष व्यापार मंडल सतीश श्रीवास्तव, इंद्रजीत यादव, ज्वाला प्रसाद प्रजापति, संतोष गुप्ता, सोहेल अंसारी, गुड्डू, वकील अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

### सीएमओ ने कई अस्पतालों का किया निरीक्षण

अमेठी, अमृत विचार। बुधवार को एचडब्ल्यूसी तरोना सरवन मुहैया केसरिया का सीएमओ ने निरीक्षण किया। सीएचसी का रजिस्टर अपूर्ण मिलने पर तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं सीएचसी फुरसतगंज में कई स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले। बिना कारण बताये गैरहाजिर मिलने पर स्टाफ नर्स पूनम देवी, ममता यादव, डेंटल सर्जन डॉ. विजय बहादुर का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। स्पष्टीकरण संतोष जनक नही पाए जाने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी। वहीं सीएमओ ने मुहैया केसरिया में मरीजो को भी देखा। सूबेदार मुहैया केसरिया का निरीक्षण किया। यहां चार बच्चों का टीकाकरण एवं एक गर्भवती का टीकाकरण व जांच की गई थी, सीएचसी पर सभी सुविधाएं व चिकित्सक मौजूद मिले।

### किश्त के लिए बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं

अमेठी, अमृत विचार। शासन के निर्देशानुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 की प्रथम तिमाही किश्त का अंतरण आधार बेस्ड प्रणाली के अन्तर्गत किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त योजना के समस्त लाभार्थी जिनका बैंक खाते में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है, यथाशीघ्र अपने सम्बन्धित बैंक शाखा में अपने बैंक खाते में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट कराना सुनिश्चित करें, जिससे वित्तीय वर्ष 2024–25 की पेंशन की प्रथम तिमाही किश्त जनपद के समस्त लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

### गुमशुदा बच्चे को बरामद कर परिजनों को सौंपा

अमेठी, अमृत विचार। पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर चौराहे पर बीते मंगलवार की रात्रि एक कॉलर द्वारा यूपी 112 पुलिस को गुमशुदा बच्चे के मौजूद होने की सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पीआरवी पुलिस ने बच्चे को सकुशल परिजनों को सौंपा। दुर्गापुर चौराहे पर गुमशुदा बच्चे के मौजूद होने की यूपी 112 पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। बताया गया कि एक लड़का जिसकी उम्र करीब 10 वर्ष होगी, दुर्गापुर चौराहे पर खड़ा है, वह कुछ बता नहीं पा रहा है। इस सूचना पर पीआरवी 4999 द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा गया तो एक लड़का व अन्य स्थानीय लोग मौके पर मौजूद मिले। पीआरवी स्टाफ द्वारा बच्चे को पानी पिलाने के बाद नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम शिवा पुत्र शिवकरन निवासी ग्राम रंजीतपुर थाना सदर जनपद प्रतापगढ़ बताया। पीआरपी स्टाफ द्वारा जन सम्पर्क के माध्यम से बच्चे के परिजनों से सम्पर्क कर परिजनों को दुर्गापुर चौराहा थाना पीपरपुर पर बुलाकर बच्चे को सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने पुलिस के जवानों को धन्यवाद दिया है।

### टूटे पोल, 48 घंटे से अधिक बाधित रही बिजली आपूर्ति

फतेहपुर, चौरासी, उन्नाव, अमृत विचार। तेज हवा चलने के कारण बीते रविवार चार विद्युत पोल टूटकर गिर गए थे। जिससे क्षेत्र के कई गावों में रविवार शाम से गर्मी के चलते विद्युत आपूर्ति बंद है। इससे ग्रामीणों का हाल–बेहाल है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द ही पोल सही कराकर आपूर्ति बहाल किये जाने की मांग की है। बता दें कि क्षेत्र के आदिलापुर, देवीखेड़ा, भवानी खेड़ा, महमदपुर, कुशाल पुरवा, महामाइन खेड़ा गांव में तेज हवा चलने से बीते रविवार एक पेड़ की डाल विद्युत तार पर टूटकर गिर गई थी। जिससे चार पोल टूट गए थे। इससे गुल हुई बिजली बुधवार शाम तक सुचारु नहीं हो सकी। ऐसे में भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान हैं। चार दिनों से बिजली न आने से लोगों के मोबाइल फोन तक बंद हो चुके हैं। ग्रामीण लगातार विभागीय अधिकारियों–कर्मचारियों से सप्लाई चालू करवाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिजली न आने से ग्रामीणों को रातें अंधेरे में गुजारनी पड़ रही हैं। वहीं, जलापूर्ति बाधित होने से लोगों के सामने पेयजल का संकट भी खड़ा हो गया है। व्यापारियों व ग्रामीणों में राकेश पाल, बद्री प्रसाद, बाबू लाल, नोखेलाल, अमर सिंह ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से व्यापार ठप हैं। एसडीओ एजाज अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लाइनमैन से सर्वे कराया जा चुका है।

# जल जीवन मिशन : पानी की टंकियों का संचालन ग्राम पंचायतें करेंगी

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक नल परियोजना के अन्तर्गत पानी की टंकियों का संचालन ग्राम पंचायतें करेंगी। पेय जल एवं स्वच्छता समितियों को रख-रखाव के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

शासन की ओर से ग्राम पंचायतों को आबादी के आधार पर धनराशि दी जाएगी। एससी आबादी में 95 फीसदी और सामान्य आबादी में 90 फीसदी खर्च सरकार उठाएगी। हर घर तक नल परियोजना के समुचित संचालन और टंकियों और पाइप लाइनों के रख-रखाव के लिए सरकार की ओर से आवंटित धनराशि ग्राम पंचायतों के दो नए खातों में भेजी जाएगी। के-पैक्स और ओ-पैक्स नाम से दो खाते खुलवाए जा रहे हैं। इन खातों में उपलब्ध धनराशि से विद्युत बिल भुगतान, मरम्मत कार्य, मशीन संचालक के मानदेय का भुगतान आदि इन्हीं से किया जाएगा। बुधवार को अमेठी के एडीओ पंचायत पवन कुमार यादव ने कई ग्राम प्रधानों को बुलाकर खाते खुलवाए।

> परियोजनाओं के संचालन के बाद जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों को वित्तीय मदद दी जाएगी। अभी पानी के कनेक्शन नि:शुल्क किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। परियोजना का संचालन ग्राम पंचायतों को ही करना है।
>
> –इं. वीपी सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम, ग्रामीण

# झपकी आने से एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, दंपति घायल

संवाददाता औरास उन्नाव

अमृत विचार। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कार सवार पति-पत्नी व बच्चे घायल हो गए। घायलों को यूपीडा कर्मी सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने दंपती को गंभीर देख रेफर कर दिया।

बता दें कि जामिया नगर नई दिल्ली निवासी साहिद पुत्र शादिर अली पत्नी आफरीन व बेटे हैदर और अमार के साथ दिल्ली से कार से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के रास्ते से अयोध्या अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही उनकी कार एक्सप्रेस-वे पर किमी संख्या-252 के सामने पहुंची चालक शाहिद को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इसमें कार सवार दंपती व बच्चे घायल हो गए। घायलों को यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने शाहिद व आफरीन को प्राथमिक इलाज के बाद लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

## फंदे से लटककर महिला ने दी जान

उन्नाव। आसीवन थानांतर्गत अरेर कलां गांव के बाहर पेड़ पर महिला को शव फंदे से लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। थानाक्षेत्र के अरेर कलां गांव निवासी अनीता (32) पत्नी मटरू ने घर से करीब 500 मीटर दूर गांव निवासी गंगाचरन के बाग में लगे आम के पेड़ में लटककर खुदकशी कर ली। खेत गए ग्रामीणों ने उसका शव फंदे से लटका देखा तो सनसनी फैल गई। वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को नोटिस

हसनगंज उन्नाव। हसनगंज एसडीएम हिमांशु गुप्ता व तहसीलदार विराग करवरिया ने अप्रैल व मई माह में लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे संदाना, मलाव व भैसोरा गावों में 70 बीघा जमीन जो तालाब, चारागाह, कब्रिस्तान व वन विभाग के नाम दर्ज थी। उन जमीनों पर प्रापर्टी डीलरों व अन्य लोगों ने अभिलेखों में कूट रचित तरीके से नाम दर्ज कराकर कब्जा कर लिया था। जिस पर एसडीएम ने अभिलेखागार से 65 साल पुराना रिकार्ड निकलवाकर मिलान कराया तो फर्जीवाड़ा खुलकर सामने आ गया। इसके बाद एसडीएम ने 43 फाइलें चिन्हित कर 60 लोगों को नोटिस भेजकर एक हफ्ते में जमीन के कागज दिखाने की बात कही है। एसडीएम ने बताया कि दो माह में गोपनीय जांचकर कराई गई है।

**अव्यवस्था** ज्यादातर बिना नंबर के या फिर फर्जी नंबर लिखकर चल रहे हैं वाहन

# उन्नाव में बिना नंबर के ओवरलोड वाहन भर रहे फर्राटा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिले में बिना नंबर प्लेट और फर्जी नंबर लिखकर फर्राटा भर रहे ओवरलोड डंपर व ट्रक शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। आरोप है कि अफसरों की मिलीभगत होने से इन पर लगाम नहीं लग पा रही है और यह वाहन शाम होते ही जिले की सड़कों पर यमदूत बनकर दौड़ने लगते हैं। जिससे यह वाहन आमजन व राहगीरों के लिये जान का खतरा भी बनते जा रहे हैं।

बता दें कि जिले में इन दिनों एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया जा रहा है। इनके निर्माण में सैकड़ों डंपर व ट्रक लगे हैं। इन्हीं से मिट्टी के अलावा मौरंग, गिट्टी, बालू के अलावा अन्य निर्माण सामग्री पहुंचाई जा रही है। ओवरलोड व मानकों को दरकिनार कर सड़क पर दौड़ने वाले इन वाहनों पर प्रशासन लगाम नहीं लगा पा रहा है। सड़कों पर आएदिन हादसे हो रहे हैं लेकिन, अफसरों को ओवरलोड डंपर व ट्रक दिख नहीं रहे हैं। परिवहन, यातायात व पुलिस अफसर इन पर कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बने हैं। उनकी मिलीभगत होने से ऐसे वाहन अपनी क्षमता से दो से तीन गुना तक भार लादकर सड़कों को बदहाल कर रहे हैं। यातायात प्रभारी सुनील सिंह ने कहा कि ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध परिवहन या खनन विभाग कार्रवाई करता है।



पुरवा–मौरावां रोड से जाता ओवरलोड ट्रक। अमृत विचार



पुरवा–मौरावां रोड से जाता बिना नंबर का डंपर। अमृत विचार

### बोले एआरटीओ

एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने बताया कि ओवरलोड या बिना नंबर प्लेट लगाकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जाती है। आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी वाहन को मानकों के विरुद्ध चलने नहीं दिया जाएगा।

### किस्त जमा न होने से वाहन खींचे जाने का बनाते हैं बहाना

बिना नंबर प्लेट चलने वाले ओवरलोड डंपर व ट्रक चालक इसके पीछे फाइनेंस कंपनी से बचने का बहाना बनाते हैं। उनका जवाब रहता है कि वाहन की किस्त जमा नहीं हो पाने से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी वाहन को खींच लेते हैं।

## एक नजर

### पागल कुत्ते ने तीन को काटकर किया घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कटसारी गांव में मंगलवार की रात लगभग नौ बजे एक पागल कुत्ते ने गांव के कौशलेश मणि मिश्र ( 85 ) ,जितेंद्र बहादुर सिंह ( 75 ) एवं शैलेंद्र सिंह ( 35 ) को काट लिया। तीनों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें टिट बैक एवं एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाया। पागल कुत्ते से गांव वाले परेशान है।

### नालालिग लड़की को भगाने का केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की को एक युवक बहला फुसला कर भाग ले गया। आरोप है कि क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग बालिका को 10 जून की रात करौदी कला थाने के पटना पवारों पट्टी गांव के राजन बहला फुसलाकर भगा ले गए। लड़की की मां की तहरीर पर बुधवार को पुलिस ने राजन के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

### संस्था ने पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अग्रणी समाजसेवी संस्था इंडिया एंटी करप्शन फोर्स के महासचिव विपिन मिश्रा की अगुवाई में बुधवार को पहले स्थापना दिवस के पर अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) सुनंदु सुधाकरन के हाथों कलेक्ट्रेट परिसर मे पीपल के पौधे का रोपण करवाया। संगठन के संरक्षक विद्या भूषण पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन, विधिक सलाहकार एवं प्रवक्ता देवेन्द्र पाठक, संगठन मंत्री प्रमोद पांडेय, अभिषेक मिश्रा, दिनेश वर्मा, रत्नेश मिश्रा, संजय सिंह, पेशकार शहजाद अहमद, सौरभ शुक्ला आदि ने भी पौधारोपण किया।

# महिला की जमीन पर दबंग कर रहे कब्जा

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

▸▸ पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचारः** एंटी भू-माफिया सेल फेल हो गई है। चार बेटियों के साथ रह रही एक महिला की जमीन दबंग कब्जाने में जुटे हैं। उसे धमकियां दे रहे हैं ,लेकिन स्थानीय स्तर पर उसे न्याय नहीं मिल रहा।

बुधवार को महिला ने एसपी से गुहार लगाया। जिस पर उसे एसपी द्वारा विधि संगत कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह पूरा मामला हलियापुर थानाक्षेत्र के हलियापुर कस्बे का है। कस्बे की रहने वाली मैमून जहां पत्नी इतबार खां ने बुधवार को एसपी से मिलकर शिकायत किया। पीड़िता ने बताया कि गांव में उसकी पुश्तैनी जमीन है। जिस पर नीम,बरगद,गूलर व बैर के वृक्ष लगे हैं। इसी जमीन पर सरहंग सगे भाई व अन्य कब्जा करना चाह रहे हैं। दबंगों ने यहां वृक्षों को कटवा दिया है अब जमीन पर अवैध रूप से काम करा रहे। पीड़िता ने बताया वो चार बेटियों के साथ रहती है। एक सप्ताह से दबंग रोज परेशान कर रहे। जिस पर एसडीएम से शिकायत किया। एसडीएम ने सीओ व एसओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। एसपी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# आशनाई के चक्कर में हुई थी आलोक की हत्या

## चचेरे भाई की पत्नी से अवैध संबंध बना हत्या का कारण, धम्मौर के बिकना गांव में मिला था सिर कटा शव

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** आलोक कुमार की नृशंस हत्याकांड का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया है। गांव के ही रिश्ते में चचेरे भाई की पत्नी के साथ अवैध संबंध बनाने पर उसने गला काटकर आलोक की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया है।

बीते रविवार की शाम नगर कोतवाली क्षेत्र के अफलेपुर निवासी आलोक कुमार घर से निकला था। सोमवार की सुबह उसका सिर कटा शव धम्मौर थाना क्षेत्र के बिकना गांव में मिला था। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए थे। तहरीर पर धम्मौर थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार की सुबह परिजनों ने युवक का शव लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर स्थित अमहट में रख राजमार्ग जाम कर दिया। एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद के आश्वासन पर माने परिजन युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं, घटना के खुलासे के लिए स्वाट प्रभारी धीरेंद्र कुमार, धम्मौर थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल हमराहियों के साथ लगे थे। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने मामले का खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक मृतक आलोक कुमार का गांव के ही संदीप कुमार की पत्नी से बातचीत होती थी। संदीप कुमार ने आलोक को बात करने से मना किया था। लेकिन वह नहीं माना तो उसने आलोक को ठिकाने लगाने के लिए रविवार को फोन कर अमहट बुलाया। वहां से उसे अपने साथ लेकर धम्मौर अपने ननिहाल चला गया। जहां उसने आलोक को शराब पिलाया। आलोक जब नशे में हो गया तो उसे खेत में ले जाकर अपने नाना शिव प्रसाद के साथ ईंट से उसकी हत्या कर गला काट दूसरी जगह फेंक दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपने घर चले गए थे। स्वाट टीम व धम्मौर थाने की पुलिस ने दोनों को आलाकत्ल ईंट, चाकू, धुली हुई शर्ट व गमछे के साथ गिरफ्तार कर लिया।



मामले का खुलासा करते एएसपी अरुण चंद्र।

अरुण चन्द्र अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 24 घंटे के अंदर घटना के सफल अनावारण के लिए आईजी रेंज द्वारा पुलिस टीम को 25 हज़ार के ईनाम से पुरस्कृत किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

## ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, लोगों ने चालक को पकड़ पुलिस को सौंपा

**बल्दीराय, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** ई-रिक्शा से बेटी के साथ अल्ट्रासाउंड कराने महिला जा रही थी। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा में ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी तेज़ थी कि मां-बेटी व ई-रिक्शा चालक सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरी महिला को मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्राली कुचलते हुए निकल गई। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली व चालक को पकड़कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

बुधवार को बल्दीराय थाना क्षेत्र के पटैला गांव निवासी सुमना देवी पत्नी स्व राम मिलन अपनी पुत्री ज्योति को लेकर ई रिक्शा से अल्ट्रासाउंड कराने जा रही थी। अभी वह लोग इसौली-बल्दीराय मार्ग पर नंदौली गांव के समीप पहुंची थी तभी मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने ई-रिक्शा में ठोकर मार दिया। ठोकर इतनी तेज़ थी कि मां बेटी व ई-रिक्शा चालक सड़क पर गिर गए। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली महिला को कुचलते हुए निकल गया। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेते हुए घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं मृतक महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली व चालक को हिरासत में लिया गया है। महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।


घटनास्थल पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

# जंगल में मिला महिला का सिर कटा शव

● तीन से चार दिन पुराना लग रहा शव, सिर धड़ से कुछ दूर मिला

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** गांव के बाहर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त न हो पाने के बाद शव का पंचनामा करते हुए मोर्चरी में रखवा दिया।

बुधवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के सोहगौली ग्राम पंचायत के डड़िवा गांव के बाहर जंगल में नाले के समीप अज्ञात महिला का शव पड़ा मिला। गांव के बाहर जंगल में शव पड़े होने की सूचना फैलते ही काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर महिला का सिर थोड़ी दूर पर पड़ा मिला। पुलिस टीम ने महिला के दोनों हाथों की तलाश की, लेकिन कही नहीं मिला। वहीं, शरीर का कुछ भाग जंगली जानवर खा चुके थे। ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव के शिनाख्त के प्रयास किया जा रहा है। शव को जंगली जानवरों ने क्षत विक्षत कर दिया था। घटनास्थल पर हत्या की स्थिति नहीं लग रही है। घटना स्वाभाविक मृत्यु लग रही है।


घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। अमृत विचार

### दिव्या सिंह दूबेपुर तो राधेश्याम बने बल्दीराय के बीडीओ

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ अंकुर कौशिक ने दूबेपुर के खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम को बल्दीराय मे तैनाती दी है। भदैया की खण्ड विकास अधिकारी दिव्या सिंह को दूबेपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सीडीओ अंकुर कौशिक ने बताया कि बल्दीराय का चार्ज डीडीओ अजय कुमार पांडेय तो दूबेपुर का चार्ज बीडीओ राधेश्याम से लेते हुए कार्यभार ग्रहण करे।

# जानलेवा हमले के सात आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज

## अदालत से

▸▸ अमेठी जिले के थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक में तीन माह पूर्व ग्राम कैमा में हुआ था जानलेवा हमला

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक में तीन माह पूर्व ग्राम कैमा में जानलेवा हमला करने के सात आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक पुरानी रंजिशन थाना क्षेत्र के चन्द्रेश पर लाठी डंडे, कुल्हाड़ी व तमंचे के बट से बीती 20 मार्च को जानलेवा हमला करने के आरोपी राजबहादुर, संजय कुमार, रामकुमार, राजन मौर्य, नीलेश, दिलीप व हितेश कुमार की अग्रिम जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। आरोपियों ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपियों की अग्रिम जमानत खारिज कर दी है। अर्जी खारिज होने से आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आरोपियों पर गांव के छोटेलाल ने केस दर्ज कराया है।

### आप के मंत्री सोमनाथ भारती केस में सुनवाई टली

**सुलतानपुर :** एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट के यहां विचाराधीन मामलों में कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के चलते बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। आम आदमी पार्टी के मंत्री सोमनाथ भारती के केस में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है। लम्भुआ विधायक सीताराम वर्मा व सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा के मामले में सुनवाई के लिए 26 जून, वहीं सपा के पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई के लिए 25 जून की तारीख नियत की गई है।

### चिकित्सक हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर :** शहर के शास्त्री नगर मोहल्ले के संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सेशन जज जेपी पांडेय की कोर्ट में बुधवार को भी गवाही शुरू नहीं हो सकी। अदालत ने सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख नियत की है। हत्याकांड में आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षड़यंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय हुए थे। बीते साल 23 सितंबर को हुए हत्याकांड के चौथे आरोपी विजय नारायण सिंह की बीते सात अप्रैल को प्रापर्टी के विवाद में हत्या कर दी गई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### गर्भपात के आरोप में अग्रिम विवेचना का आदेश

**सुलतानपुर :** धनपतगंज थाना के पुलिया निवासी जौव्वाद अली की अर्जी पर एसीजेएम शालीन मिश्र ने गर्भपात के मामले में अग्रिम विवेचना का आदेश दिया है। आरोपी रुखसार, गुलजार, अल्ताब, अफसर और अफसाना के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर पिटाई और गर्भपात के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें वादी जौव्वाद का हाथ फैक्चर हो गया था और बहू शहनाज को चोटें आने से उसका गर्भपात हो गया था। विवेचक ने आरोपियों पर रहम दिखाते हुए गर्भपात का आरोप हटाकर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। जौव्वाद अली ने अधिवक्ता से शेख नजर अहमद के जरिए न्यायालय में आरोप पत्र को चुनौती दी और अग्रिम विवेचना की मांग की। अधिवक्ता के तर्कों और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने विवेचक को चार्जशीट लौटाते हुए अग्रिम विवेचना का आदेश किया है।

## वर्ग पहेली-99

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।

8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश, न बोलना 2. ( मुनियों का ) एक प्रकार का व्रत या चर्या। ( मु. ) - स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र ( फ़ोटोग्राफ़ ) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, ( पुलिस-स्टेशन )।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, ( एलाइव ) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।


2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।




### वर्ग पहेली -98 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| | | | | | ट | |
| 3 सिं | | 4 छु | | | क | |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | | 7 खुं |
| त | | मु | | 8 चा | फं | द |
| | 9 पि | न | पि | न | | का |
| | | | | | | र |

## सुडोकू -12

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 4 | | | 7 | |
| | 4 | | 3 | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | | 9 | | 8 | |
| | | 5 | | 1 | | | 3 | |
| 4 | 1 | 7 | | | | 2 | 9 | 6 |
| | 8 | | | 6 | | 4 | | |
| | 3 | | 4 | | | | 2 | 9 |
| | 2 | | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | | 5 | | | | 1 |

### सुडोकू - 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 4 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 |
| 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 |

# कादीपुर विधायक ने सीएम से मिल दिया मांगपत्र

**कादीपुर, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिलकर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं लागू किए जाने की मांग करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक राजेश गौतम ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिलकर बिजेथुआ महावीरन धाम को पर्यटन स्थल व बिजेथुआ कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में एक मांगपत्र सौंपा। वहीं उन्होंने दोस्तपुर के बढौली कामतागंज नेमपुर मार्ग का चौड़ीकरण और उच्चीकरण की भी मांग किया। बताते चले कि यूपीडा और पीडब्ल्यूडी की आपसी टकराव के कारण बढौली कामतागंज नेमपुर मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कादीपुर में नवीन मंडी स्थल बनाए जाने की भी मांग की। कादीपुर तहसील का अंतिम छोर जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर तक लगता है। इसके अलावा विधायक ने चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री की जनसभा में आ रहे भाजपा कार्यकर्ता राम श्रृंगार निषाद की मृत्यु का भी जिक्र करते हुए उसके परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कादीपुर भूपेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष करौदी कला विक्की वर्मा, मंडल अध्यक्ष अखंड नगर हौसिला राजभर, मंडल अध्यक्ष राहुल नगर ब्रह्मदेव सिंहमौजूद रहे।


लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते कादीपुर विधायक राजेश गौतम। अमृत विचार

## दुष्कर्म का आरोपी बुजुर्ग गया जेल


**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पैसे का लालच देकर 70 वर्षीय बुजुर्ग ने किशोरी से दुष्कर्म किया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर था। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 70 वर्षीय बुर्जुग दशरथ ने गांव की एक किशोरी को पैसे का लालच देकर सुनसान झोपड़ी में दुष्कर्म किया। किशोरी के चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे ग्रामीणों ने बुर्जुग को पकड़ कर पुलिस को सौप दिया। किशोरी के मां की तहरीर पर पुलिस ने बुजुर्ग के खिलाफ़ दुष्कर्म साहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। बुधवार को थाना प्रभारी आर बी सुमन ने आरोपी बुर्जुग को न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.33 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 14 जून 05.08 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज विवाह संबंधी मामलों को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। कानूनी मामलों में लापरवाही भारी पड़ सकती है। विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च होगा। आप कुछ बड़े एवं साहसिक निर्णय ले सकते हैं,लेकिन अभी परिणाम को लेकर जल्दबाजी करना उचित नहीं है।

**वृष** — आज परिवार के लोगों से आपका तालमेल काफी अच्छा रहेगा। कुछ लोग आपको गलत सलाह देकर भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं। सेहत को लेकर सावधानी रखें। आप खानपान को लेकर काफी शौकीन हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मिथुन** — आज इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। यात्राओं के लिए दिन काफी सुखद रहेगा। कारोबार में विस्तार करने के योग बन रहे हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं।

**कर्क** — आज लोग आपसे धन उधार ले सकते हैं, लेकिन वापस करने में विवाद कर सकते हैं। इसीलिए आपको धन उधार नहीं देना चाहिए। आपकी अपेक्षा के अनुसार काम नहीं होंगे। मन कुछ अप्रसन्न हो सकते हैं। परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रहेंगी।

**सिंह** — आज कारोबार में आप विस्तार कर सकते हैं। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होने से आपको लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में तेजी से सुधार होगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा।

**कन्या** — आज आपके सहकर्मियों के साथ अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। आपको धन से जुड़े हुए मामलों में सावधानी रखनी होगी। आपकी कार्यशैली में काफी बदलाव आ सकते हैं जिनसे आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को सफलता मिल सकती है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग से अपनी बातें मनवाई जा सकती है। लंबे समय से आप जिस अवसर की प्रतीक्षा में थे,वह आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज शत्रु आपके सामने काफी कमजोर पड़ेंगे। बीमा आदि के द्वारा आपको धन लाभ होगा। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। परिजन आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए कमजोर रहने वाला है। धन के मामलों को लेकर आपको सावधान हो जाना चाहिए। पैरों में चोट लग सकती है। उधार लिए हुए धन को लौटाने का दबाव आपको परेशान कर सकता है। परिवार को लेकर चिंता हो सकती है।

**मकर** — आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सेहत को लेकर आपको काफी ध्यान रखना होगा। चिंता व तनाव लेने से आपको बचना चाहिए। होटल व्यवसायियों को मैनेजमेंट को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आपकी किसी योजना के लंबित होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज कानूनी मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। किसी बड़ी समस्या का पूर्ण समाधान मिल सकता है। धन को लेकर आप काफी भाग्यशाली रहेंगे। प्रेम विवाह के लिए परिवार का समर्थन मिल सकता है।

**मीन** — आज व्यवसाय को लेकर यात्रा होने के योग बन रहे हैं। कुछ लोग आपके काम में कमी निकालने का प्रयास करेंगे। आपको वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिलेगा। परिवार को लेकर तनाव दूर होगा। आप नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
प्रेम दीवाने — सुबह : 10.03
हिरासत — रात : 07.00

&pictures
खूंखार — सुबह : 10.43
जर्सी — रात : 08.00

SONY PIX
स्मर्फ्स : द लॉस्ट विलेज — सुबह : 10.40
इट — रात : 09.00

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — दोपहर : 12.09
मायोन — रात : 08.00

colors CINEPLEX
रंगीला — सुबह : 11.46
क्वीन — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मोनू- अगर मुझे दूसरा दिमाग लगवाने की जरूरत पड़ी तो मैं तुम्हारा दिमाग लगवाना चाहूंगा।
सोनू- मतलब तुम मानते हो कि मेरे पास जीनियस का दिमाग है?
मोनू- नहीं, मुझे ऐसा दिमाग चाहिए जो पहले कभी यूज न हुआ हो...

डॉक्टर चिंटू से- चश्मा किसके लिए बनवाना है?
चिंटू- जी, मास्टर जी के लिए
डॉक्टर- पर ऐसा क्यों?
चिंटू- क्योंकि मास्टर जी को मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1080 बोल्ड 1110 डीएमओ 820।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मोदी 3.0 कैबिनेट गठन के बाद बाजार पर सकारात्मक प्रभाव की उम्मीद

अब जब मोदी 3.0 कैबिनेट का गठन हो चुका है जो मुख्य रूप से मोदी 2.0 जैसा ही है जिसमें गृह, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विभाग अनुभवी मंत्रियों को दिए गए हैं? सवाल उठता है कि भारतीय शेयर बाजार के प्रदर्शन का क्या होगा, क्या इससे यह धारणा बढ़ेगी कि सरकार के 100 दिन के एजेंडे का शेयरों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइए समझते हैं कि खुदरा निवेशकों को छोटी, मध्यम और लंबी अवधि के लिए किन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता-बाजार की धारणा और निवेशकों का विश्वास बढ़ाना:** तीसरे कार्यकाल के लिए मोदी सरकार के दोबारा चुने जाने से, मोदी 2.0 के समान कोर कैबिनेट सदस्यों को बनाए रखते हुए, बाजार सहभागियों और खुदरा निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण उत्साह पैदा हुआ है। इस निरंतरता को नीतिगत स्थिरता और चल रहे आर्थिक सुधारों के संकेत के रूप में माना जाता है, जिसका शेयर बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पहले 100 दिनों के लिए सरकार का एजेंडा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि सुधार और वित्तीय समावेशन सहित कई प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनका उद्देश्य आर्थिक विकास को बनाए रखना और निवेश आकर्षित करना है। इस लेख में, हम उन शेयरों का पता लगाएंगे जिन पर खुदरा निवेशकों को वर्तमान राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर लघु, मध्यम और दीर्घकालिक निवेश के लिए विचार करना चाहिए।


रजत मेहरोत्रा, वित्तीय और कर सलाहकार।

**100 दिन के एजेंडे को समझना:** स्टॉक अनुशंसाओं पर विचार करने से पहले, सरकार के 100 दिनों के एजेंडे और विभिन्न क्षेत्रों पर इसके संभावित प्रभाव को समझना आवश्यक है...

**बुनियादी ढांचा विकास:** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और नौकरियां पैदा करने के लिए सड़क नेटवर्क, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विस्तार पर जोर।

**डिजिटल परिवर्तन:** डिजिटल इंडिया, तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाने जैसी पहलों पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया।

**कृषि सुधार:** किसानों की आय में सुधार, कृषि का आधुनिकीकरण और बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नीतियां लागू करना।

**निष्कर्ष:** मोदी 3.0 कैबिनेट की निरंतरता और सरकार के महत्वाकांक्षी 100 दिनों के एजेंडे ने बाजार की धारणा और निवेशकों के विश्वास को मजबूत किया है। जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं, डिजिटल परिवर्तन में तेजी आ रही है, कृषि सुधार लागू हो रहे हैं और वित्तीय समावेशन के प्रयास मजबूत हो रहे हैं, कई क्षेत्र विकास के लिए तैयार हैं। खुदरा निवेशक इन क्षेत्रों के शेयरों पर ध्यान केंद्रित करके, अपने निवेश को अपनी जोखिम सहनशीलता और निवेश क्षितिज के साथ जोड़कर लाभ उठा सकते हैं। हालांकि इस लेख में दी गई स्टॉक अनुशंसाएं वर्तमान बाज़ार रुझानों और अपेक्षित नीति प्रभावों पर आधारित हैं, निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना स्वयं का शोध करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर सलाह लें। सूचित रहकर और रणनीतिक निवेश निर्णय लेकर, खुदरा निवेशक सरकार के एजेंडे द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

**ध्यान दें:** इस लेख में उल्लिखित स्टॉक केवल सूचनात्मक उद्देश्यों के लिए हैं और इन्हें वित्तीय सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने में जोखिम शामिल है और कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले गहन शोध करना या परामर्श आवश्यक है।

**वित्तीय समावेशन:** वित्तीय साक्षरता और समावेशन को बढ़ाने के लिए जन धन योजना जैसी पहल को मजबूत करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना।

**क्षेत्रीय प्रभाव और स्टॉक अनुशंसाएं:** उपरोक्त एजेंडे को देखते हुए, कई क्षेत्रों को महत्वपूर्ण लाभ होने की संभावना है। आइए उन शेयरों पर गौर करें जिन पर खुदरा निवेशकों को ध्यान केंद्रित करना चाहिए...

**1. बुनियादी ढांचा-अल्पकालिक निवेश:** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) लार्सन एंड टुब्रो भारत में एक अग्रणी इंजीनियरिंग और निर्माण कंपनी है, जिसके पास मजबूत ऑर्डर बुक और मजबूत निष्पादन क्षमताएं हैं। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार के दबाव के परिणामस्वरूप एलएंडटी के ऑर्डर में वृद्धि और वित्तीय प्रदर्शन में सुधार होगा।

**मध्यम अवधि का निवेश:** अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे-जैसे बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू होंगी, सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री की मांग बढ़ेगी। भारत में सबसे बड़े सीमेंट उत्पादकों में से एक होने के नाते, अल्ट्राटेक सीमेंट को इस बढ़ी हुई मांग से लाभ होगा।

**दीर्घकालिक निवेश:** आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स सड़क और राजमार्ग निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी है। सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, आईआरबी दीर्घकालिक विकास के लिए अच्छी स्थिति में है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) और बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं पर कंपनी का ध्यान स्थिर राजस्व प्रवाह और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करता है।

**2. डिजिटल परिवर्तन- अल्पकालिक निवेश:** इंफोसिस आईटी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी इंफोसिस, डिजिटल परिवर्तन पहल से लाभान्वित होने के लिए तैयार है। डिजिटल सेवाओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा में कंपनी की उपस्थिति इसे अल्पकालिक लाभ की स्थिति में लाती है क्योंकि व्यवसायों और सरकार ने डिजिटल अपनाने को बढ़ावा दिया है।

**मध्यम अवधि का निवेश:** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज एक अन्य आईटी दिग्गज टीसीएस के पास सेवाओं का एक विविध पोर्टफोलियो और एक मजबूत ग्राहक आधार है। चल रहे डिजिटल परिवर्तन से टीसीएस की सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे राजस्व में वृद्धि होगी।

**दीर्घकालिक निवेश:** प्रमुख दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल भारत की डिजिटल क्रांति में सबसे आगे है। 5जी तकनीक में कंपनी का निवेश और अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार इसे एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश बनाता है। जैसे-जैसे डिजिटल सेवाओं का प्रसार होता है, कंपनी को निरंतर विकास से लाभ होगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,750 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,750-54,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,600 |
| चांदी पक्की | 883 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,050 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

## सोने की कीमत में 250 और चांदी में 800 रुपये की हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये की बढ़त के साथ 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये उछलकर 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।

## अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन 3 माह के निचले स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- आंकड़ों के मुताबिक पांच प्रतिशत बढ़ा उत्पादन

देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र के सुस्त प्रदर्शन की वजह से 3 माह के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, इस दौरान खनन और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक गतिविधियों का सूचक माना जाने वाला औद्योगिक उत्पादन सूचकांक अप्रैल महीने में पांच प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 प्रतिशत बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मार्च, 2024 में 5.4 प्रतिशत रही थी जबकि फरवरी में यह 5.6 प्रतिशत के स्तर पर थी। इस तरह अप्रैल में यह सूचकांक मासिक आधार पर घटा है। आईआईपी का पिछला निचला स्तर जनवरी, 2024 में 4.2 प्रतिशत रहा था। वित्त वर्ष 2023-24 में आईआईपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही, जबकि 2022-23 में यह 5.2 प्रतिशत थी।

## चौहान ने कृषि क्षेत्र में नई जान फूंकने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया।

## जीवन बीमा कंपनियों को पॉलिसी पर उपलब्ध करानी होगी ऋण सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

- इरडा ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों के लिए लागू किया नियम

भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी जीवन बीमा बचत उत्पादों में पॉलिसी ऋण की सुविधा अब अनिवार्य कर दी है, जिससे पॉलिसीधारकों को नकदी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी।

जीवन बीमा पॉलिसी के संबंध में सभी विनियमों को एकीकृत करने वाले मास्टर परिपत्र को बुधवार को जारी करते हुए इरडा ने कहा कि फ्री-लुक अवधि अब 30 दिन की है। पहले यह अवधि 15 दिन थी। फ्री-लुक अवधि में पॉलिसी के नियमों तथा शर्तों की समीक्षा करने के लिए समय प्रदान किया जाता है। नया मास्टर परिपत्र सामान्य बीमा पॉलिसी के लिए नियामक द्वारा की गई इसी प्रकार की प्रक्रिया के बाद आया है। इरडा ने कहा-यह बीमा नियामक द्वारा पॉलिसीधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए उठाए गए सुधारों की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव और संतुष्टि को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है।

# राष्ट्रीय

# दबाव बनाने की रणनीति पर नहीं जारी कर सकते एलओसी

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने बैंक की ओर से जारी किया गया लुकआउट सर्कुलर खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि जब धोखाधड़ी या पैसे की हेराफेरी का कोई आरोप न हो तो बैंक कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी नहीं कर सकता।

अदालत ने उस कंपनी के पूर्व निदेशक के खिलाफ जारी एलओसी को खारिज कर दिया, जो कर्ज चुकाने में विफल रही और जिस पूर्व निदेशक ने कर्ज के लिए गारंटी दी थी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि एलओसी विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति के लिए एक बड़ी बाधा है। इसने कहा कि किसी व्यक्ति को बहुत ही मजबूर करने वाले कारणों के अलावा विदेश जाने के उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।




न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने 28 मई को पारित अपने फैसले में कहा-इस न्यायालय की राय है कि कानून में उपलब्ध सभी उपायों का सहारा लेने के बाद बैंक उस व्यक्ति से कर्ज वसूली के लिए दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर एलओसी जारी नहीं कर सकता, जो अधिक भुगतान करने में असमर्थ हो और उसके खिलाफ ऋण धोखाधड़ी में शामिल होने या ऋण राशि के गबन का आरोप न हो।

अदालत ने कहा कि मौजूदा मामले में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई आपराधिक कार्यवाही लंबित नहीं है और न ही उसके खिलाफ गबन में शामिल होने का कोई आरोप है। याचिकाकर्ता कंपनी के निदेशकों में से एक था, जिसने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त 69 करोड़ रुपये के ऋण की गारंटी दी थी। बाद में उसने कंपनी से इस्तीफा दे दिया और दूसरी संस्था में नौकरी करने लगा। कंपनी के ऋण चुकाने में विफल रहने के बाद बैंक ने विभिन्न कानूनों के तहत उसके (निदेशक के) खिलाफ कार्यवाही शुरू की और एलओसी जारी करने का भी अनुरोध किया।

अदालत ने कहा कि यद्यपि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत विदेश यात्रा करने के अधिकार की गारंटी दी गई है और इसे मनमाने एवं अवैध तरीके से नहीं छीना जा सकता है, लेकिन "अब बड़ी संख्या में ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जहां बैंक बिना किसी आपराधिक कार्यवाही शुरू किये पैसे वसूलने के उपाय के तौर पर लुकआउट सर्कुलर खोलने पर जोर दे रहे हैं।

### न्यायालय ने कहा-बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता

अदालत ने कहा कि केंद्र के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, एलओसी तब जारी किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति की विदेश रवानगी भारत की संप्रभुता या सुरक्षा या अखंडता या द्विपक्षीय संबंधों अथवा भारत के रणनीतिक और/या आर्थिक हितों के लिए हानिकारक हो। अदालत ने कहा कि बैंक ऋण चूक के हर मामले में एलओसी का सहारा नहीं लिया जा सकता है, क्योंकि नागरिकों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि उपर्युक्त के मद्देनजर, याचिकाकर्ता के खिलाफ जारी लुकआउट सर्कुलर को रद किया जाता है।

# ओडिशा के 15वें मुख्यमंत्री बने मोहन माझी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंहदेव और प्रभाती परिदा बने डिप्टी सीएम

आदिवासी नेता एवं चार बार के विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार को यहां एक समारोह में ओडिशा के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री शामिल हुए। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पटनागढ़ से विधायक केवी सिंह देव तथा निमापारा विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक बनीं प्रभाती परिदा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पिछली विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक रहे माझी हाल में हुए विधानसभा चुनाव में चौथी बार विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने क्योंझर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की। जनता मैदान में राज्यपाल रघुबर दास ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।


मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भुवनेश्वर में शपथ लेते हुए। •

यह पहली बार है जब ओडिशा में भाजपा की सरकार बनी है। समारोह में मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, भूपेन्द्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, जुएल उरांव, अश्विनी वैष्णव और अन्य लोग शामिल हुए।

सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्र, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना और कृष्ण चंद्र महापात्र ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। गणेश राम सिंह खूंटिया, सूर्यबंशी सूरज, प्रदीप बालासनंता, गोकुला नंदा मल्लिक और संपद कुमार स्वैन ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र) के रूप में शपथ ली।

## चंद्रबाबू ने संभाली आंध्र की कमान, पवन कल्याण बने उपमुख्यमंत्री

**अमरावती।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। जनसेना प्रमुख एवं अभिनेता पवन कल्याण, चंद्रबाबू नायडू के बेटे नारा लोकेश समेत अन्य ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं पवन कल्याण अब बतौर डिप्टी सीएम आंध्रप्रदेश का कार्यभार सभांलेंगे। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने नायडू और अन्य को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद चंद्रबाबू नायडू को प्रधानमंत्री मोदी ने गले लगाया और उनकी पीठ थपथपाई। बाद में, प्रधानमंत्री ने अभिनेता चिरंजीवी और पवन कल्याण का हाथ पकड़कर उनसे आत्मीयता से बात की और मंच पर तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, तमिल सुपरस्टार रजनीकांत और उनकी पत्नी लता के साथ भी बातचीत की। हाल में हुए चुनाव में नायडू ने अपनी कुप्पम सीट बरकरार रखी, जबकि पवन कल्याण और लोकेश ने पिथापुरम और मंगलगिरि विधानसभा क्षेत्रों से जीत हासिल की। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी तथा जे.पी. नड्डा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी इस मौके पर मौजूद थे। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश एन.वी. रमण और अभिनेता रजनीकांत तथा चिरंजीवी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।


मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया गया। • एजेंसी

## एक नजर

### येदियुरप्पा ने की पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा ने अपने खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले को खारिज करने की मांग करते हुए राज्य के उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। श्री येदियुरप्पा ने 12 जून को दायर की गई याचिका में तर्क दिया गया है कि शिकायत में अपराध के किसी भी तत्व का अभाव है। यह मामला 14 मार्च का है, जब एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

### ठाणे में एक रसायन कारखाने में लगी आग

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में बंद पड़े एक रसायन कारखाने में बुधवार को सुबह आग लग गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कल्याण डोंबिवली नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख दीपक निकम ने बताया कि आग से अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग के साथ-साथ कारखाने की एक इकाई में विस्फोट भी हुआ है। उन्होंने कहा कि कारखाने से निकल रहे धुएं को दूर से देखा जा सकता था। यह कारखाना अमुदन केमिकल्स के पास स्थित है।

## लोग परेशान हैं, टैंकर माफिया के खिलाफ आपने क्या कार्रवाई की

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से किया सवाल



उच्चतम न्यायालय ने पानी की बर्बादी और टैंकर माफिया को लेकर दिल्ली की आप सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए बुधवार को पूछा कि इस समस्या से निपटने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली में लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार से कहा कि यदि वह टैंकर माफिया से नहीं निपट सकती तो वह शहर की पुलिस से टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने को कहेगी। न्यायालय ने कहा कि यदि उसी पानी को टैंकर के माध्यम से पहुंचाया जा सकता है, तो उसे पाइपलाइन के माध्यम से क्यों नहीं उपलब्ध कराया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कानून हो सकते हैं तो पानी की बर्बादी रोकने के लिए कानून क्यों नहीं हो सकते। पीठ ने कहा-यदि हिमाचल प्रदेश से पानी आ रहा है तो दिल्ली में कहां जा रहा है? यहां इतनी चोरी हो रही है, टैंकर माफिया काम कर रहे हैं। क्या आपने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई की है? यदि आप कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो हम इस मामले को दिल्ली पुलिस को सौंप देंगे। लोग परेशान हैं। टैंकर से वही पानी आ रहा है लेकिन पाइपलाइन में पानी नहीं है। इसने मौखिक रूप से कहा-हर चैनल पर तस्वीरें देख रहे हैं कि दिल्ली में टैंकर माफिया काम कर रहा है। आपने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं? हलफनामे से पता चलता है कि ये मामले 2018, 2019 और 2021 में भी सामने आए हैं। हर बार यह अदालत कहती है कि हम ऐसा नहीं कर सकते, यह काम यमुना जल बोर्ड (ऊपरी यमुना नदी बोर्ड-यूवाईआरबी) द्वारा किया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा-यदि यह समस्या बार-बार आती है तो आपने दोनों बैराज से आने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए क्या उपाय किए हैं? कृपया हमें बताएं कि आपने टैंकर माफियाओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है या कोई प्राथमिकी दर्ज की है।

## फीजिक्स वाला ने नीट-यूजी में कृपांक दिए जाने को शीर्ष अदालत में दी चुनौती

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फीजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे ने मेडिकल शिक्षा से जुड़े विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विवादित परीक्षा नीट-पीजी 2024 में शामिल होने वाले 1,500 से अधिक उम्मीदवारों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा कथित तौर पर बेतरतीब ढंग से कृपांक दिए जाने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्त्तम न्यायालय ने मंगलवार को कहा था कि राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024 की शुचिता प्रभावित हुई है। न्यायालय ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से जवाब मांगा है।

## मप्र में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत, कई अन्य अस्पताल में भर्ती

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले के फूप कस्बे में पिछले दो दिनों में कथित तौर पर दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और कुछ अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सोमवार सुबह से क्षेत्र के मुख्य रूप से नगर निगम के तीन वार्डों से जल जनित संक्रमण की सूचना मिली, इसके बाद उल्टी और दस्त से पीड़ित रोगियों की संख्या 84 हो गयी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि के चलते एक शिविर स्थापित किया है।

# प्रधानमंत्री ने रियासी आतंकी हमले पर क्यों साध रखी है चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा मोदी को हमले की निंदा करने का नहीं मिला समय



कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकी हमले का हवाला देते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की नया कश्मीर नीति के विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस हमले की निंदा करने का समय नहीं मिला और उन्होंने चुप्पी साध रखी है।

पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमले की साजिश करने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, बधाई संदेशों का जवाब देने में व्यस्त नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर में निर्ममता से मौत के घाट उतार दिये गए श्रद्धालुओं के परिवारों की चीखें तक नहीं सुनाई दे रही हैं। रियासी, कठुआ और डोडा में पिछले 3 दिनों में 3 अलग-अलग आतंकी घटनाएं हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री अब भी जश्न में मग्न हैं। राहुल गांधी ने कहा-देश जवाब मांग रहा है-आखिर भाजपा सरकार में आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले पकड़े क्यों नहीं जाते? कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक बयान में आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की झूठे ही सीना ठोकने की वजह से राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा-पिछले तीन दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की बाढ़ आ गई है, जबकि पीएम मोदी पाकिस्तानी नेताओं-नवाज शरीफ और शाहबाज शरीफ के बधाई ट्वीट्स (एक्स पर पोस्ट) पर जवाबी पोस्ट करने में व्यस्त हैं। उन्होंने नृशंस आतंकी हमलों पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोला? उन्होंने चुप्पी क्यों साध रखी है? उन्होंने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के भाजपा के बड़बोलेपन और खोखले दावों की पूरी तरह से पोल खुल गई है। खेड़ा ने आरोप लगाया, यह तथ्य कि भाजपा ने कश्मीर घाटी में चुनाव लड़ने की भी जहमत नहीं उठाई, इस बात का प्रमाण है कि उनकी नया कश्मीर नीति पूरी तरह विफल रही है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया, क्या यह सच नहीं है कि पिछले 2 वर्षों में पीर पंजाल रेंज - राजौरी और पुंछ, अब सीमा पार आतंकवाद का गढ़ बन गया है और पिछले दो वर्षों में इन इलाकों में हुए आतंकी हमलों में 35 से ज्यादा जवान शहीद हो चुके हैं।



# इंग्लैंड के अरमानों पर बारिश का पहरा

इंग्लैंड vs ओमान
रात 12 :30 बजे

नॉर्थ साउंड, एजेंसी



अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब इंग्लैंड के अरमानों पर ओमान के खिलाफ यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बारिश पानी फेर सकती है। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड को सुपर 8 में जगह बनाने के लिए ग्रुप बी के अपने बाकी बचे दोनों मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसका दो मैच में केवल एक अंक है जो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ बारिश के कारण मैच नहीं हो पाने के कारण मिला था।

जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम के लिए खबर अच्छी नहीं है क्योंकि मौसम विभाग ने ओमान के खिलाफ मैच के दिन बारिश की संभावना व्यक्त की है। इंग्लैंड को ओमान के बाद अपना आखिरी लीग मैच इसी मैदान पर नामीबिया के खिलाफ खेलना है। इन दोनों मैच में जीत के बावजूद भी इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच होने वाले मैच में अनुकूल परिणाम के लिए दुआ करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया लगातार तीन मैच में जीत से सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुका है। स्कॉटलैंड तीन मैच में पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर है और अगर वह अपने अंतिम मैच में ऑस्ट्रेलिया को हरा देता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह सुपर 8 में जगह बना देगा। इसलिए इंग्लैंड इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत की दुआ करेगा। जहां तक ओमान का सवाल है तो उसने अभी तक अपने तीनों मैच गंवाए हैं और वह अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। यह मैच भारतीय समयानुसार शुक्रवार रात 12.30 बजे से होगा।

# उम्मीदें जिंदा रखने के लिए भिड़ेंगे बांग्लादेश और नीदरलैंड

किंग्सटाउन, एजेंसी

मैच : रात 8 :00 बजे



बांग्लादेश और न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाने के लिए गुरुवार को यहां एक दूसरे का सामना करेंगे। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी से शीर्ष पर रहकर पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है।

बांग्लादेश इस ग्रुप में अभी दूसरे स्थान पर है। उसके और नीदरलैंड के समान दो दो अंक हैं। बांग्लादेश की टीम हालांकि बेहतर नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान पर है। नेपाल और श्रीलंका के एक-एक अंक हैं लेकिन उनके पास भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में जगह बनाने का मौका है। बांग्लादेश ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को दो विकेट से हराया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसके बल्लेबाज अपेक्षाकृत छोटा लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे थे और उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा था। नीदरलैंड की टीम भी पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका से हार गई थी और वह भी वापसी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा।



# करो या मरो मैच में न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से

टरूबा, एजेंसी


मैच : सुबह 6 :00 बजे

न्यूजीलैंड को अगर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मेजबान वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले करो या मरो मैच में बेहतर प्रदर्शन करके हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे और उसकी पूरी टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आउट हो गई जिससे उसे 84 रन से हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया और वह ग्रुप सी में सबसे निचले स्थान पर है। केन विलियमसन की अगुवाई वाली टीम को अब उस प्रदर्शन को भूलकर वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा खेल दिखाना होगा। वहीं, वेस्टइंडीज के साथ ऐसी कोई दिक्कत नहीं है और लगातार तीसरी जीत से वह सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर लेगा। पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ वेस्टइंडीज को आसान जीत नहीं मिली लेकिन पिछले मैच में युगांडा को उसने 39 रन पर आउट करके 134 रन की बड़ी जीत दर्ज की थी। यह मुकाबाला भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे से शुरू होगा।

## खेल डायरी

### पूर्व फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का निधन



**कोच्चि।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर और कोच टी के चथुन्नी का बुधवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से कैंसर से पीड़ित थे। चथुन्नी को रक्षापंक्ति में कुशल खिलाड़ी माना जाता था। उन्होंने संतोष ट्रॉफी में केरल और गोवा का प्रतिनिधित्व किया। खेल से संन्यास लेने के बाद वह कोच बन गए और अगले 40 वर्ष तक भारतीय फुटबॉल में अपनी अमिट छाप छोड़ी। चथुन्नी कई टीमों के कोच रहे जिनमें मोहन बागान, डेंपो गोवा और एफसी कोचीन भी शामिल हैं। वह 1979 में केरल की संतोष ट्रॉफी टीम के कोच भी रहे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीसन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### 2027 तक मुंबई सिटी एफसी में बने रहेंगे वालपुइया



**मुंबई।** वालपुइया के नाम से पहचाने जाने वाले हमिंगथनमाविया राल्ते ने मुंबई सिटी एफसी के साथ अपना अनुबंध 2027 सत्र तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को मिजोरम के इस खिलाड़ी को टीम का अहम सदस्य करार दिया। वह इस टीम से ऐतिहासिक रहे 2020-21 सत्र में जुड़े थे। मुंबई सिटी एफसी ने इस साल आईएसएल शील्ड और खिताब जीता था। वालपुइया को मुंबई सिटी एफसी ने 2022-23 सत्र में राउंडग्लास पंजाब को उधार दिया था। उनके अहम योगदान से राउंडग्लास पंजाब आई-लीग से आईएसएल में प्रमोट होने में सफल रहा। मुंबई सिटी एफसी के लिए 23 मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने कहा क्लब ने एक व्यक्ति और एक खिलाड़ी दोनों के रूप में मेरे विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टीम के सहयोगी सदस्यों, साथी खिलाड़ियों और सभी कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में लगातार मदद की है और मेरी क्षमताओं पर अटूट भरोसा दिखाया है।

### साथ आए वर्ल्ड एथलेटिक्स और टाटा कम्युनिकेशंस

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने बुधवार को टाटा कम्युनिकेशंस के साथ पांच साल का वैश्विक प्रसारण सेवा समझौता किया जिससे भारतीय दूरसंचार कंपनी अगले साल से तोक्यो विश्व चैंपियनशिप सहित एथलेटिक्स की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं की कवरेज में भागीदार बन जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने एक बयान में कहा कि टाटा कम्युनिकेशंस नवाचार और दर्शकों की भागीदारी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन के लिए एक प्रमुख रणनीतिक आपूर्तिकर्ता होगा। वर्ष 2025 में मार्च में नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप, मई में ग्वांग्झू में विश्व एथलेटिक्स रिले और सितंबर में सेन डिएगो में विश्व एथलेटिक्स रोड रनिंग चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट शामिल हैं। द्विवार्षिक विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स सीरीज के टूर्नामेंटों के मेजबान प्रसारक के रूप में टाटा कम्युनिकेशंस कवरेज तैयार करने और महाद्वीपों में अनुकूलित, विश्व स्तरीय लाइव सामग्री वितरित करने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगे नडाल और अलकराज



**मैड्रिड।** राफेल नडाल और कार्लोस अलकराज पेरिस ओलंपिक में स्पेन के लिए युगल मुकाबले खेलेंगे। यह जानकारी स्पेन की टेनिस महासंघ ने बुधवार को दी। अलकराज ने रविवार को फ्रेंच ओपन जीता था जो इस 21 साल के खिलाड़ी का तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस खेल के सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल 38 साल के नडाल के पास पहले से ही 22 ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ एकल (2008) और युगल (2016 में मार्क लोपेज के साथ) में ओलंपिक स्वर्ण पदक हैं।

# भारत मैच जीता, अमेरिका ने जीते दिल

## 19वें ओवर में भारत ने अमेरिका को 7 विकेट से हराया, सूर्यकुमार ने जड़ा अर्धशतक

न्यूयॉर्क, एजेंसी



अर्शदीप के नौ रन पर चार विकेट के बाद सूर्यकुमार यादव नाबाद (50) और शिवम दुबे नाबाद (31) रनों की जुझारु पारियों के दम पर भारत ने बुधवार को टी-20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में अमेरिका को सात विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंच गया, लेकिन अमेरिका की टीम एक समय टीम इंडिया पर भारी पड़ती नजर आई।

111 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। भारत ने 15 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये थे। विराट कोहली (शून्य) रोहित शर्मा (3) रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को सौरभ नेत्रवलकर ने आउट किया। आठवें ओवर में तीसरे विकेट के रूप में ऋषभ पंत (18) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 49 गेंदों में नाबाद 50 रनों की पारी खेली। वहीं शिवम दुबे ने नाबाद 31 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिये 67 रनों की साझेदारी हुई। भारत ने 18.2 ओवर में तीन विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया।

इससे पहले नितीश कुमार (27) और स्टीवन टेलर (24) की पारियों के दम पर अमेरिका ने भारत को जीत के लिए 111 रनों का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओर में तीन रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। शयन जहांगीर (शून्य), ऐंड्रियस गौस (2) अर्शदीप का शिकार बने। स्टीवन टेलर और कप्तान ऐरन जोंस ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में हार्दिक पांड्या ने ऐरन जोंस (11) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। नितीश कुमार ने 23 गेंदों में सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। कोरी एंडरसन (15), हरमीत सिंह (10) और जसदीप (2) रन बनाकर आउट हुए। शैडली वान शाल्कविक (11) रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका ने आठ विकेट पर 110 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप ने नौ रन देकर चार विकेट लिए। हार्दिक ने दो और अक्षर को एक विकेट मिला।

### स्कोर बोर्ड

| अमेरिका 110/8 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शायन जहांगीर पगबाधा अर्शदीप | 0 | 0 | 0/0 |
| स्टीवन टेलर बोल्ड अक्षर | 24 | 30 | 0/2 |
| एंड्रीज गॉज कैच हार्दिक बो अर्शदीप | 2 | 5 | 0/0 |
| अरोन जोन्स कैच सिराज बो हार्दिक | 11 | 22 | 0/1 |
| नीतिश कुमार कैच सिराज बो अर्शदीप | 27 | 23 | 2/1 |
| कॉरी एंडरसन कैच पंत बो हार्दिक | 14 | 12 | 1/1 |
| हरमीत सिंह कैच पंत बो अर्शदीप | 10 | 10 | 0/1 |
| शैडली वैन नाबाद | 11 | 10 | 1/0 |
| जसदीप सिंह रनआउट (पंत/सिराज) | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : अर्शदीप सिंह 4-0-9-4, सिराज 4-0-25-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-25-0, हार्दिक 4-0-14-2, शिवम दुबे 1-0-11-0, अक्षर पटेल 3-0-24-1

| भारत 111/3 (18.2 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कै हरमीत बो सौरभ | 3 | 6 | 0/0 |
| विराट कोहली कैच एंड्रीज बो सौरभ | 0 | 1 | 0/0 |
| ऋषभ पंत बोल्ड अली खान | 18 | 20 | 1/1 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 50 | 49 | 2/2 |
| शिवम दुबे नाबाद | 31 | 35 | 1/1 |

अतिरिक्त : 9, गेंदबाजी : सौरभ 4-0-18-2, अली खान 3.2-0-21-1, जसदीप सिंह 4-0-24-0, शैडली वैन 4-0-25-2, एंडरसन 3-0-17-0

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.309 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 1 | -1.800 | 1 |
| ओमान (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.613 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान | 2 | 2 | 0 | 4 | 5.225 | 0 |
| वेस्टइंडीज | 2 | 2 | 0 | 4 | 3.574 | 0 |
| युगांडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 0 | 1 | 0 | -4.200 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.075 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.024 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |



# नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया सुपर आठ में


नॉर्थ साउंड, एजेंसी



जीत के बाद प्रतिद्वंद्वी टीम को सराहते कप्तान मार्श और ट्रेविस हेड। ● एजेंसी

एडम जम्पा 12 रन पर चार विकेट के कहर के बाद डेविड वार्नर (20) और ट्रेविस हेड (34) की तूफानी पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के 24वें मुकाबले में महज 34 गेंदों में लक्ष्य हासिल सकते हुए नामीबिया को रिकार्ड नौ विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सुपर आठ में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसे सही साबित करते हुए उसके गेंदबाजों ने नामीबिया की पूरी टीम को 17 ओवर में महज 72 रन पर समेट दिया।

नामीबिया की ओर से कप्तान एरार्ड इरास्मस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए। माइकल वैन लिंगेन 10 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के कहर के आगे नामीबिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड और मार्कस स्टॉयनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नेथन एलिस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 73 रनों के छोटे लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में शुरुआत की। इसी दौरान दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर डेविड वीजा ने वॉर्नर को रुबेन ट्रंपलमन के हाथों कैच आउट करा दिया। वॉर्नर ने आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 20 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 17 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श नौ गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 5.4 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।



मैच रद होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करती नेपाल की टीम। ● एजेंसी

# बारिश के कारण श्रीलंका और नेपाल का मुकाबला हुआ रद

लॉडरहिल, एजेंसी

श्रीलंका और नेपाल के बीच होने वाला टी-20 विश्वकप का 23वां मैच बारिश के कारण रद कर दिया गया। बारिश के कारण मैच का टॉस भी नहीं हो सका।

अंपायरों ने भारी बारिश को देखते हुए मैच रद करने का निर्णय लेते हुए दोनों टीमों के बीच एक-एक अंक बांट दिए। रद हुए मैच के कारण श्रीलंका पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। श्रीलंका ग्रुप डी में तीन मैचों में दो हार एक रद के साथ अंक तालिका में एक अंक साथ सबसे निचले पायदान पर है। बारिश के कारण मैच रद होने से श्रीलंका सुपर-8 में प्रवेश मुश्किल हो गया। उसे अगले दौर में प्रवेश के लिए दूसरे देशों की टीम के मुकाबलों पर निर्भर रहना होगा।

# दूसरे दौर में पहुंचे एचएस प्रणय

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियन ओपन



भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय ने बुधवार को पुरुष एकल मुकाबले में ब्राजील के यगोर कोएलो को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 प्रतियोगिता में अपने राउंड ऑफ 32 मैच में दुनिया के 49वें नंबर के खिलाड़ी ब्राजील के यगोर कोएलो को 47 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेट में 21-10, 23-21 से हराया।

इस जीत के साथ भारत के शीर्ष शटलर प्रणय राउंड ऑफ 16 में दुनिया के 53वें नंबर के खिलाड़ी इजरायल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। जिल्बरमैन ने इससे पहले भारत के अभिषेक येलिगर को 21-9, 21-15 से हराया था। इस बीच किरण जॉर्ज ने शुरुआती दौर में कनाडा की शियाओडोंग शेंग को 21-17, 21-10 से हराया और अगले मैच में उनका मुकाबला जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा। मिथुन मंजूनाथ को इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-17, 21-17 से हार का स्वाद चखना पड़ा है। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने पहले दौर में यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को सीधे सेटों में 21-14, 21-11 से हराया।

आकर्षि का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू तेओह से मुकाबला होगा। वहीं हमवतन केयूरा मोपाती को 21-10, 21-18 से हराने वाली मालविका बंसोड़ इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त एस्टर ट्राई वार्डोयो से मुकाबला होगा। अनुपमा उपाध्याय ने भी मलेशिया की वोंग लिंग चोंग को 47 मिनट में चले मुकाबले में 21-14, 23-21 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उनका मुकाबला इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

# रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल ने आयरलैंड को हराया



**लिस्बन।** स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के अभ्यास मैच में आयरलैंड को 3-0 से पराजित करके अपनी तैयारी का सबूत पेश किया। पुर्तगाल की तरफ से जोआओ फेलिक्स ने पहला गोल किया। इसके बाद 39 वर्षीय रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। यूरोपीय चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल का सामना अगले मंगलवार को लीपजिग में चेक गणराज्य से होगा। इसके बाद वह ग्रुप एफ में तुर्की और जॉर्जिया से भी खेलेगा। रोनाल्डो पिछले सप्ताह फिनलैंड और क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैचों में नहीं खेले थे। आयरलैंड के खिलाफ रोनाल्डो के पास 22वें मिनट में फ्री किक पर गोल करने का मौका था लेकिन वह चूक गए। इसके बाद उन्होंने 50वें और 60वें मिनट में गोल किए।

### द. कोरिया से हारा चीन लेकिन विश्व कप की उम्मीदें कायम

**सियोल।** चीन ने दक्षिण कोरिया से 0-1 हारने के बावजूद 2026 में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अपनी उम्मीद जीवंत राखी। चीन विश्व कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में प्रवेश करने में सफल रहा क्योंकि थाईलैंड एक अन्य मैच में सिंगापुर को 3-1 से ही हरा पाया। थाईलैंड को आगे बढ़ने के लिए इस मैच में 3-0 से जीत की जरूरत थी। दक्षिण कोरिया एशियाई क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में शीर्ष पर रहा और इस तरह से उसने लगातार 11वीं बार विश्व कप में जगह बनाने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए।

# कतर के विवादास्पद गोल की जांच हो : एआईएफएफ

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मैच आयुक्त को शिकायत करके दोहा में विश्व कप क्वालीफाइंग के अपने महत्वपूर्ण मुकाबले में कतर को विवादास्पद गोल देने की जांच की मांग की है। एआईएफएफ के सूत्रों ने बताया कि उन्होंने गोल की गहन जांच की मांग है।

मंगलवार को जस्सिम बिन हमाद स्टेडियम में करो या मरो के मुकाबले में भारत की 1-2 की हार के दौरान रैफरी किम वू सुंग ने गोल को स्वीकृति दी थी जबकि इससे पहले ही गेंद खेल के मैदान से बाहर जा चुकी थी। इस गोल पर काफी विवाद हुआ क्योंकि इसने 2026 के टूर्नामेंट के लिए भारत को पहली बार फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में प्रवेश से वंचित कर दिया। मैच के 73वें मिनट में अब्दुल्लाह अलाहरक की फ्री किक पर यूसेफ आयमेन ने हेडर लगाने का प्रयास किया जिसे भारतीय कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने रोक दिया। गुरप्रीत हालांकि मैदान पर गिर गए और इस दौरान गेंद खेल के मैदान से बाहर चली गई। हाशमी हुसैन किक मारकर गेंद को दोबारा खेल के मैदान में ले आए और आयमेन ने गोल कर दिया। गेंद के खेल के मैदान से बाहर जाने के कारण खेल रोका जाना चाहिए था।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो, एजेंसी

- 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे चुनाव

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव व्यक्तिगत हार-जीत के बजाय द्वीपीय राष्ट्र की सफलता और असफलता का निर्धारण करेंगे। बुधवार को मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। पिछले महीने श्रीलंका के चुनाव आयोग ने कहा था कि राष्ट्रपति चुनाव इसी साल 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जाएंगे।



बुधवार को नीति सुधार पर एक चर्चा के दौरान 75 वर्षीय विक्रमसिंघे ने कहा, आगामी चुनाव का परिणाम केवल मेरी व्यक्तिगत जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि यह चुनाव निर्धारित करेगा कि हमारा देश सफल होगा या विफल। जुलाई 2022 के मध्य से अपदस्थ राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे का शेष कार्यकाल पूरा कर रहे रानिल विक्रमसिंघे ने फिर से चुनाव कराने को लेकर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने उनके बयान को दिखाया, जिसमें उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे देश की प्रगति के लिए सबसे प्रभावी प्रणाली को चुनने का है।

## अमेरिका ने रूस पर लगाए और प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस पर लगे प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाते हुए 300 से अधिक नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिनका मकसद चीन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की समेत विभिन्न देशों के व्यक्तियों व कंपनियों को रूस की सहायता करने से रोकना है। अमेरिका ने यह कदम इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन से पहले उठाया है, जिसमें यूक्रेन के लिए समर्थन बढ़ाना और रूस की युद्ध मशीनरी को खत्म करना शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

बुधवार को लगाए गए प्रतिबंधों में उन चीनी कंपनियों को निशाना बनाया गया है, जो युद्ध में रूस की मदद कर रही हैं। अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से चार हजार रूसी कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा चुका है, जिसका मकसद रूस को मिलने वाले धन और हथियारों पर रोक लगाना है।

# गधों के सहारे पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था

### घोड़े और खच्चरों की संख्या में खास बदलाव नहीं

बोझ ढोने वाले जानवरों की संख्या 2019-2020 में 55 लाख थी। यह संख्या 2020-21 में 56 लाख, 2021-22 में 57 लाख और 2022-23 में 58 लाख थी, जबकि 2023-24 में यह बढ़कर 59 लाख हो गई है। इसमें कहा गया है कि घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है, तथा यह क्रमशः चार लाख और दो लाख है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढ़कर 12 लाख हो गई है।



इस्लामाबाद, एजेंसी। कृषि प्रधान देश पाकिस्तान में पशुधन पर जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान देश में गधों की संख्या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख हो गयी है। मंगलवार को पाकिस्तान आर्थिक सर्वेक्षण (पीईएस) 2023-24 जारी किया गया जिसमें मौजूदा वित्तीय वर्ष में प्रमुख आर्थिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है।

### मीट और दवाओं के लिए होता है उपयोग

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गधे की कीमत एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति किलो के बीच है। गधे की खाल से शक्तिवर्धक और ब्यूटी केयर से संबंधित दवाएं चीन में बनाई जाती हैं। इसीलिए पाकिस्तान से गधों का सबसे बड़ा आयातक चीन है।

### हर साल सदाबहार मित्र को बेचता है पांच लाख गधे

पाकिस्तान हर साल पांच लाख गधे चीन को बेचता है। पाकिस्तान की सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का अधिक से अधिक निर्यात करने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत के ओंकारा जिले में 3000 एकड़ से ज्यादा का एक फार्म का भी निर्माण कराया है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी चीन में

पाकिस्तान दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी गधों की आबादी वाला देश है। वो अपने सदाबहार मित्र चीन को गधों का निर्यात करके लाखों कमाने की योजना पर काम कर रहा है। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन इन दोनों देशों पर प्रतिबंध लगने के बाद चीन पाकिस्तान से गंधे मंगा रहा है।

(अमृत विचार न्यूज डेस्क)

## एक नजर

### कांगो में नाव डूबने से 86 लोगों की मौत

**किंशासा।** पश्चिमी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में सोमवार देर रात एक नदी में नाव डूबने से 21 बच्चों सहित कम से कम 86 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब 11 बजे लेदिबा गांव के पास हुआ। नाव मुशी शहर से डीआरसी की राजधानी किंशासा जा रही थी। सूत्रों ने कहा कि अब तक 185 लोगों को बचाया गया है एवं मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

### जॉर्जिया में गोलीबारी चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा के पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। मेयर आंद्रे डिकेंस ने यहां अपने बयान में कहा, पीचट्री सेंटर फूड कोर्ट में चार लोगों को गोली मारे जाने के बाद इमारत को अब बंद कर दिया गया है। मैं चीफ के साथ सार्वजनिक सुरक्षा मुख्यालय में हूं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अटलांटा पुलिस विभाग ने एक्स पर लिखा कि अधिकारी 235 पीचट्री स्ट्रीट एनडब्ल्यू में हुयी गोलीबारी की जांच में जुटे हैं, जिसमें कई लोग मारे गये।

### फ्रांसीसी गायिका हार्डी का निधन

**पेरिस।** फ्रांस की गायिका और अभिनेत्री फ्रेंकोइस हार्डी का निधन हो गया है। वह 80 वर्ष की थीं। हार्डी के बेटे, गायक और गिटारवादक थॉमस ड्यूट्रोनक ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। ड्यूट्रोनक ने मंगलवार को कहा, माँ चली गई और युवा हार्डी के साथ एक तस्वीर पोस्ट की। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने मंगलवार को गायिका के रिश्तेदारों का हवाला देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से लिंफोमा से लड़ रही थीं और 2019 में उन्होंने घोषणा की कि उन्हें एक नए कैंसर का पता चला है। हार्डी ने 2024 में घोषणा की कि वह फिर कभी नहीं गा सकेंगी।

### हंगरी के प्रधानमंत्री से मिलेंगे नाटो प्रमुख

**मॉस्को।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग बुधवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है।

# उत्तरी इजरायल में 160 रॉकेट दागे गए : सेना

## पूर्व में इजरायली हमलों में मारे गए थे हिजबुल्लाह के चार सदस्य

यरूशलम, एजेंसी

- अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर जाकर गिरे
- गोलाबारी के जवाब में इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया



इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तरी इजरायल में लेबनान की ओर से लगभग 160 रॉकेट दागे गए। यह हमला बुधवार सुबह इजरायली हवाई हमलों के बाद हुआ, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित हिजबुल्लाह के चार सदस्य मारे गए। सात अक्टूबर, 2023 को इज़राइल-हमास संघर्ष के नए दौर की शुरुआत के बाद इस गोलीबारी ने इजरायल पर लेबनान आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े रॉकेट हमले को चिह्नित किया।

सेना ने कहा कि सुबह लगभग 90 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई जिसे लेबनान की ओर से दागा गया। राष्ट्रीय अग्निशमन एवं बचाव प्राधिकरण ने कहा कि रॉकेटों से कई इलाकों में आग लग गई। बाद में सुबह में, ऊपरी गैलिली क्षेत्र में पश्चिमी गैलिली और माउंट मेरोन की ओर लगभग 70 रॉकेट दागे गए, जहां एक प्रमुख हवाई रक्षा नियंत्रण इकाई स्थित है। सेना ने कहा कि कई प्रक्षेपास्त्रों को रोक दिया गया। उनमें से अधिकांश खुले क्षेत्रों में गिरे और कई उत्तरी इजराइल में कई स्थानों पर गिरे। सेना ने कहा कि विवरण की जांच की जा रही है। अब तक, इजरायल की ओर से किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। नवीनतम गोलाबारी के जवाब में, इजरायली विमानों ने यारौन के क्षेत्र में लांचर को मार गिराया। ऊपरी गैलिली क्षेत्रीय परिषद ने निवासियों से अतिरिक्त गोलीबारी का हवाला देते हुए बाहरी गतिविधियों को केवल आवश्यक कार्यों तक सीमित करने का आह्वान किया।

### प्रस्तावित समझौते को हमास ने किया खारिज

**मॉस्को।** फिलीस्तीनी आंदोलन हमास ने बंधकों को मुक्त करने के अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रस्तावित समझौते को खारिज कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को एक इजरायली अधिकारी के हवाले यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमास ने बाइडेन के प्रस्ताव के मुख्य मापदंडों को बदल दिया है।

## कांगो की पहली महिला प्रधानमंत्री ने शपथ ली

**किंशासा।** जूडिथ सुमिनवा तुलुका ने बुधवार को डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की पहली महिला प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। तुलुका ने अपने बयान में कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने वाली पहली कांगो महिला प्रधानमंत्री बनने पर गर्व है। उन्होंने कहा, यह पद ग्रहण कर मैं इस क्षण के ऐतिहासिक महत्व से पूरी तरह अवगत हूं। मुझे अपने ऊपर जिम्मेदारी का भार और गणतंत्र के भीतर प्रतिनिधित्व करने के विचार पर अत्यधिक गर्व महसूस हो रहा है।

# नोबेल पुरस्कार विजेता पर आरोप तय

ढाका, एजेंसी

- 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन का मामला

बांग्लादेश में एक विशेष न्यायाधीश की अदालत ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि के गबन मामले में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस और 13 अन्य पर बुधवार को आरोप तय किये। गरीब लोगों, विशेष रूप से महिलाओं की मदद करने के लिए सूक्ष्म ऋण की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित 83 वर्षीय यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया। फिलहाल यूनुस जमानत पर बाहर हैं।



उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अधिकारी उन्हें और उनके अन्य सहयोगियों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी भ्रष्टाचार में शामिल होने से इनकार किया। ढाका के विशेष न्यायाधीश सैयद अराफात हुसैन ने खचाखच भरी अदालत में यूनुस के गैर-लाभकारी ग्रामीण टेलीकॉम पर लगे आरोपों को हटाने संबंधी याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने यूनुस और अन्य लोगों पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से करीब 20 लाख अमेरिकी डॉलर का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण टेलीकॉम देश की सबसे बड़ी मोबाइल फोन कंपनी ग्रामीणफोन की 34.2 प्रतिशत हिस्सेदार है। ग्रामीणफोन नॉर्वे की दूरसंचार दिग्गज टेलीनॉर की सहायक कंपनी है। कंपनी पर धन शोधन का भी आरोप है।न्यायाधीश हुसैन ने कहा कि अभियोजन पक्ष पहले ही अपनी दलीलों को साबित कर चुका है, जिसमें पैसों को अवैध रूप से विदेश भेजने के आरोप भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुकदमे पर सुनवाई 15 जुलाई से शुरू होगी। यूनुस को जनवरी में श्रम कानूनों के उल्लंघन के एक अलग आरोप में छह महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

# यूक्रेन को मिलेगी एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली

वाशिंगटन, एजेंसी

रूस के शक्तिशाली हमलों से जूझ रहे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में जवाबी हमलों के लिए हवाई सुरक्षा संबंधी मदद मांग रहे यूक्रेन को अमेरिका एक और पैट्रियट मिसाइल प्रणाली देगा। दो अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली यह दूसरी पैट्रियट प्रणाली होगी। इस निर्णय की हालांकि सार्वजनिक रूप से घोषणा नहीं की गई है। इस निर्णय के बारे में सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने खबर दी है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पिछले महीने के अंत में अमेरिका से पैट्रियट प्रणाली मांगी थी। मिसाइल प्रणाली भेजने का यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों के रक्षा विभाग से जुड़े नेता यूक्रेन की सुरक्षा आवश्यकताओं पर अपनी मासिक बैठक की तैयारी में जुटे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन गुरुवार को ब्रसेल्स में बैठक की मेजबानी करेंगे।

### अमेरिका, यूक्रेन के राष्ट्रपति करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की इस सप्ताह के अंत में इटली के अपुलिया में 13 से 15 जून तक होने वाले जी 7 शिखर सम्मेलन से इतर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बैठक में गुरुवार को राष्ट्रपति बाइडेन और राष्ट्रपति जेलेंस्की यूक्रेन के वर्तमान और भविष्य के लिए अमेरिका के समर्थन पर चर्चा करेंगे। बाइडेन ने यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब डॉलर के नए वित्तपोषण के लिए एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे।

# नाथन लॉ सहित छह विदेशी कार्यकर्ताओं का पासपोर्ट रद

हांगकांग, एजेंसी

- हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की कार्रवाई

हांगकांग सरकार ने बुधवार को नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत विदेश स्थित छह कार्यकर्ताओं के पासपोर्ट रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही देश छोड़कर गए असंतुष्टों पर कार्रवाई तेज हो गई है। इससे प्रभावित होने वालों में लोकतंत्र समर्थक नाथन लॉ, श्रमिक नेता मुंग सिउ-टैट और कार्यकर्ता साइमन चेंग, फिन लाउ, जॉनी फॉक और टोनी चोई शामिल हैं। अधिकारियों ने सभी पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया है।



सरकार ने कहा कि वे ब्रिटेन भाग गए हैं। पिछले साल पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए उनके बारे में सूचना देने वाले को 128,000 अमेरिकी डॉलर का इनाम देने की घोषणा की थी, जिसकी पश्चिमी देशों की सरकारों ने तीखी आलोचना की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार अधिकारियों ने अन्य प्रतिबंधों के अलावा किसी को भी इन छह लोगों को धन या आर्थिक संसाधन प्रदान करने, उन्हें संपत्ति पट्टे पर देने या उनके साथ कोई संयुक्त उद्यम शुरू करने पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सरकार से बातचीत को तैयार इमरान

इस्लामाबाद, एजेंसी

- जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष ने अपना विचार बदला

अपने पुराने रुख से पीछे हटते हुए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। इससे पहले उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के साथ बातचीत से इनकार कर दिया था। जेल में बंद इमरान का विचार उस समय बदला जब देश के भ्रष्टाचार कानूनों में बदलाव के मामले की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को सरकार से बातचीत शुरू करनी चाहिए और संसद में बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को सुलझाना चाहिए। पीटीआई इमरान की पार्टी है। इमरान अभी अडियाला जेल में बंद हैं।



पीटीआई नेता गौहर अली खान ने जेल के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंगलवार को कहा कि इमरान खान ने सरकार से बातचीत के लिए हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू में अपने सहयोगियों को विश्वास में लेगी, लेकिन इस मुद्दे पर अकेले भी आगे बढ़ सकती है। गौहर ने कहा, हमने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक (इमरान) से कहा कि बातचीत जरूरी है, क्योंकि दूरियां बढ़ रही हैं। वह इस पर हमसे सहमत थे।

### पाकिस्तानी यूट्यूबर को हिरासत में लिया गया

**लाहौर।** पाकिस्तान के लोकप्रिय यूट्यूबर और टेलीविजन एंकर इमरान रियाज खान को बुधवार को यहां लाहौर हवाई अड्डे पर खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों ने कथित तौर पर हिरासत में ले लिया। उनके वकील ने यह दावा किया। रियाज को सेना का मुखर आलोचक माना जाता है। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक रियाज हज की खातिर सऊदी अरब रवाना होने के लिए सुबह लाहौर हवाई अड्डे पर पहुंचे। रियाज के वकील एडवोकेट अजहर सिद्दीकी के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने उनका अपहरण कर लिया, जिनके साथ पुलिसकर्मी भी थे। उन्होंने कहा कि खान ने अपने अपहरण का विरोध भी किया था, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

# हज यात्रा के लिए 15 लाख से अधिक मुसलमान पहुंचे मक्का

मक्का, एजेंसी

- 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज यात्रा की थी

इस सप्ताह के आखिर में शुरू हो रही हज यात्रा से पहले हज जायरीन बड़ी संख्या में सऊदी अरब के मक्का पहुंचे हैं। सऊदी अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार तक 15 लाख से अधिक विदेशी हज जायरीन देश में पहुंच चुके हैं, जिनमें से अधिकतर दुनिया भर के अलग-अलग देशों से हवाई मार्ग से यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर शुरू हो रहे हज के लिए और भी लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, सऊदी अरब में रहने वाले हजारों मुसलमान और अन्य लोग भी हज में शामिल होंगे।

सऊदी अधिकारियों ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल हज यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या 2023 से ज्यादा होगी। उन्होंने बताया कि 2023 में 18 लाख से ज्यादा लोगों ने हज किया था जबकि कोविड वैश्विक महामारी से पहले, 2019 में 24 लाख से ज्यादा मुसलमानों ने हज किया था। फलस्तीनी मंत्रालय के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में मक्का पहुंचने वाले हज जायरीनों में 4,200 फलस्तीनी लोग भी शामिल हैं। मक्का की विशाल मस्जिद में मंगलवार को हज जायरीनों की भारी भीड़ दिखाई और उन्होंने काबा के चारों ओर सात बार घूमकर एक अनुष्ठान पूरा किया।

## बॉलीवुड हलचल

### निरहुआ-आम्रपाली का गाना फसल में जान बसल रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और देसी क्वीन आम्रपाली दुबे की भोजपुरी फिल्म फसल का गाना फसल में जान बसल वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। फसल में जान बसल गाना देसी अंदाज में खेतों में हल चला रहे किसान साथियों के साथ निरहुआ और आम्रपाली पर फिल्माया गया है। इस गाने में जहां किसान के लुक में दिनेशलाल यादव निरहुआ सबका ध्यान अपनी ओर खींच रहे हैं तो वहीं ग्रामीण औरत के देसी लुक में आम्रपाली दुबे अपनी अदा का बिजली गिरा रही हैं। इस गाने को सिंगर कल्पना पटवारी और आलोक कुमार ने गाया है वहीं इसका संगीत ओम झा ने दिया है। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फ़िल्म फसल के निर्माता प्रेम राय हैं, जबकि निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। फ़िल्म फसल की कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि पटकथा एवं संवाद राकेश त्रिपाठी एवं पराग पाटिल ने लिखा है। फ़िल्म के गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव , विमल बावरा एवं विजय चौहान ने लिखे हैं जिन्हें ओम झा एवं आर्या शर्मा ने संगीतबद्ध किया है।

### अजय फिर मचायेंगे धमाल



**मुबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन अपनी सुपरहिट फिल्म धमाल के चौथे संस्करण में काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड के जानेमने निर्देशक इंद्र कुमार ने वर्ष 2007 मे सुपरहिट फिल्म धमाल बनायी, जिसमें अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी। इंद्र कुमार ने इसके बाद वर्ष 2011 मे डबल धमाल और वर्ष 2019 में टोटल धमाल बनायी। टोटल धमाल में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी ने अहम भूमिका निभायी। अब इंद्र कुमार धमाल 4 लाने की तैयार कर रहे हैं, इसके लिए उन्होंने स्टारकास्ट भी फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि धमाल 4 को भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे। धमाल 4 में अजय देवगन, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित, रितेश देशमुख, अरशद वारसी और जावेद जाफरी धमाल नजर आयेंगे।यह फिल्म इसी साल के अंत में फ्लोर पर आएगी। फिल्म की तैयारियों का काम जोरों पर चल रहा है।

### फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन की आने वाली फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पश्मीना रौशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में पश्मीना रोशन के अलावा रोहित शराफ, जिबरान खान और नैला ग्रेवाल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इश्क विश्क रिबाउंड फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा है। इश्क विश्क रिबाउंड वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्व विश्क का सीक्वल है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ अमृता राव मुख्य भूमिका में थीं। शाहिद और अमृता राव की यह पहली फिल्म थी। ट्रेलर में दोस्तों की कहानी दिखाई गई है, जिनके बीच लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा।

## खगोल विज्ञान

### विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की

# तारों के विकास को प्रभावित करता है ब्लैक होल

अमृत विचार, नैनीताल


- खतरनाक होते हैं आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट
- अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया

आकाशगंगाओं के विकास को प्रभावित करने में सक्रिय ब्लैक होल अहम रोल अदा करते हैं। यह तारों को नष्ट करने के अलावा उनके विकास में भी सहायक होते हैं। विस्कॉन्सिन मैडिसन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार यह खोज की है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार आकाशगंगा के केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल के विकिरण विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो दस हजार मील प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ते हैं और अपने पड़ोसी तारों को छिन्न भिन्न कर जाते हैं या फिर बन रहे तारों के विकास में योगदान कर जाते हैं। इस घटना में बड़ा लाभ आकाशगंगा को मिलता है। जिसमें उसका विकास आगे बढ़ता है। यह एक ऐसी खोज है, जो इस बात पर प्रकाश डालने में मदद करती है कि कैसे सक्रिय ब्लैक होल लगातार नए सितारों के विकास को गति देकर या समाप्त करके अपनी आकाशगंगाओं को आकार दे सकते हैं। खगोल विज्ञानी प्रो कैथरीन ग्रायर और रॉबर्ट व्हीटली के नेतृत्व में शोधकर्ताओं की टीम ने अरबों प्रकाश वर्ष दूर विशेष रूप से उज्ज्वल और अशांत प्रकार के ब्लैक होल के क्वासर से एकत्र किए गए वर्षों के डेटा का उपयोग करके त्वरित गैस का पता लगाया। तब इस रहस्य का पता चल पाया। अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में इस खोज का खुलासा किया गया।

### आकाशगंगाओं के बीच होते हैं ब्लैक होल

**नैनीताल :** वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक होल अधिकांश आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। क्वासर महाविशाल ब्लैक होल हैं जो ब्लैक होल की विशाल गुरुत्वाकर्षण शक्ति द्वारा खींचे जाने वाले पदार्थ की डिस्क से घिरे होते हैं। यह असीम शक्तिशाली होते हैं। जो अपने नजदीकी तारों को निगल जाने की ताकत रखते हैं।



ब्लैक होल से निकलते विकिरण की तस्वीर।